CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 14°C

मुरादाबाद, मंगलवार 4 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 80 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू में पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू पेज 2



टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: हरमनप्रीत कौर खेल टाइम्स



बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट सम्पादकीय



हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले रैकेट के मामले से जुड़े संदिग्ध बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, बिप्लब सरकार का नाम बिचौलिए इन्दुभूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया था। हलदर को विदेशियों को पैसे लेकर भारतीय पहचान पत्र, जैसे पासपोर्ट आदि मुहैया कराने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बिप्लब सरकार के परिजन भी इन अवैध करतूतों में लिप्त होने के संदेह के कारण जांच के दायरे में हैं। ईडी ने इन्दुभूषण हलदर उर्फ दुलाल को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन उर्फ आज़ाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आज़ाद से जुड़े मामले में हुई थी। हलदर को विचार भवन की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था।

### संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक का पदभार संभाला है। श्री गर्ग बीआईएस के महानिदेशक के साथ अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) में भारत की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे। श्री गर्ग के पास तीन दशकों से अधिक का व्यापक और अलग- अलग मंत्रालयों-विभागों में काम करने का प्रशासनिक अनुभव है। इसके साथ ही वह कृषि, खाद्य रसद, रक्षा उद्योग क्षेत्र, औद्योगिक संवर्धन, वित्त और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक योजना, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में काफी अनुभव रखते हैं। बीआईएस में महानिदेशक का पदभार संभालने से पहले श्री गर्ग कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) में अतिरिक्त सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में सचिव के रूप में कार्यरत थे।

### भारतीय शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

**मुंबई।** चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी क्वाइंट्रेयू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 फीसदी तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपये घटा है। स्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन- अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46 फीसदी गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है।

# उत्तराखंड ने हासिल किए विकास के प्रभावशाली लक्ष्य: मुर्मू

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों व सभी राज्यवासियों को बधाई दी और कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, जनता की आकांक्षा के अनुरूप बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से नवम्बर 2000 में इस राज्य की स्थापना हुई। विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास सूचकांक में सुधार हुआ है। राज्य में साक्षरता दर बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है और मातृ एवं शिशु मृत्यु -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: सेवा, संवेदना और समर्पण से रचिए विकास की नई गाथा, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा, कहा: जनता के प्रति उत्तरदायी बने रहना संसदीय प्रणाली की शक्ति भी और चुनौती भी**



# आईसीएआई सीए सितम्बर रिजल्ट जारी

- **11,466 कैंडिडेट्स सीए के लिए क्वालिफाई**
- **फाउंडेशन परीक्षा में एल.राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी व फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने**

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया यानी 'सीए' ने सितम्बर सेशन के फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। सीए ने निर्धारित समय से पहले रिजल्ट जारी किए हैं।

फाउंडेशन परीक्षा में एल. राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी और फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने हैं। इस बार देशभर के 2.5 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने ये परीक्षा दी थी। फाउंडेशन परीक्षा में कुल 98,827 कैंडिडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 14,609 पास हुए। चेन्नई -शेष पृष्ठ दो पर

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

## सुप्रीम कोर्ट बोला: हम आदेश करेंगे जारी, अदालत ने दी मुख्य सचिवों को पेशी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवम्बर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

### पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पोर्न वीडियोज को बैन करने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने सितम्बर में नेपाल में हुए जेन जी प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में सोशल मीडिया एप्स पर बैन लगाने के बाद क्या हुआ, जरा देखिए। बेंच ने कहा पोर्नोग्राफी बैन वाली याचिका पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी।



### तीन हजार करोड़ की साइबर ठगी चौंकाने वाली: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई। सरकार ने कोर्ट में साइबर फ्रॉड से जुड़े आंकड़े पेश कर बताया कि देशभर में पीड़ितों से करीब तीन हजार करोड़ की ठगी हुई है। इस मामले में सख्ती से निपटना होगा। यह बेहद चौंकाने वाला है कि देशभर में लोगों से 3 हजार करोड़ का साइबर फ्रॉड हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दिवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे।

# तेलंगाना और जयपुर में ब्लैक मंडे, 31 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद 18 लोगों की मौत हो गई व 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि चेवेल्ला मंडल में मिर्ज़ागुडा के पास तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और बजरी से लदे एक ट्रक आमने-सामने टकरा गए। यह बस लगभग 70 यात्रियों को लेकर तंदुर इलाके से हैदराबाद जा रही थी। ट्रक पर लदी बजरी के बस पर गिरने से आगे की छह सीटें पर बैठी सवारियां पूरी तरह से कुचल गईं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को इलाज के लिए चेवेल्ला के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल और पास के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना के बाद चेवेल्ला- विकाराबाद मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।



- **तेलंगाना: बस-ट्रक की टक्कर में 18 की मौत, 15 घायल**

### जयपुर: पांच गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 13 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

# अनिल अंबानी का घर व 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ज़ब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयां और ज़मीन शामिल हैं। इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है। यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से जुड़ा है। ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि नियमों को दरकिनार कर धन का लेनदेन किया गया। पूर्ववर्ती रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए पैसे को यस बैंक के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों में लगाया गया।



- **ईडी ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में की कार्रवाई**

# BCCI देगा विजेता महिला टीम को 51 करोड़

**मुम्बई।** बीसीसीआई ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4-48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे।



# न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की मांग वाली याचिका खारिज

- **सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्था का मजाक बताया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्ति की मांग वाली एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुऐ इसे 'व्यवस्था का मज़ाक' बताया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता जी. सरवन कुमार को उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय उनके अनुरोध पर कॉलेजियम की बैठक बुलाएगा। पीठ ने पूछा क्या आप चाहते हैं कि हम इस न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को अभी यहां बुलाएं और कॉलेजियम की बैठक करें? मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आप व्यवस्था का मज़ाक उड़ा रहे हैं!

# भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **एक लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की,**
- **कहा: हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन किया और एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास तथा नवाचार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत को अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी देशों में शामिल करना है।

वैश्विक नवाचार महाशक्ति बनने की दिशा में भारत के सफर में एक महत्वपूर्ण अध्याय माने जाने वाले इस सम्मेलन में श्री मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और अनुसंधान संस्थानों के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने विशेषज्ञों से मानवता की सबसे गंभीर चुनौतियों से नवाचार के माध्यम से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने देश की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देश के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की और महिला विश्व कप भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा एथलीट और वैज्ञानिक हमारे देश के लिए गौरव के असाधारण अध्याय लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रमुख सरकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, कौशल भारत मिशन और राष्ट्रीय करियर सेवा मंच का उल्लेख किया और कहा कि ये लाखों युवाओं को कौशल और अवसरों से सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार अत्यधिक-जोखिम, उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने महत्वाकांक्षी अनुसंधान और नवाचार योजना में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने भारत में क्वाड की मेजबानी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापर समझौते और भारत में क्वाड शिखर बैठक के आयोजन पर संकट के बादल नजर आ रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक समय हमें बताया गया था कि भारत नवम्बर में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत की सदस्यता वाले क्वाड देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। उन्होंने इसी अंदाज में आगे लिखा कि एक समय था जब दावा किया गया था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत शुरुआती देशों में से एक होगा, अब यही दावे कठिन दौर के भंवर में फंस गए हैं। वजह से अमेरिका को भारतीय निर्यात में गिरावट आई है और इससे प्रभावित लोगों के जीवन पर संकट आ गया है।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद थाना प्रभारी सस्पेंड

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले मे उच्चतम न्यायालय का आदेश न मानने वाले कन्धई के थानाध्यक्ष गुलाब चंद्र सोनकर को पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने निलम्बित कर दिया है। राज्य सरकार को सात नवम्बर तक थानाध्यक्ष पर की गई कार्रवाई से उच्चतम न्यायालय को अवगत कराना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कन्धई थाना क्षेत्र के राम सागर तिवारी ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दायर की थी इसमे कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश के बावजूद कन्धई थाना प्रभारी गुलाब चंद्र सोन कर को जिला न्यायालय मे पेश किया था।

# एनसीईआरटी के सिलेबस में बदलाव पर हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का पुलिस ने हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा

**लखनऊ ।** एनसीईआरटी के सिलेबस से गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़ी पाठ्य सामग्री को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने केकेसी डिग्री कॉलेज गेट के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध जताया और एनसीईआरटी पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ता सोमवार सुबह ही केकेसी डिग्री कॉलेज के बाहर जमा होना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, एनसीईआरटी केंद्र सरकार के दबाव में महात्मा गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगे जैसे प्रसंग को पाठ्यक्रम से हटाकर देश के इतिहास से खिलवाड़ कर रही है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के चलते कुछ समय के लिए केकेसी कॉलेज के बाहर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र उग्र प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कॉलेज के गेट के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।

कार्यकर्ता अखिलेश दुबे ने कहा कि हाल ही में किए गए बदलाव में शिक्षा को वैचारिक रूप से सीमित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। महात्मा गांधी और 2002 गुजरात दंगों जैसे अध्याय को हटाना इतिहास को मिटाने जैसा है। एनसीईआरटी अपने इस फैसले को वापस ले और असली इतिहास को छात्रों तक पहुंचने दे। प्रदर्शन कर रही छात्रा पूजा वर्मा ने कहा कि अगर भविष्य की पीढ़ी को सच से दूर रखा जाएगा, तो हमारे देश का लो. कतंत्र कमजोर होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध केवल लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा, अगर एनसीईआरटी ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो हम पूरे देश भर में इसको लेकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इतिहास बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर के डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय में यह अभियान चलाया जाएगा।

# पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू

जम्मू, वार्ता

■ एलजी मनोज सिन्हा ने 2021 में किया था बंद

जम्मू-कश्मीर की शीतक. ालीन राजधानी जम्मू स्थित सिविल सचिवालय में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा औपचारिक सलामी लेने के साथ ही सदियों पुरानी प्रशासनिक परंपरा 'दरबार मूव' चार साल बाद बहाल हो गई।

श्रीनगर में नागरिक सचिवालय और अन्य कार्यालय जो 30 और 31 अक्टूबर को बंद थे, सोमवार से 'दरबार मूव' के साथ ही शीतकालीन राजधानी जम्मू से काम करना शुरू कर दिए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वर्ष 2021 में इस परंपरा को बंद कर दिया था। श्री अब्दुल्ला सुबह करीब नौ बजे अपने सरक. ारी आवास रघुनाथ बाजार से सिविल सचिवालय की ओर पैदल निकले और इस दौरान विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मालाएं पहनाईं तथा फूल बरसाए। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी और मंत्री जावेद राणा भी थे। इस बीच, दरबार मूव के बहाल होने से जम्मू शहर में जश्न का माहौल है और दुकानदार तथा अन्य व्यापारी खुश नजर आ रहे हैं। कार्यालयों को सुचारू रूप से खोलने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें श्रीनगर से जम्मू आने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, आवास और परिवहन सुविधाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दरबार साहिब के लिए सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालयों, विशेषकर सिविल सचिवालय और मंत्रियों के एन्क्लेव के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अधिकतर कर्मचारी सोमवार को अपने कार्यालय जाने के लिए श्रीनगर से जम्मू तक सड़क मार्ग से आए। कश्मीर मैराथन-2 में भाग लेने के बाद, मुख्यमंत्री 'एक्स' ने पर एक तस्वीर अपलोड की और लिखा: हाफ मैराथन की मेहनत के बाद, मुझे इनाम के तौर पर श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर घी में पके राजमा चावल की एक प्लेट मिलनी चाहिए।ष्जम्मू क्षेत्र में दरबार मूव के पुनरुद्धार को जनता द्वारा बहुत सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।

# नेता जी ने की थी नेशनल लॉ विवि की स्थापना: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जिस बड़ी सोच के साथ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी, वह आज सार्थक होती दिखाई दे रही है।

यह विश्वविद्यालय अब ऐसे योग्य और संवेदनशील युवा विधिवेत्ताओं को तैयार कर रहा है, जो अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई और न्याय की स्थापना के लिए करना चाहते हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस संस्थान से निकल रहे युवाओं के विचारों और कार्यों में समाजवादी विचारधारा के मूल तत्व समानता, न्याय और मानवीयता स्पष्ट झलकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ए नई पीढ़ी के विधिज्ञ न केवल न्याय की परिभाषा को व्यवहार में उतारेंगे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनकर देश को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी का बड़ा संकल्प है, जिसे पूरा करने में ऐसे ही युवाओं की भूमिका अहम होगी, जो अपने पेशे को सिर्फ करियर नहीं बल्कि समा. जसेवा का माध्यम मानते हैं। अखिलेश यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विश्व. विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेताजी के सपनों का भारत तभी बनेगा, जब न्याय के साथ समान अवसर और संवेदनशील शासन स्थापित होगा।

## रामद्रोही कांग्रेस-राजद को जवाब देगा मिथिला: सीएम योगी

# गठबंधन में तीन बंदर, पप्पू, टप्पू व अप्पू

दरभंगा, वार्ता



■ बिहार में होगा राम राज का उदय, जिन्होंने अयोध्या में गोली चलवाई, वही आज जनता को छलने आ गए

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं।

केवटी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है। योगी ने कहा कि आज मिथिला की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही राजद और इनके साथी यूपी की समा. जवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है, जो अयोध्या और मिथिला को एक बार फिर भावनात्मक रूप से जोड़ देगा। सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले अयोध्या से दरभंगा आने में 16 घंटे लगते थे, अब लखनऊ से दरभंगा आने में मात्र 45 मिनट लगते हैं। पीएम मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे।

### बिहार को पलायन नहीं, पुनर्निर्माण चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार को भाजपा-जद-यू के शासन ने दो दशक में बर्बाद कर औद्योगिक नक्शे से उसे लगभग मिटा दिया है। इसके कारण प्रतिभाओं ने पलायन किया है, लेकिन अब बिहार को बचाने तथा इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए जाना जाने वाला बिहार आज बेरोज़गारी और पलायन का पर्याय बन गया है। भाजपा-जेडीयू ने 20 वर्षों के शासन में असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार में सिर्फ़ पलायन उद्योग स्थापित किया है और बिहार को विकास और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे से लगभग मिटा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बिहार के हित के लिए काम किया है।

---



सेंसेक्स 84556.40

निफ्टी 25891.40



सोना रु. 120000

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 148927

प्रति किलो



# दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट

नई दिल्ली, वार्ता



■ साल दर साल 34 प्रतिशत हुई वृद्धि: डायल

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से विमान सेवा कंपनियों के लिए हब के तौर पर उभर रहा है और सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट साल-दर-साल 34 प्रतिशत बढ़ा।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि सितम्बर 2024 से अगस्त 2024 के बीच इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 6-7 लाख रही, जो इससे पहले के एक साल की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 के बीच यह ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 4-98 लाख रही थी। अगस्त 2025 को समाप्त एक साल के दौरान पूरब के देशों से आकर पश्चिम के देशों में जाने वाले यात्रियों की संख्या 34 प्रतिशत और पश्चिम के आकर पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़ी। अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आंकड़ों का हवाला देते हुए डायल ने बताया कि ट्रांजिट यात्रियों में 67 प्रतिशत ने एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा की जबकि 25 प्रतिशत योगदान इंडिगो का रहा।

अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट यात्री वे हैं, जो किसी दूसरे देश से आते हैं तथा किसी और फ्लाइट से किसी तीसरे देश को जाते हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यूरोप, पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में फैले अपने बेजोड़ नेटवर्क के साथ दिल्ली हवाई अड्डा वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश की स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सबसे अधिक उड़ाने थाईलैंड के लिए (सप्ताह में 120) हैं। थाईलैंड से इतर, एयर इंडिया मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के लिए 16 नवम्बर से और इंडोनेशिया के देनपसार के लिए एक दिसंबर से उड़ानों की साप्ताहिक संख्या सात से बढ़ाकर 10 कर रही है। इंडिगो ने भी 20 दिसंबर से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। चीन के गुवांग्झो के लिए वह 10 नवम्बर से दैनिक उड़ान शुरू करेगी। भारत से जापान जाने वाली 70 प्रतिशत उड़ानें (सप्ताह में 28) दिल्ली से जाती हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन जाने वाली उड़ानों में दिल्ली की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत (सप्ताह में 63) और थाईलैंड जाने वाली उड़ानों में 26 प्रतिशत (सप्ताह में 120) है।

### सोना और चांदी के भावों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन में एक बार फिर सोने ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। चांदी में भी भयंकर तेजी देखी जा रही है। सोने का दाम एक बार फिर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। सुबह 10.05 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 121,460 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 228 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 121,378 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 121,854 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सुबह 10.07 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 148,927 रुपये चल रही है। इसमें 640 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 148,702 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 149,445 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। आज 3 नवंबर के दिन पटना और चंडीगढ़ में सोने का दाम सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 121,670 रुपये है। वहीं सबसे ज्यादा सोने की कीमत भोपाल है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 121,870 रुपये चल रहा है।

# जीएसटी कटौती से अक्टूबर में विनिर्माण को मिली गति



■ पीएम आई 57 . 7 से बढ़कर पहुंचा 59.2 पर, स्थिरता का संकेत

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में गत 22 सितम्बर से किए गए बदलाव के कारण अक्टूबर में घरेलू विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है।

मासिक आधार पर जारी एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितम्बर के 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी को और इससे कम रहना मंदी को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी में राहत, उत्पादकता बढ़ने और प्रौद्योगिकी में निवेश से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की रफ्तार तेज हुई है। नए ऑर्डरों में तेजी से वृद्धि हुई है और इसमें घरेलू बाजार की भूमिका रही है, हालांकि विदेशों से मिले ऑर्डरों में बढ़ोतरी सुस्त पड़ी है। कच्चे माल के भंडार में लगभग रिकॉर्ड गति से तेजी आई है। विदेशी बिक्री 10 महीने में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मांग मजबूत रहने से अक्टूबर में आउटपुट नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में तेजी आई है। लागत मूल्य में कमी आई है जबकि औसत विक्रय मूल्य बढ़ा है। जीएसटी सुधार और मजबूत मांग से सकारात्मक उम्मीदों के कारण भविष्य को लेकर कारोबारी भावना मजबूत बनी हुई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माताओं ने कच्चे माल की खरीद बढ़ा दी और इसमें वृद्धि की रफ्तार मई 2023 के बाद सबसे अधिक रही। लगातार 12वें महीने नए रोजगारों का सृजन हुआ है, हालांकि इसकी रफ्तार सितम्बर की तरह ही धीमी रही।

---

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड ने...**

दर में कमी आई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर उत्तराखंड विधानसभा ने इतिहास रचा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी सभी विधायक जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देते रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य तथा देश को विकास-पथ पर अग्रसर रखेंगे। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण, नेता सदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सदन को संबोधित किया।

**आईसीएआई सीए...**

की एल.राजलक्ष्मी ने 360 अंकों (90 फीसदी) के साथ फाउंडेशन परीक्षा में टॉप किया, जबकि दूसरे स्थान पर प्रेम अग्रवाल (354 अंक) और तीसरे स्थान पर नील राजेश शाह (353 अंक) रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप-1 में 93,074 कैंडिडेट्स शामिल हुए, जिनमें से 8,780 पास हुए। वहीं ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों में से 18,938 ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में नेहा खानवानी, कृति शर्मा और अक्षत बिरेंद्र नौटियाल को टॉप तीन पोजीशन मिलीं। फाइनल परीक्षा के रिजल्ट में 11,466 उम्मीदवार सफल होकर चार्टर्ड एकाउंटेंट बने हैं। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवारों ने भाग लिया जबकि ग्रुप-2 में 32,273 उम्म्मीदवार शामिल हुए। 16,800 उम्मीदवार दोनों ग्रुप की परीक्षा में शामिल हुए। फाइनल परीक्षा में मध्य प्रदेश के धामोद के मुकुंद आगीवाल ने टॉप किया, जबकि तेजस मुंदड़ा दूसरे और बाकुल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में पास होने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 40 प्रतिशत नंबर और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत नंबर स्कोर करने होते हैं। जिन कैंडिडेट्स को 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें 'पास विद डिस्टिंक्शन' का दर्जा दिया गया है।

**सरकारी कैम्पस...**

संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग को भी वादी बनाए जाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 7 नवम्बर को फैसला सुनाने की बात कही और आदेश दिया कि इस तारीख को मुख्य सचिवों की सशरीर पेशी जरूरी नहीं होगी।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की जरूरत है: वीरेन्द्र

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, बस उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है और वे अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं।

डॉ. कुमार ने सोमवार को यहां अमर ज्योति चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'रिडिफाइनिग एबेलिटीज़' यानी क्षमताओं को नए नजरिए से देखने के विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उनमें प्रतिभा और साहस की कमी नहीं होती, प्रोत्साहन से वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दिव्यांग. जनों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठा रही है, उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि दिव्यांग. जनों को शिक्षा, कौशल विकास, सुगम वातावरण और रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। दिव्यांग. जनों को सशक्त बनाना कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के साथ-साथ विशेष योजनाओं और नीतियों के ज़रिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण कर रही है और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

डॉ. कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग. जनों की कला और हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 'दिव्य कला मेलों' का आयोजन किया जा रहा है, जहां वे अपने बनाए हुए उत्पाद प्रदर्शित और बेच सकते हैं। इन प्रयासों से दिव्यांगजन न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी मज़बूती दे रहे हैं। ये मेले बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) को 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नया रूप दिया गया है। दिव्यांगजनों के लिए वहां सहायक उपकरणों का निर्माण अब ढाई गुना अधिक हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संग्रह अमीन की पुत्री ने गंगा में लगाई छलांग

## आईएएस की परीक्षा में बैठने की थी तैयारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** संग्रह अमीन की पुत्री एवं आईएएस की परीक्षा की तैयारी कर रही 27 वर्षीय ललिता ने आज सुबह सवेरे गंगा में कूद कर आत्महत्या कर ली। समाचार लिखे जाने तक उसकी लाश बरामद नहीं हो पाई थी और गंगा में सर्च अभियान चलाया जा रहा था।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर माजरा निवासी संग्रह अमीन वेद प्रक. ाश यहां ज्ञान विहार कॉलोनी में रहते है। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई की वजह से ग्राम छोड़ दिया था। वेदप्रकाश खुद संग्रह अमीन है और जनपद में ही तैनात है। उनकी पुत्री कुमारी ललिता रानी (27 वर्ष) भी परिजनों के साथ रह रही थी। ललिता ने आईआईटी कानपुर से बी.टेक की परीक्षा उतीर्ण की है और वह फिलहाल यूपीएससी की परीक्षा तैयारी कर रही थी। उसका सपना आईएएस अधिकारी बनने का था। लेकिन न जाने किस वजह से उसका सपना टूट गया और वह भी टूट गई। आज सुबह वह घर से निकली थी। वैसे ललिता रोज सुबह अपनी 12 वर्षीय चचेरी बहन के साथ रेलवे स्टेशन पर मॉर्निंग वॉक के लिए जाती थी।

आज सुबह भी वह रोज की तरह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी। उसके दिमाग में कुछ और चल रहा था। उसने आत्महत्या करने की ठान ली थी। इस बीच वह अपनी चचेरी बहन के साथ बस में बैठ कर बैराज पर पहुंच गई। बस से उतर कर उन्होंने पुल पर चलना शुरू कर दिया। ललिता नीचे पानी की गहराई देख रही थी। जैसे ही वह बैराज के गेट नंबर 25 पर पहुंची, तो नीचे गंगा में छलांग लगा दी। ललिता की चचेरी बहन देखती ही रह गई। उसे पकड़ने का मौका ही नहीं मिला। वह मदद के लिए गुहार लगाने लगी। यह घटना सुबह करीब सवा छह बजे के आसपास की है। वहां पर इतनी भीड़ नहीं थी। फिर भी चचेरी बहन के शोर मचाने पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और नाव के जरिए सर्च अभियान शुरू किया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवती का पता नहीं चल पाया था। परिजन बेहद परेशान थे। परिजनों ने बताया कि वह आईएएस अधिकारी बन कर गरीबों की सेवा करना चाहती थी। लेकिन सफलता न मिलने के कारण वह डिप्रेशन में थी। घटना से मृतका के परिवार में कोहराम मच गया है।



**गंगा स्नान मेले का उद्घाटन।** बिजनौर में विदुर कुटी घाट पर आज गंगा स्नान मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर के द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही गंगा स्नान मेले की शुरूआत हो गई है।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की नगर में चर्चा

**किरतपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो को लेकर नगर में चर्चा का माहौल है। वीडियो में एक बाइक सवार युवक सड़क पर जा रही एक युवती से बात करता हुआ दिखाई दे रहा है। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने जांच की और युवक को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान किया है। वायरल वीडियो में दिखाई देने वाला युवक शानू उर्फ शाहनवाज बताया जा रहा है, जबकि युवती दूसरे समुदाय की है। वीडियो में यह स्पष्ट नहीं है कि युवती बाद में उसी युवक की बाइक पर बैठी या नहीं, हालांकि कुछ मिनट बाद एक बुर्का पहने युवती उसी दिशा में जाती हुई दिखाई देती है। पुलिस के अनुसार, मामले में दोनों पक्षों से बातचीत की गई है। युवती पक्ष ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इंकार किया है। इसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ केवल शांति भंग की कार्यवाही की है। इस बीच, कुछ स्थानीय लोगों द्वारा मामले को लेकर अलग-अलग व्याख्याएं की जा रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी पक्ष द्वारा विधिक कार्रवाई के लिए तहरीर दी जाती है, तो नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार युवती पक्ष ने अनावश्यक दबाव से बचने की अपील करते हुए कहा है कि वे किसी के दबाव में आकर कोई प्रार्थना पत्र नहीं देना चाहते।

## एक नजर

### विद्युत खंभों को हटाए जाने की मांग



**नजीबाबाद।** रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज के विद्युत खंभों के उच्च क्षमता की विद्युत लाइन से टच होने के संबंध में शासन को अवगत कराया गया है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया है कि नजीबाबाद में रायपुर मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 गढ़मलपुर पर पूर्व में उत्तर प्रदेश हेतु निगम द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था तथा उक्त फ्लाईओवर ब्रिज पर जो विद्युत खंबे लगाए गए थे। वह वर्तमान में खस्ता हालत में पड़े हुए हैं। कई खंबे झुक कर फ्लाईओवर के बराबर से गुजर रही विद्युत लाइन से टच हो रहे हैं, जिस कारण कभी भी कोई भयंकर हादसा हो सकता है और जनमानस को हानि पहुंच सकती है। आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में शासन से संबंधित विद्युत विभाग को दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है ताकि उच्च क्षमता की विद्युत लाइन से उक्त विद्युत खंभों को हटाया जा सके ।

### पीबीएस शुगर मिल का शुभारंभ



**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल चांदपुर के नवीन गन्ना पेराई सत्र का विधि विधानपूर्वक हवन पूजन के साथ शुभारम्भ हो गया। इस अवसर पर मिल परिसर में मिल सीजीएम डीएस रेड्डी ने क्षेत्रीय किसानों को आश्वस्त करते कहा कि मिल में गन्ना लाने वाले हर किसान का स्वागत है। उन्होंने समस्त किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि वे मिल को साफ सुथरा गन्ना ही सप्लाई करे। मिल परिसर मे जीएम केन अजीत सिंह ने किसानों से आह्वान किया कि मिल आपकी है, इसके ठीक प्रकार से संचालन में आपना पूर्ण सहयोग रहे। उधर सहकारी गन्ना समिति चेयरमैन राहुल चौधरी ने कहा कि किसान हमेशा ही मिलों को साफ सुथरा गन्ना समय पर सप्लाई करता है। उन्होंने मिल अधिकरियों से किसानों के हित में अपेक्षा करते कहा कि खरीदे गन्ने का समय रहते भुगतान करे। मिल के ही प्रोडक्शन इंचार्ज प्रदीप सोलंकी ने बताया कि मिल का शुभारम्भ कर दिया गया है, जबकि मिल 6 नवम्बर से पूरी तरह गन्ना इंडेट जारी कर चालू हो जायेगी।

### पीड़िता की तहरीर पर कार्रवाई शुरू

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र रेहड़ के ग्राम रायपुरी निवासी महिला अजरूना पुत्री मौहम्मद साबिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 22 जून 2024 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी नाजिम पुत्र शमीम से हुई थी। शादी में करीब 15 लाख लाख खर्च हुए थे। लेकिन शादी के बाद से ही अजरूना के ससुराल वाले खुश नहीं थे तथा उससे चार लाख की और कार की मांग कर रहे थे। 12 अक्टूबर 2024 को प्रार्थनी के पति नाजिम ससुर समीम सास खुर्शीद ने उसके साथ मारपीट कर गला घोटने का प्रयास किया। जिसका एक शिकायती पत्र थाने में दिया गया था। लेकिन ग्रामीणों ने एक समझौता करा दिया था, तो मैं अपने ससुराल आ गई। लेकिन कुछ दिन ठीक रहने के बाद 15 नवंबर 2024 को मेरे पति मेरे सास ससुर जेठ ने मुझे गर्भवती हालत में मुझे घर से बाहर निकाल दिया तथा दहेज लाने की मांग की। कुछ दिन बाद मेरे पति का फोन आया और मुझे फोन पर तीन तलाक दे दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पीड़िता के पति नाजिम पुत्र शमीम, सास खुर्शीदा पत्नी शमीम, ससुर शमीम, जेठ वसीम, भांजा शोएब निवासीगण ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर करवाई शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सरगम म्यूजिकल ग्रुप का 'यादे' कार्यक्रम




**नगीना।** सरगम म्यूजिक ग्रुप की ओर से एक म्यूजिकल प्रोग्राम 'यादें' गायक कलाकारों मौ. रफी, किशोर कुमार, मुकेश कुमार, लता मंगेशकर के नाम से काशीनाथ मेमोरियल हॉल मौहल्ला सरायमीर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आलमगीर काजमी ने की तथा संचालन हुड़दंग नगीनवी ने किया। मुख्य अतिथि सभासद असलम सिद्दीकी ने सभी गायकों को शताब्दी का महान गायक बताया। विशिष्ट अतिथि हलचल म्यूजिकल ग्रुप की अध्यक्षा डा. अंजू विश्नोई, डायरेक्टर सुशील गुप्ता रहे। गायक कमल कुमार, शकील अहमद, विशाल सैनी, इंद्रजीत जोशी, केके विश्नोई, अमन कुमार, सुशील गुप्ता, शाकुंभरी, निशीत गर्ग ने अपने गीतों से समा बांध दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में जावेद निसार, नाजिम पठान, नईम अहमद, राजू विश्नोई, सिराज अहमद, अमित कुमार, मौहम्मद आजाद आदि उपस्थित रहे।

### भव्य कलश यात्रा का आयोजन



**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला दक्षनगर में कल शिव मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक पुरुष और महिलाएं शामिल रही। इस दौरान मौहल्लेवालों को कलश यात्रा के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था कल स्थानीय शिव मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा मौहल्ला दक्ष नगर में होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए मंदिर पर आकर ही संपन्न हुई। इस दौरान कलश यात्रा में मनोज कुमार, योगेश शर्मा, मास्टर मनोज शर्मा, संजय शर्मा, ओम दत्त शर्मा, विजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, शालिनी शर्मा, मीनाक्षी, रेखा देवी, सुनीता, सावित्री देवी, रचना शर्मा आदि सहित अनेक मौहल्लेवासी जिनमें अनेक पुरुष महिला एवं बच्चे शामिल रहे।

## बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप



**नहटौर।** दा मैक्स फिटनेस जिम की ओर से नहटौर के एचएमआई इंटर कॉलेज में बीती रात यूपी उत्तराखंड बॉडी बिल्डर शो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर व मुस्लिम फंड के मैनेजर हाजी शमीम ख्वाजा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं का उत्साह बढ़ता है। उन्होंने जिम के माध्यम से सेहतमंद रहने और खासकर युवाओं से नशे की आदतों से दूर रहने का आह्वान किया। शो में मेरठ, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, देहरादून, ऋषिकेश, बिजनौर आदि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुरादाबाद के नईम खान यूपी उत्तराखंड चैंपियन बने। जबकि नहटौर क्षेत्र के गांव ढकौली के मोहित पाल मिस्टर बिजनौर के रूप में चैंपियन चुने गए। मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर, हाजी शमीम ख्वाजा, हाजी अबरार अंसारी, अकरम अंसारी, फारूक फौजी, इस्लामुद्दीन, शकील कुरैशी, अवैस जैकी, नादिर जैकी, असलम सैफी, नईम शेख, वहीद मंसूरी, जहांगीर जैदी आदि मौजूद रहे।

# मामूली कहासुनी में चले हथियार

## एक युवक गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर में मामूली कहासुनी में एक दूसरे की जान के दुश्मन बन बैठे दोस्त। एक-दूसरे ने धारदार हथियार से हमला कर एक पक्ष के युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हालत चिंताजनक देखते हुए निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जहां पर युवक जिंदगी मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

प्रात समाचार के अनुसार मौहल्ला शहीद नगर निवासी रमजानी अहमद ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार अवगत कराया कि उसका पुत्र नाजिम 25 वर्ष दोपहर घर के पास पड़े खाली मैदान में बैठा हुआ था। मौहल्ले का ही फरमान पुत्र बाबू आया और पुत्र को गलत नाम से पुकारने लगा। जिस पर प्रार्थी के पुत्र ने गलत नाम लेने का विरोध किया, तो बेवजह मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि फरमान की आंखों में खून उतर आया और वह घर से छुरी उठा लाया। छुरी देखकर प्रार्थी का पुत्र घबराकर मैदान से भागने लगा, तो उसने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी के पुत्र पर वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल युवक लहू लुहान अवस्था में मैदान में ही गिर गया। शोर मचाने पर मौहल्ले के लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। जहां हमलावर भीड़ को देखकर फरार हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार हेतु नूरपुर सामुदायिक केंद्र लाया गया। जहां हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया। प्रार्थी की तरफ से प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने घटना को देखते हुए कार्यवाही शुरू कर हमलावर की तलाश शुरू दी। मामूली सी कहा सुनी में बड़ा हमला देखकर मौहल्ले के लोग घबरा गए। चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़ कर युवक को खून में लथपथ देखकर युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। हमलावर पहले से ही घायल युवक के साथ रंजिश रखता है और उसको गलत नाम से पुकारता है। जिसके चलते बड़ा विवाद खड़ा हुआ। आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति हैं। युवक पर धारदार हथियार से हमला होने से मौहल्लेवासियों में खौफ पैदा हो गया है। नगर के लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं। कानून से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगा।

# विधायक राम अवतार सैनी ने किया उद्घाटन

## सैनी समाज की समस्याओं को हल कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** कस्बे के मौहल्ला सैनी धर्मशाला काली का मंदिर जिला पंचायत इमरान भैया के निवास पर पहुंचने पर सपा के कद्दावर नेता विधायक राम अवतार सिंह सैनी उनके पुत्र बिजनौर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी दीपक सैनी का फूल मालाओं व शॉल ओढ़ाकर गर्मजोशी के साथ सम्मानित किया गया।

सैनी धर्मशाला काली का मंदिर रोड का सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने फीता काट कर शिलान्यास कर उद्घाटन किया। उन्होंने सैनी समाज के लोगों की समस्या को बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर तुरंत हल कराया। सपा विधायक लगातार क्षेत्र में संपर्क कर लोगों की समस्यायों को सुनकर उनकी समस्या को हल कराने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में सपा की सरकार बनने जा रही है। अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार में परेशान हाल है। महंगाई चरम सीमा पर है। भाजपा सरकार हिन्दू-मुस्लमानों के बीच नफरत पैदा कर सत्ता हासिल करना चाहती है। अब प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के बहकावे में नहीं आयेंगी। प्रदेश की जनता ने भाजपा को प्रदेश से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, ग्राम प्रधान प्रत्याशी मकसूद अहमद ठेकेदार, डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी शकील अहमद अंसारी, नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरिसी, शमीम अहमद अंसारी, सरफराज सिद्दीकी, शादीराम सिंह सैनी, मदन सैनी, पप्पू सैनी, डॉ. विनोद चौहान, गंगा राम सैनी आदि मौजूद थे।

## रमा त्यागी को राष्ट्र विभूति सम्मान



**राजा का ताजपुर।** रुड़की के इमली खेड़ा में स्थित फीनिक्स विश्वविद्यालय में योगेश शिक्षा, कला, संस्कृति और पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट एवं फोनिक्स विश्वविद्यालय, रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र विभूति सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। ताजपुर निवासी की प्रतिष्ठित कवियत्री रमा त्यागी एकाकी को साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्र विभूति सम्मान से नवाजा गया। उनको प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भतीजे किरण जीत सिंह सिंधु, फोनिक्स विश्वविद्यालय के चेयरमैन चेरब जैन एवं योगेश शिक्षा, कला, संस्कृति एवं पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट के आयोजक संजय वत्स द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया। रमा त्यागी एकाकी ताजपुर के दीवान हरदेव सिंह की प्रपौत्री और सत्यव्रत त्यागी की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सभी गौरवान्वित हैं।

## गुलदार के हमले में भेड़ जख्मी

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल पिंजरा लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम मौहम्मदपुर राजौरी के समीप स्थित पीली नदी पर गुलदार के हमले में एक भेड़ जख्मी हो गई। जैसे ही ग्रामवासियों ने पीली नदी पर जाकर देखा, तो वहां पर भेड़ मृत अवस्था में मिली।

ग्रामीण साजिद, शाहिद, अतुल तीनों ग्राम मौहम्मदपुर राजौरी के निवासी हैं। तीनों के अनुसार सोमवार की सुबह छह बजे तीनों लोग अपनी बैलगाड़ी से घर की चिनाई के लिए रेत लेने के लिए गए थे। जैसे ही उनकी बैलगाड़ी पीली नदी के समीप पहुंची, तो अचानक उन्होंने झुंड में से एक बाघ को निकलते हुए देखा। जिससे ग्राम में दहशत फैल गई। तीनों व्यक्तियों ने अपने ग्राम में जाकर बाघ की सूचना दी। उसके बाद दोपहर दो बजे ग्राम निवासी मौहम्मदपुर राजौरी, अशोक कुमार पाल नाम का व्यक्ति 40 भेड़ बकरियों के साथ अपनी भेड़ों को चुगाने के लिए गया था कि अचानक एक बाघ ने गन्ने के खेत में से निकलकर भेड़ पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। किसी तरह अशोक कुमार पाल ने लाठी डंडे की मदद से तथा शोर मचा कर बाघ को वहां से खदेड़ दिया और अपनी भी जान बचा ली। जिससे पूरे गांव में अफरातफरी मच गई। ग्राम वासियों ने भेड़ की मौत के बाद वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग मौके पर पहुंच गया और वन विभाग के अधिकारी कहने लगे कि यह भेड़ बाघ के हमले से नहीं मरी है। बल्कि गुलदार के हमले में भेड़ की जान गई है। ग्राम वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा की यहां पर पहले भी बाघ दिखाई दिया है। लेकिन वन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्राम वासियों ने जल्द ही वहां पर पिंजरा लगवाने की मांग की है। ग्राम वासियों ने कहा की खेतों पर गुलदार देखे जाने की वजह से सभी किसान अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। गांव में दहशत का माहौल है।

ग्राम वासियों ने कहा यदि जल्द ही बाघ के प्रति ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

# मजमुए कलाम 'नुकुश ए अव्वल' का विमोचन

## शादाब जफर शादाब 'अजमल खां अजमल अवार्ड' से सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर की अदबी संस्था बज्म ए जिगर नजीबाबाद के द्वारा मशहूर उस्ताद शायर मौसूफ अहमद वासिफ के आवास मौहल्ला रमपुरा में एक शाम मौहब्बतों के नाम महफिल ए मुशायरा व जश्न ए शादाब का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज्जम खां एड. व विशिष्ट अतिथि डॉ. आफताब नौमानी ने साहिब ए जश्न शादाब जफर शादाब को अजमल खां अजमल अवार्ड देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रोग्राम में मशहूर उस्ताद शायर डॉ. रईस अहमद भारती के मजमुए कलाम 'नुकुश ए अव्वल' का विमोचन भी किया गया।

रविवार की रात्रि को आयोजित कार्यक्रम में अदबी खिदमात के लिए शायर शादाब जफर शादाब को बज्म ए जिगर के सदर डॉ. रईस अहमद भारती व एमडी खान ने पगड़ी बांधी और पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज्जम खां एड. व डॉ. आफताब नौमानी ने अजमल खां अजमल अवार्ड देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रोग्राम के मेहमान ए खुसुसी पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज्जम खां एड. ने शायर शादाब जफर को मुबारकबाद देते हुए कहा कि शादाब जफर शादाब ए लम्बे अरसे से उर्दू अदब की खिदमत करने के साथ ही मुल्क के आल इंडिया मुशायरों में शिरकत करते हुए अपने बेहतरीन कलाम से नजीबाबाद का नाम रोशन कर रहे है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मौहम्मद मौअज्जम खां एड. व दीगर शोअरा हजरात ने मशहूर उस्ताद शायर व बज्म ए जिगर के सदर डाक्टर रईस अहमद भारती के मजमुए कलाम नुकुश ए अव्वल का रस्म ए इजरा भी किया।

इस मौके पर महफिल ए मुशायरे का आगाज डॉ. इल्यास ने हुजूर की शान में नात ए नबी पेश कर किया। गजल के दौर में हाफिज शादाब मुल्तानी, शहबाज अख्तर, मुजाहिद अली, डॉक्टर इल्यास, आसिफ मिर्जा, आरिफ आरजू, डॉ. तैय्यब जमाल, डॉ. आफताब नोमानी, शादाब जफर, डॉ. नसीम अख्तर मुल्तानी, सूफीयान मुल्तानी, शुऐब मुजफ्फरनगरी, शकील अहमद वफा, अकीमुद्दीन अकीम मंडावरी, डॉ. रईस अहमद भारती वगैरा ने उम्दा कलाम पेश किया। इस मौके पर व्यापारी नेता तसनीम सिद्दीक, शहबाज खान, जुबैर खान, फैसल खान, नसीम अहमद खान, अजीज अहमद, वसीम कुरैशी मंडावली, मोनिस खान, सय्यद दानिश अली मौजूद रहे। महफिल ए मुशायरे की अध्यक्षता डॉ. रईस अहमद भारती ने की व संचालन डॉ. तैय्यब जमाल ने किया।

प्रोग्राम में मेजबान शायर मौसूफ अहमद वासिफ के लिए सभी ने अल्लाह से सेहतमंदी के लिए दुआ की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौहम्मद मौअज्जम खां एड. विशिष्ट अतिथि डॉ. आफताब नौमानी रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# 117 घंटे बाद खत्म हुई आयकर विभाग की कार्रवाई

## टीम दिल्ली वापस लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल पर पिछले छह दिनों से चल रही आयकर विभाग की कार्रवाई आखिरकार 117 घंटे बाद समाप्त हो गई। विभाग की टीम सोमवार तड़के करीब तीन बजे दिल्ली से मिले संकेतों के बाद वापस लौट गई।

टीम की वापसी पूरी तरह गोप. नीय रही। रात के अंधेरे में दर्जनों वाहन एक साथ मिल परिसर से बाहर निकले, जिससे किसी को भनक तक नहीं लग सकी।

सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की टीम अपने साथ दर्जनों फाइलें, दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस (लैपटॉप, हार्ड डिस्क आदि) लेकर गई है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। कार्रवाई के दौरान शुगर मिल के वित्तीय लेन-देन से जुड़े अधिकारियों को विभाग ने अपनी निगरानी में रखा था। उन्हें घर जाने या बाहरी संपर्क की अनुमति नहीं थी। सभी मोबाइल फोन जब्त किए गए थे। सोमवार को टीम की वापसी के बाद मिल परिसर में सामान्य स्थिति लौट आई। कर्मचारियों की आवाजाही बिना किसी सुरक्षा जांच के शुरू हो गई। जबकि जांच के दिनों में हर कर्मचारी की एंट्री जांच के बाद ही हो रही थी। अब सभी की निगाहें 6 नवंबर पर टिकी हैं, जब गन्ना पेराई सत्र शुरू होना प्रस्तावित है।




हालांकि मिल के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति और जारी जांच के बाद यह संशय बना हुआ है कि सत्र तय तारीख पर शुरू हो पाएगा या नहीं। स्थानीय किसानों में इस बात को लेकर चिंता है कि अगर शुगर मिल पर कार्रवाई का कोई वित्तीय असर पड़ा तो सबसे अधिक नुकसान गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को झेलना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि आयकर विभाग ने 29 अक्तूबर की सुबह करीब 6 बजे कार्रवाई शुरू की थी, जो बिना किसी रुकावट के लगातार 117 घंटे तक जारी रही। कार्रवाई में 60 से 80 अधिकारी शामिल रहे, जिन्होंने मिल के वित्तीय रिकॉर्ड, सर्वर और कंप्यूटरों की गहन जांच की।

# वर्धमान क्रिकेट अकादमी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत का जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान क्रिकेट अकादमी में आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम की 2025 विश्व कप जीत का जश्न मनाया गया। अकादमी के लगभग 70 आशावान लड़के और लड़कियां क्रिकेटरों ने इस अवसर पर मिठाइयां वितरित करके अपनी खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर अकादमी के प्रभारी शारीरिक शिक्षा और खेलखूद विभागीय अध्यक्ष डॉ. जयदीप शर्मा, क्रिकेट कोच मौहम्मद मोहसिन, कानूनी सलाहकार बी.सी.ए. अमित श्रीवास्तव और मैदान कर्मचारी राजू और बिशन उपस्थित थे। वर्धमान कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मानित प्रिंसिपल डॉ. प्रीति खन्ना भी शामिल हुईं।



डॉ. प्रीति खन्ना ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी और अकादमी के बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे भी अपने खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। अकादमी के प्रभारी डॉ. जयदीप शर्मा ने कहा कि हमें अपनी महिला क्रिकेट टीम पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि हमारे युवा खिलाड़ी भी उनकी तरह ही सफलता हासिल करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिठाइयां वितरित की और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया।

# गंगा एक्सप्रेस-वे विदुर जी की धरती से होकर हरिद्वार तक जाए



## भाकियू ने भेजे 5000 पोस्टकार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक अल्हैपुर के कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए पोस्ट ऑफिस धामपुर से 5000 पोस्ट कार्ड खरीदे और सभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित किए।

इन पोस्टकार्डों के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने दो प्रमुख मांगें रखी है। पहली, कि गंगा एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से होते हुए विदुर की धरती बिजनौर से जोड़ते हुए हरिद्वार तक पहुंचाया जाए और दूसरी कि जनपद बिजनौर में कृषि विश्वविद्यालय खोला जाए, जिससे किसानों और युवाओं को स्थानीय स्तर पर लाभ मिल सके। किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से जोड़ने की घोषणा की थी, लेकिन अब सरकार के एक मंत्री द्वारा इसे मेरठ मार्ग से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जो जनपद के किसानों के साथ अन्याय है।

इस मौके पर दुष्यंत राणा, अजय, नरेश प्रधान, सुशील कुमार, सुदामा, सुरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, उत्तम कुमार, हुकम सिंह, धनवीर सिंह और भोला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। पोस्ट ऑफिस परिसर में किसानों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने का संकल्प लिया।

# वीरा चेरिटेबल के वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ

## रस्सा कशी प्रतियोगिता में आरबीडी की टीम ने विजय हासिल की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में वीरा चेरिटेबल सोसाइटी धर्मनगरी बिजनौर द्वारा आयोजित 31वें वार्षिक खेल उत्सव के अंतर्गत महिला खो-खो और रस्सा-कशी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन महाविद्यालय की सचिव कुंवरानी रुचि वीरा के संरक्षण में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेडियो स्टेशन 89.6 की सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य प्रवीण गुप्ता, कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र सिंह कौरव, गोमती कन्या इंटर कॉलेज जानसठ की प्राचार्य श्रीमती ज्योति बाला, दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव थॉमस उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी एवं कार्यक्रम की समन्वयक प्रोफेसर मंजू अरोड़ा एवं सह समन्वयक डॉ. सीमा चौधरी ने सभी का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं कैप लगाकर किया। तत्पश्चात प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का स्वागत किया। साथ ही छात्राओं को पूर्ण मन एवं प्रतिश्रम से खेलने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम हुई खो-खो प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिनमें कुंवरानी प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज, वीरा इंटर कॉलेज, धर्मनगरी, आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, शाहबाजपुर और दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल बिजनौर, गोमती कन्या इंटर कॉलेज जानसठ, मुजफ्फरनगर शामिल थीं। फाइनल मैच में कुंवर रानी प्रेमा सत्य वीरा कन्या इंटर कॉलेज की टीम ने दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल को हराकर विजय हासिल की।



रस्सा-कशी प्रतियोगिता में कुल तीन टीमों रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, कुंवर सत्य वीरा इंजिनियरिंग कॉलेज और कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज की टीम शामिल थीं। फाइनल मैच में रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की टीम ने कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज को हराकर विजय हासिल की।

इस अवसर पर श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने कहा कि खेलों का आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आत्मविश्वास और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी और सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्राएं उपस्थित रहीं। वीरा चेरिटेबल सोसाइटी के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित किया कि खेलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन मनोज ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में खेल समिति के सदस्यों डॉ. अपर्णा, डॉ. ऋचा शर्मा, कु. ऋतु सैनी, डॉ. अल्पना, डॉ. वर्षा, डॉ. सीमा चौधरी, श्रीमती अनु, कु. कल्पना, कु. सीमाब, सर्वेश, तौफीक, कपिल कांत गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## एक नजर

### बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ बलात्कार का मामला सामने आया है। पीड़िता ने हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। हीमपुर दीपा थाने पहुंची थाना क्षेत्र की एक युवती ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि युवक शावेज पुत्र शकुर निवासी मौहल्ला कस्साबान, थाना कोतवाली शहर बिजनौर ने शादी का झांसा देकर बीती 25 अक्टूबर को उसके साथ बलात्कार किया। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र सौंपा है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने आरोपी शावेज को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### पुत्र ने पिता पर किया जानलेवा हमला

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कलां से मारपीट का एक मामला सामने आया है। जहां देर रात एक पुत्र ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी है। मालूम हो कि दो भाइयों में आपस में हो रहे झगड़े को शांत करने आए पिता जोगेंद्र पर उसी के बड़े बेटे रूपल ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जोगेंद्र के हाथ व पावं खून से लथपथ थे। पीड़ित ने अपने छोटे बेटे रोहित के साथ बामुश्किल थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

### उत्तर प्रदेश गंगा ट्रैक कार्यक्रम



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश गंगा ट्रैक का आयोजन एसवीजीजी इंटर कॉलेज विदुर कुटी में यूपी 30 बटालियन द्वारा कैम्प कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रोहिताश शर्मा व डिप्टी कैम्प कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एके मिश्रा के दिशा निर्देशन में 'घड़ियाल ग्रुप' व 'डॉल्फिन ग्रुप' के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विधिवत रूप से कैंप का समापन किया गया। समापन समारोह के दौरान कर्नल रोहिताश शर्मा ने सभी एनसीसी कैडेट्स को प्रकृति प्रेमी बनने की सलाह दी। क्योंकि मानव प्रकृति से छेड़छाड़ कर रहा है। डिप्टी कैंप कमांडेंट ले. कर्नल एके मिश्रा ने सभी कैडेट्स को एकता और अनुशासन में रहने का संदेश दिया। कैंप को सफल बनाने में सूबेदार मेजर जगत सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ मौहम्मद मुमताज, हवलदार प्रशांत, मुकेश कुमार, मेजर विमल के राव, कैप्टन जेके विश्वकर्मा, कैप्टन राजेंद्र सिंह, कैप्टन दीपक शाही, कैप्टन उदयराज, कैप्टन कृष्ण त्रिपाठी, ले. अरमेन्द्र, ले. निर्मल, ले. सुशील मोहन, ले. वीपी सिंह, ले. प्रवेन्द्र, ले. अरुणांशु दुबे आदि का सहयोग रहा।

### भाकियू के शिविर का उद्घाटन



**बिजनौर।** विदुर कुटी गंगा स्नान मेले में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कैंप शिविर का उद्घाटन किया। कैंप में किसाने की समस्याओं को लेकर मंथन होगा और समस्याओं पर विचार होगा। संगठन को मजबूत करने के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय पानी खाने की व्यवस्था की जाएगी। आज जिला शिविर के उद्घाटन में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, कोमन सिंह, दिनेश कुमार, अमरपाल सिंह, अरुण, विनीत चौधरी, कपिल चौधरी, रजनीश अहलावत, मोंटी, बूटा सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# डीपीएस पब्लिक स्कूल ने जीती ट्राफी

## आरआर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

आरआर पब्लिक स्कूल में आयोजित जनपद स्तरीय पुरुष वर्ग बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उत्तर प्रदेश दिव्या भारती संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी ने फीता काटकर किया। स्कूल के कप्तान मयंक कुमार ने प्रतिभागियों को खेल प्रतिज्ञा दिलाई। चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में डीपीएस पब्लिक स्कूल बिजनौर की टीम ने आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर को पराजित कर ट्राफी अपने नाम की। आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि योगेश्वर त्यागी, बिजनौर स्कूल सहा.




दर कंपलेक्स के सचिव इंद्रपाल व मौहम्मद राशिद ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। एक दिवसीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल नजीबाबाद, सेंटमेरिज पब्लिक स्कूल धामपुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल बिजनौर, दा हेजलमून स्कूल चांदपुर, बिजनौर पब्लिक स्कूल बिजनौर, साई मिलियम पब्लिक स्कूल नहटौर, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल किरतपुर, आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर आदि टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन अजय चौहान ने किया। मैच की रैफरी अशोक त्यागी, सुजीत कुमार व आयुषी सिंघल ने की।

प्रतियोगिता में उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, खेल शिक्षक जीवन सिंह, संजीव डबास, स्वाति यादव, चंचल कटारिया, कपिल कुमार, कपिल मलिक आदि का विशेष योगदान रहा।

# जोनल स्तर प्रतियोगता में जीते मेडल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट बिजनौर के छात्रो ने आईआईएमटी मेरठ में आयोजित डा. अब्दुल कलाम इंटर टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट 2025-26 (जोनल स्तर) के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिताओं में कुलवीर त्यागी ने 200 मीटर रेस मे गोल्ड मेडल व अनमोल भारती ने जेवेलिंग में सिल्वर मेडल व अनंत कार्तिक ने चेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किए।

कुलवीर त्यागी, अनमोल भारती और अनंत कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल व स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. अभिषेक चौधरी व विवेक कुमार को दिया है।

इस अवसर पर कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव कुँवर उदयन वीरा एवं कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं प्रबंध समिति सदस्य श्रीमति स्वाति वीरा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# शादी समारोह में फ्राइड चिकन को लेकर मारपीट

## भगदड़ मचने से 15 लोग चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शादी समारोह में खाना खा रहे लोगों में फ्राइड चिकन को पहले लेने की होड़ को लेकर मामूली कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते अचानक धक्कामुक्की और मारपीट में तब्दील हो गई। किसी व्यक्ति द्वारा रिश्तेदारों के मध्य हो रहे इस विवाद का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में नगीना-धामपुर फोरलेन हाइवे पर गांव मझेड़ा शकरू स्थित एक मैरिज हाल में रविवार की रात निकाह कार्यक्रम चल रह था। थाना नगीना क्षेत्र के ही एक अन्य गांव कस्बा कोटरा से बारात के पहुंचने पर कार्यक्रम में खाना खाने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई। जिससे फ्राइड चिकन के काउंटर पर भी भीड़ बढ़ गई। इस दौरान फ्राइड चिकन पहले लेने की होड़ में रिश्तेदारों में आपस में ही कहासुनी और धक्कामुक्की हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। घटना में लगभग 15 रिश्तेदार मामूली रूप से चोटिल हो गए, जो बिना कुछ बताए ही मैरिज हॉल से चले गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली और मामला शांत कराया जिसके बाद निकाह की रस्म शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। घटना के अगले दिन सोमवार को किसी व्यक्ति ने घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

थाना प्रभारी अवनीत मान ने इसे आपसी मामूली विवाद के बाद भगदड़ होना बताया। जिससे मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शांत करा दिया गया। उन्होंने बताया कि घटना में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि कोई तहरीर प्राप्त होती है, तो कार्यवाही की जाएगी।

# गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सिख धर्म के प्रवर्तक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर नगीना में सोमवार को अंतिम दिन प्रभातफेरी निकाली गई।

प्रभातफेरी में निशान साहिब लेकर सरदार हरमीत सिंह, जगमीत सिंह सहित संगत के अन्य लोग अगुवाई कर रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा संत सभा एसडीएम कोर्ट से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारा संत सभा पहुंची। आगे-आगे पांच निशान लेकर लोग लाइट एंड साउंड के साथ चल रहे थे।



गुरुद्वारा से शुरू होकर वापस होने तक प्रभातफेरी का पांच जगह स्वागत किया गया। सबसे पहले मंडी मौलगंज, बड़ा मंदिर, बारादरी, तिलक राज व्यापारी के प्रतिष्ठान पर और इमलियों में स्वागत किया गया। प्रभातफेरी के दौरान भक्तों द्वारा चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री नईम अख्तर पुत्र स्व. श्री नसीम अख्तर मौहल्ला सेवाराम** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती राफिया बेगम पत्नी स्व. श्री नसीम अख्तर** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 195 सेवाराम नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री सुदर्शन सिंह पुत्र श्री गनेशी सिंह, श्रीमती शोभा रानी पत्नी श्री मदन सिंह व श्रीमती मायावती देवी पत्नी श्री रामचन्द्र सिंह मौहल्ला मुगलूशाह** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती रेनू पत्नी श्री सुदर्शन सिंह** नजीबाबाद, जिला बिजनौर की मृत्यु दिनांक 03.06.2025 को हो चुकी है, के नाम के बजाये उपरोक्त नाम अंकित किये जाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति व शपथ-पत्र सहित आवेदन किया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 873 मुगलूशाह नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**आदेशानुसार बुशरा खुर्शीद सिविल जज (जू.डि.) चांदपुर, जिला बिजनौर**

नम्बर मुकदमा 213/2021

इजहार हसन बनाम इकरार अहमद

इजहार हसन आयु व्यस्क पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मौ. पतियापाड़ा, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

इकरार अहमद आयु व्यस्क पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर।

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 21.11.2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात को दे सके हाजिर और जवाब देही का दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बाईद अपनी जवाब देही का इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजरी आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 21-11-2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**चान्दपुर**

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मनीषा ने परिवारजनों के खिलाफ जाकर स्वयं की मर्जी से प्रेम विवाह किया है। जिसके चलते अब मेरा और मेरे परिवार का मनीषा से कोई संबंध नहीं रह गया है। मैं अपनी चल अचल संपत्ति से भी अपनी पुत्री मनीषा को बेदखल करता हूं। **सर्वेश्वर प्रसाद निवासी मावाकोट, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम मेरे पासपोर्ट में हिंदी के शब्दों में मौहम्मद जिबरान पुत्र कैसर अली व अंग्रेजी शब्दों में ( MOHAMMAD ZIBRAN s/o QUSIR Ali ) हैं, जो कि गलत है। मेरा सही नाम मेरे और आईडी कार्ड व आधार कार्ड में हिंदी के शब्दों में मौ. जिबरान पुत्र कैसर अली व अंग्रेजी के शब्दों में ( MOHD ZIBRAN s/o QUSIR Ali ) हैं, जो कि सही है। वर्तमान व भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से मेरी पहचान है और मेरी पहचान मेरे मौ. जिबरान पुत्र कैसर अली के नाम से ही रहेगी, जो बिल्कुल सही है। **मौ. जिबरान पुत्र कैसर अली निवासी मौहल्ला सरायमीर, कस्बा व परगना, तहसील नगीना, जनपद बिजनौर ( उप्र ) पिन कोड** - 246762

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री ALISHA REHMAN की सीबीएससी बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वर्ष 2022 अनुक्रमांक 25152241 के रिकार्ड में गलती से मेरा नाम MUJEEBUR REHMAN TABAUI दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम MUJEEBUR REHMAN TABANI है। मेरा आधार कार्ड संख्या 555678427030 है। अतः अनुरोध है कि मेरा नाम पुत्री के सीबीएससी बोर्ड परीक्षा के रिकार्ड में सही कर MUJEEBUR REHMAN TABANI लिखा जाए।

MUJEEBUR REHMAN TABANI C/O SHAFQUAT HUSAIN TEHSIL DHAMPUR QAZIYAN STREET VILL POST, VTC: Nindru khas, PO: Neendru, District: Bijnor, State: Uttar Pradesh, PIN Code: 246761

## एक नजर

### दिव्यांशी सेठ प्रथम स्थान पर रही



**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.टैक द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा द्विव्याशीं सेठ ने 73.00 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, सीतु ने 72.00 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं कृश कादियान ने 65.00 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) चतुर्थ सेमेस्टर सेमेस्टर की छात्रा अंशिका रानी ने 77.00 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अंजली चौधरी ने 72.56 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं एवं अक्षय कुमार ने 71.90 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम



**स्योहारा।** सीएचसी के अंतर्गत सांई इंटर कॉलेज रूपपुर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आरकेएसके के तहत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने की। डॉ. स्नेही ने कहा कि भारत सरकार ने यह योजना 2014 में शुरू की थी, जिसके तहत 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक व प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य जांचें भी की गईं। डा. श्वेता सिंह ने छात्राओं को मानसिक व शारीरिक समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। जबकि डा. राकेश कुमार ने किशोरावस्था में मानसिक बदलावों और संवाद की महत्ता बताई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं विदिशा चौहान, मानतासा परवीन रही। अंत में वंदना रानी और इकरा को लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति पांडे, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, नेत्र परीक्षण अधिकारी उमेश कुमार, स्टाफ नर्स चित्रा चौहान, एलटी राहुल, कॉलेज डायरेक्टर राहुल त्यागी, प्रबंधक प्रमोद कुमार त्यागी और प्रधानाचार्य प्रियंका कुमारी सहित लगभग 480 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एसपी से न्याय की गुहार




**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी अनुसूचित जाति की महिला शिवानी पत्नी नितिन ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति नितिन एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिनकी थाना क्षेत्र के दरोगा गौरव मलिक व पुलिसकर्मी राहुल सैनी से क्षेत्र में पुलिस द्वारा किए जा रहे कथित उत्पीड़न और अवैध वसूली को लेकर पहले भी कहासुनी हो चुकी है। इसी रंजिश के चलते पुलिसकर्मी उनसे जातिगत खलिश रखते हैं। शिवानी ने बताया कि 1 नवंबर की रात उनके पति नाराज होकर घर से चले गए थे। अगले दिन रात करीब डेढ़ बजे पुलिसकर्मी राहुल सैनी अपने साथ अन्य पुलिसवालों को लेकर उनके घर में घुस आए और पति के बारे में पूछताछ करने लगे। महिला के अनुसार, उसी रात गांव में किसी ने उनके मकान के पीछे बिजली के कटे हुए तार डाल दिए, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। शिवानी ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे पुलिसकर्मी राहुल सैनी तीन अन्य पुलिसकर्मियों के साथ दोबारा घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके पति नितिन को जबरन उठाकर थाना किरतपुर ले गए। इसी दौरान गांव सीकरी निवासी कलीम को भी पुलिस पकड़कर थाने ले आई। थाने पहुंचने पर जब महिला ने पति को छोड़ने की गुहार लगाई तो थाना प्रभारी ने जांच का हवाला देकर शाम तक छोड़ने की बात कही, परंतु देर शाम तक भी नितिन को रिहा नहीं किया गया। महिला का आरोप है कि जब उसने अपने रिश्तेदारों के साथ थाने में पति से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि पुलिसवालों ने उनके और कलीम के साथ बेरहमी से मारपीट की तथा अमानवीय यातनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने जबरन तार चोरी स्वीकार करने का दबाव बनाया और वीडियो भी बनाया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है, परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद से कराकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाए और उसके पति को न्याय दिलाया जाए।

### गंगा में दुग्धाभिषेक के साथ मेले का शुभारंभ



**नांगल सोती।** मां भगीरथी के पावन तट पर पौराणिक गंगा स्नान मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह ने फीता काटकर किया। नांगल सोती में पतित पावनी गंगा नदी के पावन तट पर चार दिन तक चलने वाले कार्तिक मेले का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय मेले हमारी संस्कृति की पहचान है। मेले में हमे आपसी भाईचारा और सदभाव देखने को मिलता है। प्राचीन भारतीय मेले हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है। इन्हें बचाये रखने के लिए हर वर्ग को आगे आने की जरूरत है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने गंगा में कूड़ा करकट न डालने और उसकी पवित्रता बनाये रखने का श्रद्धालुओं से आह्वान किया। मेलों की पवित्रता बनाये रखने के लिए उनकी साफ सफाई रखने की विशेष जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्ण सुरक्षा और व्यवस्था का भरोसा दिलाया। मेले में ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, किसान यूनियन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, मीडिया आदि के शिविर बनाये गए है। इसके गोताखोर, नाव, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित अन्य व्यवस्था की गई है। इस मौके पर नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक, ग्राम प्रधान फरमान अहमद, गार्विन चौधरी, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, अर्पण, गौतम, गोपाल शर्मा, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गुलदार का शव मिलने से हड़कंप

## वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, पोस्टमार्टम को भेजा शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव सरकथल माधो के पास मौजमपुर खास नहर की पटरी पर आज दोपहर मादा गुलदार का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने नहर किनारे झाड़ियों में पड़े एक शव को देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह एक मादा गुलदार का शव है। इसकी सूचना तत्काल ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पर डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि गुलदार की मौत दो-तीन दिन पहले हुई होगी।

फॉरेस्ट टीम ने आस-पास के क्षेत्र की सघन तलाशी ली ताकि यह पता लगाया जा सके कि आस-पास कोई और जंगली जानवर तो नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है।

वन विभाग ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर गश्त भी बढ़ा दी गई है।

## पूर्व छात्र ने शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विद्यालय के पूर्व छात्र ने विद्यालय पहुंचकर अपने गुरुजनों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र प्रोफेसर डॉ. अरविंद राजपूत ने विद्यालय पहुंच कर अपने सेवारत और रिटायर्ड शिक्षकों का सम्मान करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अरविंद राजपूत ने अपने शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहा कि बिना शिक्षकों के कोई भी शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता है। शिक्षा ही मानव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकती है, अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए हमें अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव चौहान, उपप्रधानाचार्य केशव शरण, इतिहास प्रवक्ता हरवीर सिंह, संजय कुमार गोयल भौतिक विज्ञान प्रवक्ता, सेवानिवृत प्रधानाचार्य महेशबल शर्मा, शिक्षक सुरेशचंद राजपूत, वीरेंद्र शर्मा का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके लिए समस्त विद्यालय परिवार ने अरविंद राजपूत की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## बुखार से पीड़ित व्यक्ति की मौत, परिजनों में कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बुखार से पीड़ित एक व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल बना है।

नहटौर के मोहल्ला जोशियान पश्चिमी निवासी 45 वर्षीय हिरदेश जोशी पुत्र गिरीश चंद्र को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। बताया जाता है कि सोमवार की अपराह्न करीब 3:00 बजे अचानक उसकी तबीयत खराब होने पर उसकी पत्नी दिव्या ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग भी सीएचसी में पहुंचे। हिरदेश जोशी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उनका रो-रो कर बुरा हाल बना है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। मृतक पत्नी और तीन बेटियों व एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि मृतक सीएचसी में गंभीर हालत में आया था। उसे बचाने के प्रयास किए गए। इसी दौरान उसकी मौत हो गई।

# धान क्रय केंद्र पर तौल बंद होने से नाराजगी

## छह नवम्बर तक खरीद शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में किसानों ने धान क्रय केंद्र पर तौल सुचारू रूप से शुरू कराने और स्योहारा के दोनों रेलवे फाटकों पर सड़क में बने गहरे गड्ढ़ों को सही कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि स्योहारा क्षेत्र में मात्र एक ही धान क्रय केंद्र संचालित है, लेकिन वहां कई दिनों से धान की तौल बंद है। किसान अपने धान के साथ इधर उधर भटक रहे हैं और काफी परेशान हैं। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि 6 नवम्बर तक धान की खरीद पुन: शुरू नहीं की गई तो किसान मजबूर होकर ब्लॉक कार्यालय और थाने में ही धान की तौल करेंगे। इसके साथ ही संगठन ने दोनों रेलवे फाटकों पर सड़कों में बने गहरे गड्ढ़ों को लेकर भी चिंता जताई। इस समस्या पर भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम मुरादाबाद के नाम ज्ञापन सौंपा। भाकियू ने कहा कि शीघ्र ही चीनी मिलों का नया सत्र शुरू होने जा रहा है। किसान अपने गन्ने की ढुलाई मिल तक करेंगे। ऐसे में सड़कें ठीक न होने से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। भाकियू नेताओं ने प्रशासन से दोनों प्रमुख समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने और समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने चेताया कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर सुखबीर सिंह, बिजेन्द्र त्यागी, श्याम सिंह अहलावत, वीरेंद्र सिंह, दीपक त्यागी, इस्लामुद्दीन, दीपू ढाका, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसानों की आवाज चौधरी गजेन्द्र टिकैत

**स्योहारा।** क्षेत्र में किसान समस्याओं को लेकर हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने वाले चौधरी गजेन्द्र सिंह टिकैत किसानों की आवाज बन चुके हैं। वे लगातार क्षेत्रीय स्तर पर किसानों की परेशानियों को लेकर आवाज उठाते रहते हैं। धान क्रय केंद्रों पर तौल की समस्या, गन्ना मूल्य भुगतान और सड़क सुधार जैसे मुद्दों को लेकर उन्होंने कई बार प्रशासन को चेताया है। चौधरी गजेन्द्र सिंह का कहना है कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक भाकियू का संघर्ष जारी रहेगा।

## बाइक सवार मोबाइल छीनकर फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जा रहे कैंटीन संचालक के पुत्र से दो बाईक सवार झपटा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मोबाईल छीनने की घटना को लेकर स्वास्थ्य कर्मी सकते में है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर कैंटीन चलने वाले संचालक ग्राम मच्छमार निवासी बलवंत सिंह का पुत्र मोहित कुमार कोतवाली देहात मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से हो होते हुए कैंटीन पर जा रहा था। मोहित के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गेट से कुछ ही दूरी पर दो बाईक सवार आए और मोहित के हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। मोहित ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वह मौके से भाग गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाले हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मोबाईल छीनने की घटना पर स्वास्थ्य कर्मी भी मौके पर पहुंच गए।

## बुजुर्ग का शव तालाब में तैरता मिला

**किरतपुर।** क्षेत्र के गांव छोटा पैमार में एक बुजुर्ग का शव तालाब में तैरता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भोगेन्द्र सिंह (65 वर्ष) पुत्र चतर सिंह निवासी छोटा पैमार के रूप में हुई है, जो पिछले छह दिनों से लापता था। भोगेन्द्र सिंह 29 अक्टूबर की सुबह खेत पर गए थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने आस-पास के इलाकों में तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह गांव की एक महिला ने तालाब में शव तैरता हुआ देखा और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस और स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि भोगेन्द्र सिंह की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पुष्पा देवी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में संभावना है कि भोगेन्द्र सिंह तालाब में गिर गया होगा और डूबने से उनकी मृत्यु हुई है।

# डयूकेट कंपनी का औद्योगिक भ्रमण

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ड्रोन तकनीक से जुड़े विषयों पर दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस के बीएससी कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने डयूकेट कंपनी ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण किया।

कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस के बीएससी कम्प्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने डयूकेट कंपनी ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण के पहले सत्र में छात्र-छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग की महत्ता तथा वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं ड्रोन तकनीक से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई।

औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य तकनीकी जगत में लगातार हो रहे विकास से छात्र-छात्राओं को अवगत कराना था। डयूकेट कम्पनी ग्रेटर नोएडा कम्पनी के ब्रांच मैनेजर वीर सिंह, असिस्टेंट मैनेजर जितेश माथुर, डाटा साइंटिस्ट एंड कॉरपोरेट ट्रेनर आशुतोष हिस्किल, ड्रोन ट्रेनर अभिषेक गुप्ता, मिस सपना कुशवाहा एवं सपोटिव स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी जगत में लगातार हो रहे विकास से अवगत कराया। अन्त में छात्र छात्राओं को कम्पनी के अन्तर्गत कैसे सॉफ्टवेयर विकसित किये जाते हैं इत्यादि की सभी जानकारी छात्र-छात्राओं के साथ साझा की।

कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस के चेयरमैन मनोज कुमार ने बताया कि इस तरह के औद्योगिक दौरे छात्रों को उनके भविष्य के करियर के लिए आवश्यक ज्ञान और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। साइंस कालेज की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान छात्र छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण समय समय पर करवाता रहता है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीकी व व्यवसायिक ज्ञान मिलता रहे।

कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को आईटी उद्योग के कार्य वातावरण और प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी देना था। इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रो. दीपांशु जैन, सुनील राठी और मनोज आज्ञा और छात्र-छात्राओं का भरपूर सहयोग रहा और जिसके फलस्वरूप सॉफ्टवेयर कम्पनी में छात्र-छात्राओं को तकनीकि ज्ञान के लिये एक दिवसीय भ्रमण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सका। इस भ्रमण के दौरान गोपाल स्वरूप सिंह, दीपांशु जैन, शुभांशी वर्मा, और तन्मय त्यागी मौजूद रहे।

## एक नजर

### यार्ड में खड़े कंटेनर में लगी आग



**स्योहारा।** मुरादाबाद मार्ग स्थित शुगर मिल के ट्रक यार्ड में कंटेनर नंबर यूपी21सीएन 4386 खड़ा हुआ था। रात करीब दस बजे अचानक उसमें आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही कंटेनर मालिक और आसपास खड़े ट्रक चालकों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे वाहन स्वामियों ने पास के नाले से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कंटेनर मालिक गुलजार आलम ने बताया कि उनकी गाड़ी आज ही सर्विस होकर आई थी और संभवत: शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। इस घटना में लगभग दो से ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे का शिकार



**स्योहारा।** मुरादाबाद मार्ग स्थित गैस एजेंसी के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली में भरे यूकेलिप्टिस के भारी-भरकम लठ्ठे गिरने लगे। ट्रैक्टर चालक को हल्की चोट आई है। इस दौरान मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ देर तक ट्रैफिक भी बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रॉली में इतनी ज्यादा लकड़ी भरी हुई थी कि उसकी ऊंचाई बिजली के तारों के बराबर हो गई थी। ओवरलोडिंग के कारण ही ट्रॉली का संतुलन बिगड़ा और यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर अक्सर ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना रोकटोक दौड़ती रहती हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने इस घटना पर कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को ओवरलोड वाहनों की नियमित जांच के निर्देश दे दिए गए हैं जो भी वाहन ओवरलोड पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चावल बिखरे



**शेरकोट।** बीती देर रात चालक इस्लाम भूतपुरी से चावल लेकर ट्रैक्टर ट्राली से धामपुर की ओर जा रहा था। जब वह हरेवली चौराहे के निकट पहुंचा तो तेज रफ्तार और सड़क की खराब स्थिति के कारण ट्राली पलट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारु कराया। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा की मांग की है और कहा है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण हादसे हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। वही नगर के लोगों ने हाईवे का निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि चंद दिनों पहले यह हाईवे बनाया लेकिन अभी से ही जगह-जगह से टूटने लगा है, जिसकी मरम्मत की जा रही है। लोगों ने अधिकारियों से हाईवे मामले में जांच की मांग की है।

### रासेयो ने स्वच्छता दिवस मनाया



**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत और मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में मिशन शक्ति के तहत स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की साफ-सफाई की, जिसमें महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं प्रांगण आदि को साफ किया गया। कार्यक्रम में मौहम्मद आरिफ और डा. उदिता राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को साफ सफाई के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अभिनव कुमार, नीशु कुमार, प्रशांत कुमार, कु. पल्लवी, कु. अंशिका, कु. मुनीबा, अल्फिया इमरान, शुमायला मलिक, अरीबा आफताब आदि विद्यार्थियों ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव सहित समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

### खाटू श्याम के दरबार में उमड़े श्रद्धालु



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित बाबा खाटू श्याम के 135 वे विशाल दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने भजनों और जयकारों से कार्यक्रम स्थल को श्याम मय बना दिया। इस दौरान आयोजित किए गए श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर भावपूर्ण नृत्य करते हुए बाबा के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। कॉलोनी के श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ जी महाराज के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ, जिसके मुख्य यजमान अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम टांडा बैरागी आसफाबाद चमन निवासी प्रीतम प्रकाश शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती श्याम सुंदरी शर्मा, नितिन कुमार शर्मा एवं शिवानी शर्मा, सचिन कुमार शर्मा, अर्जुन कुमार शर्मा, सुमित वशिष्ठ एवं अलका रानी वशिष्ठ तथा राजस्थान निवासी संदीप कुमार एवं अनुराधा रानी आदि रहे। पूजन कार्यक्रम प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच पंडित अमित वशिष्ठ ने संपादित कराया। इस पूरे परिवार की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया। आयोजक परिवार के इन सभी सदस्यों को जय जयकार के बीच पटके पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में धामपुर नगर के विभिन्न भागों तथा आस-पास के अनेक ग्रामों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# जिले के मिनी कुम्भ सिसौना मेले का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** जनपद के मिनी कुम्भ सिसौना मेले का शुभारम्भ हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्षा ने श्रीहरिबाबा धाम से झंडी लेकर मेले में स्थापित की।

जनपद के सिसौना डांडा घाट पर मेला बदायूं के ककोड़ा की तरह लगता है। मेले की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा श्रीहरिबाबा धााम से झंडी लाकर की जाती है। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने जिला पंचायत कर्मियों के साथ हरिबाबा धाम जाकर पूजा अर्चना की।उसके बाद धाम से झंडी लेकर मेला स्थल पर लाकर स्थापित की। उसके बाद कार्तिक स्नान को लेकर सिसौना डांडा गंगा घाट पर जिला पंचायत अधयक्ष डक्र अनामिका यादव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कराके गंगा में फल फूल और दूध चढ़ाकर मेले के आयोजन के लिए भूमि पूजन किया गया। संभल जनपद के घाट सिसौना डांडा के तट पर लगने वाले कार्तिक स्नान मेले की शुरुआत आज सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि का पूजन कराया गया।इसके बाद गंगा जी का फल फूल के साथ दूध चढ़ाकर विधि विधान से पूजन कराया गया।


**○ जिला पंचायत अध्यक्षा ने हरिबाबा धाम से झंडी लेकर की स्थापित**

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने बताया कि मेले में सभी प्रकार के खेल तमाशे का आयोजन किया जाएगा। वही मेला अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मेला परिसर में किया जाएगा। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर खड़गवंशी, नीलेश यादव, अखिलेश अग्रवाल, शांतिस्वरूप, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री अज जिले में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे।



बबराला- सिसौना डांडा गंगा मेले को भूमि पूजन करते।

# सदर विधायक व स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ परिवाद दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सावन कांवड़ियों को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में सदर विधायक और पूर्व मंत्री के खिलाफ परिवाद दज करने के एमपीएमएलए अदालत ने परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

बता दें कि सावन माह में कांवड़ियों को लेकर कथित अपमानजनक टिप्पणी पर हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष सिमरन गुप्ता की ओर से सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की अदालत में परिवाद दायर किया गया था। परिवाद में बताया गया था कि 21 जुलाई को सावन माह के दौरान पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और समाजवादी पार्टी के सदर विधायक इकबाल महमूद ने शिवभक्त कांवड़ियों को लेकर बयान दिया था। जिसमें सदर विधायक पर आरोप

**○कांवड़ियों को लेकर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप, सिमरन गुप्ता ने दायर किया है मुकदमा**

है कि उन्होने कथित रूप से कांवड़ यात्रा में शिव भक्त कम और गुंडे-मवाली अधिक होने का बयान दिया था। जबकि स्वामी प्रसाद मौर्य पर कांवड़ यात्रा में गुंडे, मवाली, माफिया जैसे लोग जाने का बयान देने एवं गुंडई करना कहने के आरोप है। जबकि सिमरन गुप्ता ने कहा है कि दोनों नेताओं के इस बयानों से हिंदू धर्म के लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। इस मामले में पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब सिविल जज सी. डि. सम्भल स्थित चन्दौसी आदित्यवीर सिंह की कोर्ट में परिवाद दायर किया गया था। सूत्रों के अनुसार अदालत ने इसे धारा 223 भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता के तहत परिवाद के रूप में दर्ज किया है। मामले में 27 नवंबर को सिमरन गुप्ता के बयान दर्ज किए जाएंगे। जिसके आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

# हाईकोर्ट का सम्भल पुलिस को झटका

**○सपा सांसद पर वर्ष 2023 में नगर पालिका परिषद व वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन मामले में दाखिल की चार्जशीट को किया ( क्वैश ) निरस्त, न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने सुनाया फैसला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने



समाजवादी पार्टी के सांसद को बड़ी राहत दी है। जहां कई मामलों में उन पर चल रही अदालती कार्यवाही पर रोक लगा दी है,वहीं आर्दश आचार संहिता उल्लंघन के दर्ज दो मामलों को निरस्त (क्वैश) कर दिया है।

समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने ने नगर पालिका परिषद के वर्ष 2023 में हुए चुनाव में प्रत्याशी यासीन सम्भली की पत्नी फरहाना का सर्मथन किया था। सर्मथन में उन्होने चुनावी सभा की थी। बिना अनुमति प्रचार/सभा करने पर हयात नगरी पुलिस ने उनके खिलाफ आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। हयात नगर थाना पुलिस ने अपराध संख्या 114/23 धारा 188,171 एच पर दर्ज मामले की जांच करते हुए न्यायालय में चार्जशीट दायर की थी अदालत से दंडित करने की गुहार लगायी थी। जबकि थाना हयात नगर की पुलिस ने ही वर्ष 2024 में अपराध संख्या 11/24 धारा 188,171-एच भारतीय दंड संहिता के तहत लोकसभा चुनाव के दौरान आर्दश आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। हयात नगर पुलिस ने दोनों ही मामलों की जांच कर चार्जशीट अदालत में दायर कर दंडित करने की गुहार लगायी थी। मामला जनपद सम्भल सिलिस जज सी.डि. सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट पर सिविल जर्ज सी. डि./एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क की चार्जशीट पर संज्ञान लेकर 19 फरवरी 2025 में तलब किया था। जिसके खिलाफ समाजवादी पार्टी के सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क ने एमपी/एमएलए कोर्ट में दायर की गई चार्जशीट पर संज्ञान लेकर उनको जारी किए गए समन और चार्जशीट को निरस्त करने को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने सुनवायी की। याचिका कर्ता के अधिवक्ता सय्यद इकबाल अहमद और आकिब इश्तियाक ने बताया कि उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ के न्यायमूर्ति समीर जैन ने उनकी दलीलों को विस्तार पूर्वक सुना। जबकि सरकार के वकील की ओर से भी अपने तर्क पेश किए गए। न्यायमूर्ति ने याची और सरकार के अधिवक्ता की दलीलों को सुनकर दोनों ही मामलों को निरस्त (क्वैश) करने के आदेश दिए है। इसके उन्होने बताया कि सपा सांसद के खिलाफ कई अन्य मामलों में भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने विभिन्न अदालतों में विचाराधीन मुकदमों की सुनवायी पर भी रोक लगा दी है। फिलहाल सपा सांसद के खिलाफ दर्ज मुकदमों में आचार आचार सहिता उल्लंघन की दो की चाजशीट निरस्त कर देने व अन्य में सुनवायी पर रोक लगा देने के आदेश से बड़ी राहत मिली है। सांसद के अधिवक्ता फरीद अहमद ने बताया कि आदेशों को अदालतों में दखिल किया जायेगा।

# नज़्र सरकार वारिस में दिया मौहब्बत का पैगाम



सम्भल- नज़्र वारिस पाक में अमन के पैगाम के साथ दुआ करते अकीदतमंद।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकार वारिस पाक आलम पनाह के वार्षिक जश्न के उपलक्ष्य मे इस बार नज़्र सरकार वारिस पाक का आयोजन परम्परागत तरीके से किया गया। अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ करते हुए आपसी सौहार्द का पैगाम दिया गया।

नगर के मौहल्ला कोट गर्बी स्थित वारसी हाउस मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मशहूर सूफी संत दरगाह देवा शरीफ बाराबंकी, हजरत सैयद सरकार वारिस पाक आलम पनाह, आलम नवाज की शान मे हर वर्ष मनाये जाने वाले जश्ने वारिस पाक को इस बार देवा शरीफ दरगाह के हुक्म के मुताबिक नज़्र सरकार वारिस पाक के तौर पर परम्परागत तरीके से आयोजित किया गया। जिसमे मुकद्दस किताब की तिलावत हुई और महफिले मिलाद पाक, नातो मनकबत और मौला ए कायनात की नज़्र व रात बाद नमाज ईशा ज़िक्रे पंजतन पाक किया गया। इसके बाद महफिले समा का आगाज अकरम शान वारसी कव्वाल ने मन कुन्तो अली मौला के कॉल को पेश करते हुए सरकार पाक की शान मे सूफियाना कलाम पेश किए और सबको झूमने पर मजबूर कर

**○वारसी हाउस कोट गर्बी में अतिथियों का सम्मान**

दिया। अंत मे रंग पढ़ा गया और सरकार की नज़्र पेश करते हुए मुल्क व शहर मे अमन शांति को दुआ की गई। आपसी सौहार्द कायम रखने पर बल देते हुए मौहब्बत का पैगाम दिया। परवेज वारसी ने बोलते हुए कहा कि आपसी भाईचारा और मौहब्बत का पैगाम जो सरकार आलम पनाह वारिसे पाक ने दिया था कि सुना सुना मौहब्बत करो, इस पैगमा को हमे लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है। अंत मे सभी को तर्बरूक तकसीम किया गया और मेहमानों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजन हाजी मौहम्मद नसीम वारसी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम मे सूफी साबिर हुसैन, हुसैन शाह, नूर शाह, चौधरी मुदब्बिर, इस्लाम साबरी, अकरम पहलवान वारसी, मुशर्रु अली कादरी, हकीम बुरहान सम्भली, सुल्तान वारसी, फरजन्द अली वारसी, मुदस्सिर वारसी, फुरकान वारसी, मोहसिन कादरी, रेहान वारसी, सुहैल वारसी, शकील अहमद वारसी, तंजीम वारसी, कामिल वारसी, ताहिर हुसैन, कारी जाकिर आदि मौजूद रहे।

# हज उमराह अल्लाह पाक का उपहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हज उमराह पर जाने से पूर्व महफिले जलसे का आयोजन कर उमराह की फजीलत बयान की।

गढ़ी बिचौला में आयोजित जलसे का आगाज मुकद्दस किताब की तिलावत से किया गया। इसके बाद नात ख्वा ने नाते पाक पेश कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। मौलाना इरशाद मिस्बाही ने कहा कि वह लोग बेहद खुश नसीब है जो खाना ए काबा और मदीना ए मुनव्वरा का दीदार करते है। उमरा हो या हज यह नसीब वालों को

**○हज उमराह से पूर्व जलसे में बयां की फजीलत**

अल्लाह पाक उपहार देता है। जो हैसियत वाले है और न उमरा कर पाए और न हज उनको कोशिश करनी चाहिए अल्लाह पाक जरूर पूरी करता है, उमरा करने से इंसान को एक बेहतर जिन्दगी जीने का मौका मिलता है। इस मौके पर कल्लू शाह, रहीसन, इंसाफ अली, फातमा, साबरीन का फूल मालाओं से इस्तकबाल करते हुए रवाना किया गया।

## भारत की जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने किया हर्ष व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को महिला विश्व कप के फाइनल में 52 रन से हराकर जीत अपने नाम की।जिस पर क्रिकेट प्रेमियों हर्ष व्यक्त किया।

भारत की महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अपीका को हराकर विश्व कप ट्रफी अपने नाम कर ली।जिस पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारत ने दक्षिण अपीका के मुंह से जीत छीन ली। भारत टीम की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई।भारतीय क्रिकेट इतिहास के लिए बेहद ही खास बन गई।महिला विश्व कप भारत ने जीतकर सभी को गौरवान्वित किया है।इस दौरान केशव वार्ष्णेय, किशनपाल, विनय वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, ईशु वार्ष्णेय, कल्लू वार्ष्णेय, रविराज वार्ष्णेय, संजीव कुमार, बंटी, सुनील कुमार, एके शर्मा, आनन्द प्रकाश, हरवेंद्र शर्मा, अनुराग यादव, रिंकू आदि रहे।

# प्रोफेसर नवेद ने सेखो मैराथन में गाढ़ा झंडा

**○दिल्ली में हुई सेखो मैराथन में हासिल किया पदक**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय वायु सेना के तत्वावधान में परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों को समर्पित प्रथम सेखों मैराथन में एमजीएम पीजी कॉलेज के प्रोफेसर ने पदक हासिल कर नगर व महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों को समर्पित मैराथन का आयोजन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में किया गया था। मैराथन में देश विदेश के अनेकों धावकों समेत तीनों भारतीय सेनाओं के जवानों ने भी बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। इन्ही में शहर सम्भल स्थित एमजीएम पीजी कॉलेज में उर्दू विभाग के प्रोफेसर डा. नवेद खान ने भी इस मैराथन में प्रतिभाग किया था। मैराथन में अन्य धावकों के साथ दौड़े प्रोफेसर नवेद खान ने पदक हासिल किया। गौरतलब है कि प्रोफेसर डा. नवेद खघन ने इस मैराथन में 10 किमी की रेस 50 मिनट में पूरी की। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ ने डा. नवेद खान की इस उपलब्धि पर पर हष जताया। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने कहा कि आज की इस व्यस्त दिनचर्या में अपने आप को फिट रखने के लिए कुछ न कुछ शारीरिक गतिविधि बहुत जरूरी है और इसके लिए सबसे बेहतर अपनी क्षमता अनुसार रोजाना सुबह या शाम में दौड़ लगाना है। डा. नवेद खान ने बताया कि आजकल के युवाओं को चाहिए कि वो मोबाइल की लत छोड़ कर शारीरिक गतिविधि पर ज़्यादा जोर दें और रोजाना कम से कम पांच किलोमीटर की दौड़ जरूर लगाएं। दौड़ लगाना न सिर्फ फिट रहने के लिए जरूरी है बल्कि युवा अच्छे धावक बनकर इसमें अपना कैरियर भी बना सकते हैं। डा. नवेद खान ने आगे बताया कि वो रोजाना सुबह 5 बजे उठ कर कम से कम 10 किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं एवं अब तक एक बार में 25 किलोमीटर की दौड़ लगा चुके हैं। अब वो जल्द ही फुल मैराथन 42.2 किलोमीटर दौड़ेंगे। ध्यान रहे कि सेखों भारतीय वायु सेना मैराथन में शहर संभल से सम्भल रनर्स के कुछ सदस्यों मोहम्मद हसीब, शजर साजी, हकीम अख्तरुल ईमान, अनहार दूल्हा, मोहम्मद गयास और मोहम्मद शाहरुख ने भी प्रतिभाग कर मैडल प्राप्त किया।



सम्भल-जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम सेखो मैराथन में प्रतिभाग करते नवेद खान।

# मिलेटस खाने से बीपी कोलेस्ट्रोल आदि बीमारियों में होता है लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीश खादय सुरक्षा एवं पोषण मिशन न्यूट्रीशियन्स घटक योजना के तहत जनपद स्तरीय महोत्सव दो दिवसीय मेने का आयो कर किसानों को जागरूक किया गया।

विकासखंड रजपुरा के सिसौना डांडा के प्रांगण में आयोजित मिलेटस महोत्सव मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्षा डा. अनामिका यादव ने मां सरस्वती की पूजा वंदना और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक कार्यालय के विषय वस्तु विशेषज्ञ चन्द्रपाल ने संचालन करते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित श्रीअन्न योजना की जानकारी दी। उन्होने किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराने पर ज़ोर देते हुए रजिस्ट्री नहीं कराने वालों को आगामी पीएम किसान निधि की अगली किस्त रूक जाने की चेतावनी दी। जबकि कार्यक्रम के अगले चरण



में कृषि विज्ञान केन्द के वैज्ञानिक डा. पंकज कुमार ने किसानों को श्री अन्न मिलेटस रखने के फायदे और उपभोग करने को जागरूक किया। उन्होने किसानों को श्री अन्न की खेती के बरारे में विस्तार से जानकारी दी। डा. पंकज ने बताया कि मिलेटस खाने से शुगर, हाई बीपी, कोलेस्ट्रोल, व अन्य बीमारियों में लाभ होता है। जबकि इसकी खेती करने में लागत भी कम आती है। इसके अलावा किसानों की आय दोगुनी होती है। प्रगतिशील कृषक संजय शर्मा ने किसानों से प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के बारे में जानकारी न्रदान करीते हुए श्री अन्न मिलेटस की खेती के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नमामी गंगे योजना के तहत फोस्टर सर्टिफिकेशन कम्पनी के सहायक प्रोजेक्टर मैनेजर ने किसानों को नमामि गंगे योजना की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जिले के स्थानीय कलाकरारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से मिलेटस के प्रति किसानों को जागरूक किया। डा. अय्यूब ख़ाां ने मतस्य सम्पदना योजना के तहत मोती पालन (सीप) के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। फार्मर प्रोडयूसर उत्पादक संगठन के सीईओ आशुतोष ने एफआरओ तथा श्रीअन्न की विस्तार से जानकारी देकर लाभों की भी जानकारी दी और रीअन्न की खेती को जागरूक किया। उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की जिले में संचालित योजनाओं, बीज वितरण, कृषि निवेश आदि पर किसानों को जानकारी प्रदान की और मिलेटस के डबल लाभ के बारे में बताया। उन्होने कहा कि श्रीअन्न हमारे जीवन में चमत्कारी परिवर्तन ला सकते हैं इन्हे हमे अपने खाने और फसल उगाने के लिए संकल्पित होना पड़ेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों को उर्वरक के प्रयोग सीमति मात्रा व आवश्यकतानुसार करने की जानकारी दी। इसके अलावा श्रीअन्न मिलेटस की खेती करने व इसके लाभों के बारे में किसानों को जानकारी दी।

# बालिकाओं को स्वालम्बन के लिए किया जागरूक



सम्भल- मिशन शक्ति फेस 5 के तहत बालिकाओं को जागरूक करते।

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण को लेकर चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकत शर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/ कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ. प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी.एम. स्वानिधि योजना, पी.एम. सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी.एम. हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा की जानकारी दी।

# यातयात नियमों का पालन करना कानूनी दायित्व के साथ जीवन की सुरक्षा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात नवम्बर माह में स्कूलों व चौराहों पर अभियान चलाकर जागरूक नियमों का पालन करने को प्रेरित किया।

जनपद में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक कुमार के नेतृत्व में यातयात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नवम्बर माह यातायात जागरूकता अभियान में यातायात पुलिस सम्भल की टीम ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, एसएम चिड्रन ऐकेडमी, टांडा-सिसौना मेले व जनपद में विभिन्न स्थानों पर राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दीं। स्कूलों में बच्चों व मुख्य स्थानों व चौराहों पर लोगों को यह समझाया गया कि थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती



सम्भल- यातायात नियमों को जागरूकता कार्यक्रम व गंगा मेले में यातायात व्यवस्था की जानकारी देते

है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना न केवल एक कानूनी दायित्व है, बल्कि जीवन की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी भी है। इस मौके पर यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने की सख्त सलाह दी। पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक संकेतों और निर्धारित मार्गों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# मानसिक श्रम व्यक्तित्व विकास कार्य कठिन, असम्भव नहीं: रियाज

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अल्लामा इकबाल फाउंडेशन संभल के तत्वावधान में उर्दू भाषा एवं शिक्षा से संबंधित सप्ताह भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रथम कार्यक्रम में महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में वक्ताओं ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली, वर्तमान युग की नई शैक्षिक आवश्यकताओं और उर्दू को एक भाषा एवं रोजगार के स्रोत के रूप में प्रस्तुत करने विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

आमना पब्लिक स्कूल घुंघावली में आयोजित समारोह समारोह के प्रथम कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक से की। जबकि वक्ताओं ने शैक्षणिक एवं साहित्यिक चर्चा की। साहिल स्टडी प्वाइंट के निदेशक बदर जमाल साहिल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के मध्यम



से विद्यार्थियों को वर्तमान युग की शैक्षिक आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं से अवगत कराया और उन्हें साहस एवं कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट शिक्षण पद्वतियों को अपनाने की सलाह दी ताकि कम समय और कम प्रयास में अधिाक प्रभावी परिणाम प्राप्त किए जा सकें। एम.जी.एम. कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रियाज अनवर ने चर्चा जारी रखते हुए कहा कि शारीरिक श्रम की अपेक्षा मानसिक श्रम द्वारा व्यक्तित्व विकास का कार्य थोड़ा कठिन तो है, परन्तु असंभव नहीं है। इसालिए छात्र अपनी पाठयचर्या के साथ-साथ आधुनिक संसाधनों का उपयोग करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और सम्भल जैसे छोटे शहर में रहते हुए भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सलाहकार एवं समाजसेवी मुशीर खान तरीन ने छात्रों और विद्यालय प्रशासन को शानदार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी और संभल के शिक्षण संस्थानों में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन शफीकुर्रहमान बरकाती ने किया। जबकि स्कूल प्रबंधक मुहम्मद रेहान खान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की चर्चाओं से छात्रों का उत्साहवधन होता है और वे नई ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर तनवीर हुसैन अशरफी, मुहम्मद शान आलम, डा. तौफीक अहमद, मु.आजम, बब्ब खान आदि मौजूद रहे।

# रंजिश के चलते की गई थी पल्लेदार की हत्या पुलिस ने महिला सहित तीन को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने पिछले वर्ष हुई पल्लेदार की हत्या की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने प्रेम प्रसंग में बाधा और पुरानी रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने सोमवार को इस मामले में अजय उर्फ प्रमोद, सूरज और पिंकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 जून 2024 को प्रीतमनगर निवासी सीताराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि उनके पुत्र की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में थाना मझोला पर मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस



अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन एवं प्रभारी निरीक्षक मझोला के नेतृत्व में जांच की गई।मुख्य आरोपी अजय ने पुलिस को बताया कि वह और मृतक मंडी समिति में पल्लेदारी का काम करते थे। करीब डेढ़ माह पहले गाड़ी उतारने को लेकर दोनों में विवाद हो गया था। मृतक ने अपने भाई को बुलाकर अजय को पीटा और उसकी बेइज्जती की। इसके बाद मालिक से शिकायत कर उसे काम से भी निकलवा दिया। इसी अपमान का बदला लेने की नीयत से अजय ने मृतक को मारने की ठान ली।इसी दौरान उसकी दोस्ती सूरज से हुई, जो पिंकी नाम की महिला से प्रेम करता था। मृतक दोनों के प्रेम संबंधों में बाधक बन रहा था। तीनों ने मिलकर युवक को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 19 जून 2024 को पिंकी ने मृतक की गतिविधियों की जानकारी सूरज को दी। योजना के अनुसार जैसे ही मृतक मंदिर के पास पहुँचा, अजय ने तमंचे से उसे गोली मार दी और दोनों फरार हो गए। आरोपी ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त तमंचा नाले में फेंक दिया था।पुलिस ने तीनों आरो. पियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## वीनस शुगर मिल मझावली में पेराई सत्र 2025-26 का विधिवत शुभारंभ

**चन्दौसी।** मझावली स्थित वीनस शुगर मिल के पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ सोमवार को विधिवत किया गया। वीनस ग्रुप के एमडी अतुल कुमार सिंह एवं सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से रिबन काटकर एवं चौन में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मेरठ से आये पंडित चरणदत्त कात्यायन द्वारा विधिवत एवं पूजा-अर्चना की गई। यज्ञ में सभी ने आहुतियां देकर पेराई सत्र 2025-26 के सफलतापूर्वक संच. ालन की प्रार्थना की गई। इस दौरान सीईओ अनुपल कुमार सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष हिमांशु प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष वाई.पी. सिंह, सहायक उपाध्यक्ष आर.के. सिंह, जिला गन्ना अधिकारी धनीराम, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विनोद त्रिपाठी, सचिव दयाराम, सुबोध शर्मा, जितेन्द्र सिंह, युवराज सिंह, मिल अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो भाईयों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**भोजपुर।** मुंबई के कपड़ा व्यापारी ने उत्तराखंड के गांव चकरपुर बाजपुर एवं थाना टांडा के गांव लालपुर निवासी दो भाईयों के खिलाफ भोजपुर क्षेत्र में रास्ते में कार को ओवरटेक कर रोककर फायर करने एवं रुपयों का तकाजा करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में रामपुर के गांव मुकर्रमपुर थाना स्वार के मूल निवासी अरमान पुत्र अशरफ ने कहा है कि बीस वर्षों से परिवार के साथ मुंबई में रहकर कोट पेंट के कपड़े का व्यापार करता हूं। दो महीने से गांव में आया हुआ हूं। 29 नवंबर को कार से अपनी पत्नी बच्चों और मम्मी को महानगर में स्थित निजी अस्पताल से दवाई दिलाकर अपने घर गांव मुकर्रमपुर को लौट रहा था। रास्ते में गांव गणेशपुर के निकट ढेला नदी पुल से गांव देवीपुरा को जाने वाले बाईपास पर पीछे से दो बाइकों पर सवार थाना टांडा के गांव लालपुर निवासी दो भाईयों जुनैद व दानिश पुत्र शौकत अली एवं उत्तराखंड के गांव चकरपुर बाजपुर निवासी फईम उर्फ समद पुत्र कदीर ने ओवरटेक कर कार को रोक. कर फायर कर दिया। व्यापारी ने बताया कि आरोपियों पर 1करोड़ 80 लाख रुपए उधार हैं। तीनों के खिलाफ थाना टांडा में धोखाधड़ी का केस दर्ज हैं जिसमें जांच चल रही है। आरोपी उधार का तकाजा करने एवं लंबित मुकदमें को वापस नही लेने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोदाम से चोरों ने उड़ाया बैट्रा, गोदाम स्वामी ने पुलिस से की शिकायत

**भोजपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** गांव गणेशपुर- देवीपुरा रोड पर मोहल्ला बगियवाला निवासी मुख्त्यार का पुराने प्लास्टिक का गोदाम है। गोदाम पर देखभाल करने के लिए रात को चौकीदार रहता है। सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। व्यापारी का कहना है कि शनिवार की रात को चोर दीवार कूदकर गोदाम में घुसकर जरनेटर पर लगा बैटरा चोरी कर ले गया। व्यापारी का कहना है कि 22 नबंवर की रात को भी चोर गोदाम से बैटरा चोरी कर ले गया था। अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी पर उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई।ध्दस दिन में दूसरी बार चोर ने बैटरा चोरी करने की घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोर का पता लगाने में जुटी है।

### तहसील दिवस में आई 39 शिकायतों में पांच का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** एडीएम की अध्यक्षता में आज तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी 39 शिकायत दर्ज कराई जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में करने का एडीएम ने निर्देश दिया उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक और समय से होना चाहिए शिकायतकर्ता को फोन करके निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जाना चाहिए।

इस मौके पर एसडीएम संत दास पवार नायब तहसीलदार योगेश शर्मा सहित अन्य काफी विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम के विश्वकप जीतने पर मनाया जश्न

**चन्दौसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतने की खुशी में फुब्बारा चौक पर क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी, मिष्ठान और भारत माता की जय के नारों के साथ जश्न मनाया। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि देश की भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक जीत हासिल करके बता दिया है कि भारत विश्व का उभरता हुआ देश है। जिसमे हर प्रकार की प्रतिभाएं निवास करती है। उनकी जीत हर नारी को प्रेरणा प्रदान करेगी। जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा कि भारत की बेटियों ने देश के 140 करोड़ नागरिकों का सीना चौड़ा कर दिया है। हमे उन पर गर्व है। भारत को विश्व को दिलाने के लिए भारतीय टीम की जितने तारीफ की जाए कम है। उनके जज्बे को सैल्यूट है। डॉ टी. एस. पाल ने कहा कि भारत की बेटियां हर खेल में भारत का नाम रोशन कर रहीं हैं। उनकी कढ़ी मेहनत और लगन में लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बार-बार बधाई। प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा कि भारत की खिलाडिध्यों ने जिस जोश और जज्बे से विश्वकप जीता वो तारीफे काबिल है उसी जश्न आज पूरा देश मना रहा है। इस दौरान नगर महामंत्री एड. शुभम अग्रवाल, अभिनव शर्मा, योगेश गोल्डन, मोनिका वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, प्रीति शर्मा, सीमा अग्रवाल, आरती सिंह, शालू, विक्रांत लाल, मोहित, हिमांशु, मेधांश गोल्डन आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना समिति में धन्यवाद बैठक का हुआ आयोजन




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरकार द्वारा गन्ने का दाम 30 रुपए बढ़ाए जाने को लेकर आज सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ में धन्यवाद बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गन्ना समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र बिश्नोई पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू एवं अन्य डायरेक्टर ने सरकार द्वारा गन्ने का भाव बढ़ाए जाने को लेकर खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बताया कि एक प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा जिसके माध्यम से किसानों के लिए अच्छा करने को लेकर धन्यवाद प्रेषित किया जाएगा। राजेश कुमार चुन्नू ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में कई ऐतिहासिक काम किए लेकिन किसान पूरी तरह से उनका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक होना होगा और सरकार से मिल रही सुविधाओं का लाभ लेना होगा।

उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई हर घर उजाला योजना ट्रैक्टर छूट योजना ट्यूबवेल योजना एवं अन्य किसानों के लिए संचालित हुई योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि किसान इनका लाभ उठाएं। इस मौके पर डायरेक्टर गौरव चौधरी के साथ-साथ चौधरी हुकम सिंह सोमवीर सिंह गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह बंटी चौहान सोमवीर सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# सतर्कता और जानकारी साइबर अपराध से सुरक्षा के लिए जरूरी : शाह आलम

## एएम पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामनगर मझरा स्थित एएम पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया जिसने



छात्र-छात्राओं को इंटरनेट की दुनिया में बढ़ते खतरों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को फर्जी लिंक,ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग,अश्लील कंटेंट और सोशल मीडिया पर होने वाली ठगी से सावधान रहने की सलाह देते हुए ज्ञान सेतु इंडिया टीम के सदस्य राहत ए जैदी ने कहा,षडिजिटल युग में जितने अवसर हैं, उतने ही खतरे भी छिपे हैं। सतर्कता और सही जानकारी ही साइबर अपराध से सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है।ष उन्होंने बच्चों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अनजान व्यक्तियों से सोशल मीडिया पर संपर्क न करने, संदिग्ध लिंक या वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी न भरने और पासवर्ड, ओटीपी तथा बैंक संबंधित विवरण किसी से साझा न करने की सलाह दी। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धमकी या बुलिंग की सूचना तुरंत अभिभावकों या पुलिस को देने को कहा। इस दौरान प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा-आज के डिजिटल युग में बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने में सहायक हैं। साइबर अपराध की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा कि अगर कोई साइबर ठगी का शिकार होता है, तो तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करें और नजदीकी थाने से संपर्क करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण, अभिभावक प्रति. निधि एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बच्चों के मन में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी, प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी,सुखविंदर कौर,प्रीति चतुर्वेदी, मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी, ईशा परवीन,इकरार अहमद, वैष्णवी, नेहा परवीन, कशिश, नीतू, राशि, रितिका, शिवानी, रश्मि, आदि शामिल रहे। संचालन राशि एवं ईशा परवीन ने संयुक्त रूप से किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई दुकानों से लिए पनीर-मावा के नमूने

**ठाकुरद्वारा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शहर की विभिन्न दुकानों पर छापामारी करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए गए। इस अभियान का उद्देश्य बिक्री के लिए पेश खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करना है। यह जांच अभियान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित दुकानों से पनीर, मावा, मिठाई और बताशे जैसे नमूने लिए। इन सभी सैंपलों को आगे की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नमूना संग्रह के दौरान स्थानीय व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भी विभागीय अधिकारियों का पूरा सहयोग किया। उन्होंने इस कार्रवाई को उपभोक्ताओं के हित में एक सराहनीय कदम बताया। डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी नमूने में मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या उसमें मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग का यह अभियान नगर में जारी रहेगा।

# शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, समायोजन वापसी आदेश पर लगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** परिषदीय शिक्षकों के समायोजन से संबंधित मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन था। अपना समायोजन बचाने के लिए हाईकोर्ट गए शिक्षकों को न्यायालय से स्टे (अस्थायी रोक) प्राप्त हुई है, जिससे उन शिक्षकों ने राहत की सांस ली है जो नए विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे थे। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि 'इस प्रकरण में शिक्षकों की कोई गलती नहीं है, उन्होंने केवल विभागीय आद. ेशों का पालन किया है।' बताते चलें कि जुलाई-2025 में प्रदेशभर के हजारों शिक्षकों का समायोजन विभाग द्वारा किया गया था, जिसकी सूची बेसिक शिक्षा सचिव ने जारी की थी। शिक्षकों को उनके पुराने विद्यालय से कार्यमुक्त कर सक्षम अधिकारी द्वारा नए विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कराया गया था। उस समय यह समस्या सामने आई कि जिन विद्यालयों से शिक्षक कार्यमुक्त हुए, वे विद्यालय एकल (सिंगल टीचर) बन रहे थे हालांकि बाद में विभाग ने स्पष्ट किया कि कई विद्यालयों में शिक्षामित्र भी कार्यरत हैं, अतः वे पूर्ण रूप से एकल नहीं हैं। इसके बाद महानिदेशक, स्कूल शिक्षा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समायोजित शिक्षकों को हर स्थिति में नए विद्यालय में कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी कहा गया कि एकल हुए विद्यालयों में समायोजन-3 प्रक्रिया के तहत नए शिक्षक भेजे जाएंगे। समायोजित शिक्षक पिछले चार माह से अपने नए विद्यालयों में नियमित शिक्षण कार्य कर रहे हैं। वहीं, कुछ जिलों में एकल विद्यालय के शिक्षकों ने अपने पुराने विद्यालय से गए शिक्षकों की वापसी के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद कुछ जिलों के बीएसए द्वारा समायोजित शिक्षकों की वापसी के आदेश जारी कर दिए गए, जबकि बेसिक शिक्षा सचिव की ओर से ऐसा कोई निर्देश नहीं था। वापसी के इन आदेशों के खिलाफ समायोजित शिक्षकों ने भी हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की और कहा कि समायोजन निरस्त करने से न केवल नए विद्यालय के छात्रों की शिक्षा प्रभावित होगी, बल्कि शिक्षकों का मानसिक शोषण भी होगा, क्योंकि वे अपने परिवार सहित नए स्थान पर स्थानांतरित हो चुके हैं। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि समायोजन यथावत रखने से किसी पक्ष को कोई प्रतिकूल हानि नहीं होगी। हाईकोर्ट ने 03 नवंबर 2025 को हुई सुनवाई में समायोजित शिक्षकों के पक्ष में अंतरिम राहत देते हुए वापसी आदेशों पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायालय ने यह भी माना कि पूर्व में भी ऐसे कई विद्यालय एकल बने हैं, जहाँ 1 ए.टी. (सहायक अध्यापक) एवं एक से अधिक शिक्षामित्र कार्यरत हैं, इसलिए उन्हें पूर्ण एकल विद्यालय नहीं माना जा सकता। वर्तमान में समायोजन-3 की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है, जिसके तहत एकल विद्यालयों में नए अध्यापक भेजे जाएंगे।

## 35बी रेलवे फाटक पर रोड सरफेस मरम्मत कार्य को मिली मंजूरी

**चन्दौसी।** नगर के मालगोदाम रोड स्थित 35बी रेलवे फाटक (कब्रिस्तान वाला फाटक) की जर्जर स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को लंबे समय से आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह स्वयं मौके पर पहुंचीं और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत व निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के मात्र तीन दिन के भीतर ही उनकी नियमित मॉनिटरिंग और सक्रिय पहल का परिणाम यह रहा कि सोमवार को रेलवे विभाग द्वारा फाटक के समुचित निर्माण कार्य के लिए आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्रवाई पर ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह का आभार व्यक्त किया है और कहा कि उनके प्रयासों से अब इस मार्ग पर आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा।

**बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपनी पुत्री रूपवती देवी पुत्री नन्हे को अपनी मर्जी से शादी करने तथा गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (आक) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में रूपवती देवी व उसके पति शिवम पुत्र भागीरथ निवासी उपरोक्त के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदम. ेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। दिनांक 29. 10. 2025 के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **नन्हे पुत्र श्री मोहन निवासी ग्राम मकान नंबर 71 त्रिलोकपुर पोस्ट काफियाबाद थाना भोजपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद**

# श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान में भक्तिभाव के साथ अर्घ्य समर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान का पांचवां दिन जैन दर्शन के हृदय- सम्यक दर्शन की प्राप्ति पर गहन चिंतन-मनन के लिए समर्पित रहा। प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज, मुनि श्री सभ्यानंद जी मुनिराज, कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 प्रबुद्धानंद जी महाराज सरीखे जैन संतों के पावन सान्निध्य और उनके ओजस्वी, दार्शनिक उपदेशों ने श्रद्धालुओं को मोक्ष मार्ग के प्रथम सीढ़ी की आंतरिक प्रक्रिया से अवगत कराया। कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ शांतिनाथ भगवान के अभिषेक से हुआ। मंगल शांतिधारा करने का परम सौभाग्य महायज्ञ नायक के रूप में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका में ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन आदि को मिला। उल्लेखनीय है, श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान में सुभद्रा चक्रवती- श्रीमती ऋचा जैन, श्री ऋषि जैन सौधर्म इन्द्र, श्रीमती निधि जैन- शचि इंद्राणी,



वीसी प्रो. वीके जैन- महामंडलेश्वर, श्री मनोज जैन- बाहुबली, प्रो. विपिन जैन-कुबेर की भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। इस सुअवसर पर श्रीमती वीना जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। विधान में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ अर्घ्य समर्पित किए। श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान में सम्राट भरत चक्रवर्ती- ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन ने समोशरण में विरा. जमान उपाध्याय महाराज से पूछे, हे गुरूवर, सम्यक दर्शन कैसे प्राप्त किया जा सकता है? उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने कर्म सिद्धांत के अनुसार सम्यक दर्शन की प्राप्ति की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। श्री 108 प्रज्ञानंद ने कहा, सम्यक दर्शन का अर्थ है- सच्चे तत्त्वों का यथार्थ ज्ञान और आत्म-स्वरूप पर अटूट विश्वास। यह कोई बाहरी उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मा की मूल शुद्ध अवस्था है, जो मोहनीय कर्म के आवरण से ढकी हुई है। सम्यक दर्शन तब प्रकट होता है, जब आत्मा पर छाया हुआ अनंतानुबंधी कषाय- क्रोध, मान, माया, लोभ और दर्शन मोहनीय कर्म या तो शांत हो जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं।

क्षुल्लक श्री ने कहा कि कल्पद्रुम विधान जैसी शुभ क्रियाएं इसी विशुद्धि को बढ़ाती हैं, जो सम्यक दर्शन की प्राप्ति का अनिवार्य आधार है। विधान में विरा. जमान समस्त मुनि संघ और आर्यिका रत्न ज्ञानमति माताजी के निमित्त भी विशेष अर्घ्य समर्पित किए गए। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और समर्पण के भाव से प्रभु के चरणों में अर्घ्य समर्पित किया। रिद्धि-सिद्धि भवन में गूंजते भक्तिमय संगीत और मंत्रों के बीच श्रावक-श्राविकाएं भक्ति की पराकाष्ठा में झूम उठे। श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान में प्रो. रवि जैन, डॉ. कल्पना जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय किराया प्राधिकरण मुरादाबाद/ए०डी०एम० सिटी, महोदय मुरादाबाद।**
वाद सं.:-डी-202513540002795
**तारीख पेशी:** 06.11.2025
**मुकेश धवन**
**बनाम**
श्री सुल्तान अहमद पुत्र अजीज अहमद मरहूम निवासी मौहल्ला जामा मस्जिद, क्वाटर नं. 52, नगर निगम की पुरानी चुंगी के सामने, मुरादाबाद। हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक नालिश बावत प्रश्नगत दुकान रिलीज किये जाने हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 06 माह 11 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या हाजिर हो और जो जवाब देही दावे की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें। जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूआ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज बतारीख 10 के माह 10 सन् 2025 को जारी किया है।
**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट जनपद-मुरादाबाद।**

वाद के निर्णय हेतु सम्मन
आदेश 5 नियम 1 व 5 दीवानी प्रक्रिया संहिता सन् ई. अपर हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)
**न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी सदर, महादेय-जनपद मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** टी-202513540111487
अनस वसी आदि **बनाम** पुष्पेन्द्र सिंह आदि।
**धारा: 116 उ0 प्र0 राजस्व सहिंता ग्राम गोवर्धनपुर एहतमाली तहसील व जिला मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 13.11.2025
**विपक्षीगण**-1.संधिया रानी यादव पत्नी स्व. यश यादव, 2. मनतब यादव नाबालिग आयु 9 वर्ष पुत्र यश यादव, 3. कु. आध्या नाबा. लिग आयु 4 वर्ष पुत्री यश यादव संरक्षिका माता संधिया रानी यादव निवासी अहिरो वाला मंदिर के पास कटघर गाड़ीखाना शहर मुरादाबाद, 4. गाँव सभा/गाँव पंचायत ग्राम गोवर्धनपुर एहतमाली तहसील व मुरादाबाद द्वारा उसके अध्यक्ष/प्रधान स्पष्ट हो कि आपके नाम वाद विभाजन दायर किया गया है अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 13.11.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन निर्देशित स्थान पर स्वयं/अपने अधिवक्ता के माध्यम से वाद की उपस्थित में पूर्ण रूप से उपस्थित हो एवं वाद से सम्बंधित समस्त महत्पूर्ण आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर सके या उसके साथ कोई और व्यक्ति हो जो इस विभाजन के वाद में नियमित प्रश्नों का उत्तर दे सके। और प्रत्येक स्थिति में वहीं दिनांक आपको उपस्थित होने के लिए निर्धारित की गयी है एवं वाद के अंतिम निर्णय हेतु भी प्रस्तावित है। आप समस्त दस्तावेजो के साथ जिन पर आप अपने प्रतिउत्तर के समर्थन में अभिवाक करना चाहते हैं उसी दिन प्रस्तुत करें। और आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त दिनाकं को उपस्थित नहीं होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई और उस पर निर्णय कर दिया जायेगा।
मेरे व्यक्ति गत हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर के साथ आज दिनांक 3. 11.2025 को जारी किया गया है।
**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी/ मजिस्ट्रेट, जनपद-मुरादाबाद।**

वाद के निर्णय हेतु सम्मन
आदेश 5 नियम 1 व 5 दीवानी प्रक्रिया संहिता सन् ई. अपर हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)
**न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी सदर, महादेय-जनपद मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** टी-202513540111488
अनस वसी आदि **बनाम** पुष्पेन्द्र सिंह आदि।
**धारा: 116 उ0 प्र0 राजस्व सहिंता ग्राम गोवर्धनपुर मुस्त0 तहसील व जिला मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 13.11.2025
**विपक्षीगण**-1. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह 2. राजकुमार, 3. सूचित कुमार पुत्रगण जितेन्द्र सिंह, 4. पवन कुमार, 5. शेलेन्द्र कुमार पुत्रगण नरेंद्र सिंह समस्त निवासीगण मौहल्ला कटघर गाड़ीखाना शहर मुरादाबाद। 6. मनतब यादव नाबालिग आयु 9 वर्ष पुत्र यश यादव, 7. कु० आध्या नाबालिग आयु 4 वर्ष पुत्री यश यादव संरक्षिका माता संधिया रानी यादव, 8. संधिया रानी यादव पत्नी स्व० यश यादव निवासी अहिरो वाला मंदिर के पास कटघर गाड़ीखाना शहर मुरादाबाद, 9. गाँव सभा/गाँव पंचायत ग्राम गोवर्धनपुर एहतमाली तहसील व मुरादाबाद द्वारा उसके अध्यक्ष/प्रधान स्पष्ट हो कि आपके नाम वाद विभाजन दायर किया गया है अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 13. 11.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन निर्देशित स्थान पर स्वयं /अपने अधिवक्ता के माध्यम से वाद की उपस्थित में पूर्ण रूप से उपस्थित हो एवं बाद से सम्बंधित समस्त महत्पूर्ण आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर सके या उसके साथ कोई और व्यक्ति हो जो इस विभाजन के वाद में नियमित प्रश्नों का उत्तर दे सके। और प्रत्येक स्थिति में वहीं दिनांक आपको उपस्थित होने के लिए निर्धारित की गयी है एवं वाद के अंतिम निर्णय हेतु भी प्रस्तावित है। आप समस्त दस्तावेजो के साथ जिन पर आप अपने प्रतिउत्तर के समर्थन में अभिबाक करना चाहते हैं उसी दिन प्रस्तुत करें। और आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई और उस पर निर्णय कर दिया जायेगा।
मेरे व्यक्ति गत हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर के साथ आज दिनांक 3. 11.2025 को जारी किया गया है।
**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी/ मजिस्ट्रेट, जनपद-मुरादाबाद।**

वाद के निर्णय हेतु सम्मन
आदेश 5 नियम 1 व 5 दीवानी प्रक्रिया संहिता सन ई. अपर हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)
**न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी सदर, महोदय-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** टी-202513540111489
अनस वसी आदि ब**नाम** पुष्पेन्द्र सिंह आदि।
**धारा: 116 उ0 प्र0 राजस्व सहिंता ग्राम गोवर्धनपुर एहतमाली तहसील व जिला मुरादाबाद।**
**तारीख पेशा:** 13.11.2025
**विपक्षीगण**-1. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह 2. राजकुमार, 3. सूचित कुमार पुत्रगण जितेन्द्र सिंह, 4.पवन कुमार, 5. शेलेन्द्र कुमार पुत्रगण नरेंद्र सिंह समस्त निवासीगण मौहल्ला कटघर गाड़ीखाना शहर मुरादाबाद। 6. मनतब यादव नाबालिग आयु 9 वर्ष पुत्र यश यादव, 7. कु० आध्या नाबालिग आयु 4 वर्ष पुत्री यश यादव संरक्षिका माता संधिया रानी यादव, 8. संधिया रानी यादव पत्नी स्व० यश यादव निवासी अहिरो वाला मंदिर के पास कटघर गाड़ीखाना शहर मुरादाबाद, 9. गाँव सभा/गाँव पंचायत ग्राम गोवर्धनपुर एहतमाली तहसील व मुरादाबाद द्वारा उसके अध्यक्ष/प्रधान स्पष्ट हो कि आपके नाम वाद विभाजन दायर किया गया है अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनांक 13. 11.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन निर्देशित स्थान पर स्वयं /अपने अधिवक्ता के माध्यम से वाद की उपस्थित में पूर्ण रूप से उपस्थित हो एवं बाद से सम्बंधित समस्त महत्पूर्ण आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर सके या उसके साथ कोई और व्यक्ति हो जो इस विभाजन के वाद में नियमित प्रश्नों का उत्तर दे सके। और प्रत्येक स्थिति में वहीं दिनांक आपको उपस्थित होने के लिए निर्धारित की गयी है एवं वाद के अंतिम निर्णय हेतु भी प्रस्तावित है। आप समस्त दस्तावेजो के साथ जिन पर आप अपने प्रतिउत्तर के समर्थन में अभिबाक करना चाहते हैं उसी दिन प्रस्तुत करें। और आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त दिनाकं को उपस्थित नहीं होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई और उस पर निर्णय कर दिया जायेगा।
मेरे व्यक्तिगत हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर के साथ आज दिनांक 03.11.2025 को जारी किया गया है।
**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी/ मजिस्ट्रेट, जनपद-मुरादाबाद।**

# मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने शिकायत सुनी। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने शिकायतें सुनी। दिवस में राजस्व विभाग की 12, पुलिस विभाग की 2,विकास विभाग की 5 विद्युत विभाग की 3, पूर्ति विभाग की 5 ओर अन्य विभाग की तीन शिकायत समेत कुल 30 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से राजस्व विभाग की दो और पूर्ति विभाग की एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। 27 शेष शिकायत के निस्तारण के लिए तत्काल ही टीम बनाकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेज कर शिकायत का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। दिवस में सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, एसडीएम विनय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं से दिन दहाड़े लूट पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

**ठाकुरद्वारा।** दिन दहाड़े नकाब पोश बदमाशों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए सुरजननगर मार्ग पर मदारपुर मोड़ पर पैदल जा रहे दो महिलाओं का बेग छीन बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। दिन दहाड़े लूट की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लूटी शिकायत महिलाओं से घटना की जानकारी कर नकाब पोश बदमाशो की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी विकास कुमार की पत्नी रश्मि देवी और सचिन कुमार की पत्नी सोनी देवी के साथ निकट के गांव शरीफनगर में ज्वैलरी लेने गई थी। जहां पर शरीफनगर में सर्राफा सुभाष सिंह की दुकान से पैरों की पाजेव लेकर वापस ई रिक्शा बैठक कर घर आ रही थी। दोनों महिलाएं मदारपुर मोड़ नर्सरी पर उतारकर पैदल अपने घर करीब दोपहर करीब 4.00 बजे पैदल जा रही थी। जैसे ही घर के लिए पैदल चली तभी पिछे आ रहे बाइक सवार नकाबपोश बदमाश के उनके हाथ बैग छीन कर फरार हो गए। बेग में चांदी की पाजेव , मोबाइल और 300 रूपये की नगदी थी। दिन दहाड़े महिलाओं के साथ नकाबपोश बदमाशो द्वारा की लूट की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। लूट की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें। जहां पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश में घंटो काबिंग की और रास्तो में लगी सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि महिलाओं से लूटे गए बेग में एक मोबाइल, पैरों की पाजेव और 300 रूपये नगद थे। इस मामलें मुकदमा कायम किया जाएगा।

## लेखपालों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ठाकुरद्वारा इकाई के पदाधिकारियों ने सोमवार को तहसील मुख्यालय पर आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सौंपा। ज्ञापन तहसील मंत्री हिमांशु के नेतृत्व में सौंपा। साथ ही प्रारंभिक वेतनमान, सूचीकरण, एसीपी में विसंगतियों, मृतक आश्रित लेखपालों को पुरानी पेंशन का लाभ देने, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पद सृजन करने, स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर ध1000 करने, नियत यात्रा भत्ता के स्थान पर वाहन भत्ता देने तथा विशेष वेतन भत्ता 100 से बढ़ाकर 2500 प्रति माह करने की मांग की है।

## टिमिट के बीबीए विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण प्लास्टिक रीसाइक्लिंग उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा बीबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण निर्मल फाइबर्स प्रा. लि., गजरौला में आयोजित किया गया, जो देश की अग्रणी प्लास्टिक रीसाइक्लिंग इकाइयों में से एक है। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रक्रियाओं, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सतत विकास की अवधारणा से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फैक्ट्री के विभिन्न विभागों जैसे कि प्लास्टिक कचरा संग्रहण, सेग्रिगेशन यूनिट, वाशिंग एवं रीमेल्टिंग सेक्शन, और फाइबर निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि किस प्रकार प्लास्टिक कचरे को रीसाइक्लिंग द्वारा पुनः उपयोग योग्य फाइबर में परिवर्तित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा रहा है। टिमिट के डीन, डॉ. चिपिन जैन ने इस अवसर पर कहा षशिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है जब विद्यार्थी सिद्धांत और व्यवहार के बीच की दूरी को स्वयं अनुभव करें। निर्मल फाइबर्स जैसे उद्योग विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर देते हैं कि किस प्रकार उद्योग पर्यावरणीय संवे. दनशीलता और आर्थिक विकास को साथ लेकर चल सकते हैं। ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों में न केवल व्यावहारिक ज्ञान का विकास करते हैं, बल्कि प्रबंधन दृष्टिकोण, नवाचार क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। डॉ. जैन ने आगे कहा कि टिमिट सदैव विद्यार्थियों को इंडस्ट्री-एकेडमिक इंटीग्रेशन के माध्यम से व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे भविष्य के जिम्मेदार प्रबंधक और उद्यमशील नेता बन सकें। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें रीसाइक्लिंग उद्योग, उत्पादन प्रक्रिया, और पर्यावरणीय स्थिरता की व्यावहारिक समझ दी। अंत में, कार्यक्रम समन्वयकों ने निर्मल फाइबर्स प्रा. लि. के प्रबंधन को उनके सहयोग और उत्कृष्ट मेजबानी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन और फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजन टीम की सराहना की और भविष्य में ऐसे और उद्योग-शैक्षणिक सहयोगी कार्यक्रमों के आयोजन की घोषणा की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सुरजननगर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 03.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत सुरजननगर में मनरेगा योजनान्तर्गत कनपुर में बनारसी के घर से ध्यान सिंह के घर की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 24.11.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनकपुर में बनारसी के घर से ध्यान सिंह के घर की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, रोड़ी, ईंट, बजरी, सीसी टाईल्स आदि। | 2042704/- | 40854 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-सुरजननगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


## एक ही रात में नौ नलकूप से चोरी पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव जरगांव व मोहम्मदपुर मनसुख धमावली में चोरों ने एक ही रात में कूमल लगाकर व दरवाजा के ताले तोड़कर चोरी कर ली। चोर स्टार्टर, ऑपरेटर, कटआउट, बैटरी, सोलर प्लेट आदि चोरी कर ले गए। इसके अलावा कोठरी में खड़ी तीन साइकिल ल प्लास्टिक की पाइपलाइन करीब तीन कुंतल चोरी करके ले गए। चोरों ने जरगांव निवासी ब्रजपाल सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, श्यामलाल, राकेश कुमार सिंह, भीष्म प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, ओमवती देवी, परमेश्वरी देवी के ट्यूबवेल से चोरी करके कीमती सामान चोरी कर ले गए। मामले को लेकर पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त विजेता और प्रतिभागी छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर किया सम्मानित

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डिलारी पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों की विज्ञान क्विज की प्रतियोगिता आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी भूपेश दिनकर और विज्ञान एआरपी मारूफ अली जी के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में समस्त प्रतियोगिता छात्राओं की परीक्षा ली गई,तत्पश्चात उसमें क्वालिफाइड 30 छात्रों की पुनः परीक्षा कराई गई। द्वितीय चरण की परीक्षा में बैठे 30 छात्रों में से अंतिम रूप से 10 छात्रों का चयन प्राप्तांक और उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया।

जिनमें पांच छात्र जिले स्तर पर क्विज के लिए और पांच छात्र जिले स्तर पर मॉडल के लिए चुने गए। इन चुने गए छात्रों में अनमोल और आस मौहम्मद मनकुआ मकसूदपुर, निशु काजीपुरा, उवैस आलम सलारपुर,हिमांशी सलारपुर, सुमित कुमार मनकुआ, शीतल कुमारी हाजी नगला, सैफ रजा ईग्राह, तनु धारक नगला, निहारिका जटपुरा आदि का चयनकिया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन निष्पक्ष में पारदर्शी तरीके से किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त विजेता और प्रतिभागी छात्राओं को मेडल,प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन एआरपी पवन कुमार, मुकेश कुमार, मयंक, नरेश चंचल, भूपेंद्र सिंह, जीशान अली, मोहम्मद सलीम, धर्मेश्वर सिंह, सैयदा बेगम, अरुणा, दीक्षा चौहान, ललिता रानी, ममता कुमारी आदि की देखरेख में संपन्न हुआ।

## एक नजर

### जंगल में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गाँव भवानीपुर के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को गांव भवानीपुर के जंगल में करीब 25 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना खेत मालिक ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। मृतक काले रंग की पेंट व फुल टी-शर्ट पहने हुए है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह का कहना है शव की पहचान नहीं हो पाई है। उधमसिंहनगर व रामपुर जिले की सीमावर्ती होने के कारण वहां की पुलिस से संपर्क किया जा रहा है।

### रास्ते में पुराल रखने को लेकर मारपीट पति पत्नी घायल

**कांठ( शाह टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के गांव चेदरी अकबरपुर निवासी महिपाल पुत्र वत्तू सिंह का कहना है कि 28 अक्टूबर को सुबह 6:00 बजे रास्ते में पुराल रखने को लेकर गांव के विकास सचिन सुमन श्यामलाल ने उसके व उसकी पत्नी प्रेमवती के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी जिसमें उनके काफी चोटे आई महिपाल की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### तीन दिवसीय 'पोषण भी, पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**मुंडापांडे।** ब्लॉक सभागार में बाल विकास परियोजना मूंढापांडे के अंतर्गत तीन दिवसीय "पोषण भी, पढ़ाई भी" प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल ब्लॉक सभागार पर किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने के तरीकों पर कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना की उर्वशी मुख्य सेविका रश्मि कुमारी मुख्य सेविका के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक एवं स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम श्री प्रमोद कुमार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में पोषण और शिक्षा की समान भूमिका पर जोर दिया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शक्ति यादव सिंह ने प्रशिक्षण की सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक कार्यकत्रियों को नई शिक्षा पद्धतियों से परिचित कराया। कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने समय पर उपस्थिति दर्ज की और प्रशिक्षण में गहरी रुचि दिखाई। नव-नियुक्त सुपरवाइजर शकुंतला देवी, उर्वशी मुख्य सेविका रश्मि कुमारी मुख्य सेविका ने आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंत में कार्यकत्रियों को विभागीय नोटिस एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि वे अपने-अपने केंद्रों पर "पोषण भी, पढ़ाई भी" अभियान को प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

### डीआरएम कार्यालय में पार्सल कस्टमर मीट का किया गया आयोजन

**मुरादाबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित मनन सभागार में सोमवार को पार्सल ग्राहकों की समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा के लिए च्तंबमस ब्नेजवउमत डममज का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) एस. पी. तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) ऋचा शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) चेतन तनेजा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) आदित्य गुप्ता सहित अन्य मंडल अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जीएस कार्गो, रामगुलाम एंड कंपनी, केवी रेल कार्गो, श्रीरुद्रा लाजिस्टिक, एवेटर एयर लाजिस्टिक, रॉयल पार्सल सर्विसेज, आरआर फ्रेट फारवर्डर सहित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कांठ, स्योहारा, धामपुर और नगीना से मुरादाबाद के बीच पैसेंजर ट्रेन संचालन की मांग की, ताकि इन क्षेत्रों में तैयार माल को सुगमता से मुरादाबाद तक पहुंचाकर आगे पार्सल के माध्यम से भेजा जा सके।

इसके अलावा बरेली स्टेशन पर अधिकांश ट्रेनों के एक से दो मिनट के ठहराव समय को बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को गति मिल सके।इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) ऋचा शर्मा ने वित्त वर्ष 2025-26 में अक्टूबर 2025 तक पार्सल परिवहन से संबंधित उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मंडल में पार्सल बिजनेस बढ़ाने के लिए ठोस रणनीतियां अपनाई जा रही हैं और बेहतर लॉजिस्टिक सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।बैठक के अंत में अधिकारियों ने व्यापारियों को सहयोग का आश्वासन देते हुए पार्सल यातायात को और बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लालापुर पीपलसाना
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 03.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत लालापुर पीपलसाना में मनरेगा योजनान्तर्गत अकरम के घर से चुन्नू की पुलिया की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 24.11.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अकरम के घर से चुन्नू की पुलिया की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, रोड़ी, ईंट, बजरी, सीसी टाईल्स, सरिया आदि। | 2200553/- | 44011 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-लालापुर पीपलसाना**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**



**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कोर्ट नम्बर-5 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:**-261/2024
**तारीख पेशी:** 12.11.2025
**महीपाल बनाम श्रीमति सीमा देवी**

महीपाल सिंह पुत्र स्व. प्रेम सिंह आयु 71 वर्ष निवासी लाइनपार मझोला नगर, मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

3. देवानन्द पुत्र स्व. महेन्द्र पाल सिंह आयु 51 निवासी लाइनपार मझोला नगर, मुरादाबाद, 4. नवीन कुमार पुत्र स्व. महेन्द्र पाल सिंह आयु 46 वर्ष निवासी लाइनपार, मझोला नगर, मुरादाबाद, 5. श्रीमती कल्याणी देवी पत्नी स्व. महेन्द्रपाल सिंह आयु 76 वर्ष निवासी लाइनपार मझोला नगर मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 12.11.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 03.11.2025 दिवस को निकाली गयी।

**प्रबंधक**
**न्यायालय अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कोर्ट नम्बर-05, जनपद-मुरादाबाद।**


## महिला शक्ति ने रचा नया इतिहासः राज्यमंत्री गुलाब देवी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**चन्दौसी।** नगर के सुभाष रोड स्थित आवास पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने रविवार को भारत की महिला क्रिकेट टीम द्वारा आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि 'आज का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय महिलाएं लगातार स्वावलंबी बनकर हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं।' उन्होंने कहा कि डी.वाई. पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया। यह जीत केवल खेल की नहीं बल्कि देश की नारी शक्ति की जीत है। गुलाब देवी ने कहा, 'खेल में ऐसे क्षण आते हैं जब गर्व, विरासत और विश्वास मिलकर जीत से भी बड़ी जीत बन जाते हैं। आज भारत की बेटियों ने ऐसा ही क्षण पूरे देश को दिया है।' राज्यमंत्री ने कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार जीत के बाद भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर देश का सपना साकार किया। यह उपलब्धि आने वाली पीढिय्यों के लिए प्रेरणा बनेगी। महिला सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा कि आज भारतीय महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। चाहे वह 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी पहल हो या देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उदाहर। वहीं राजनीतिक संदर्भ में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रभावी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज यूपी की लखपति दीदी अब करोड़पति बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। अन्य राज्यों को भी योगी आदित्यनाथ का सुशासन मॉडल अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में जनता अब अपराध और जंगलराज से मुक्त सरकार चाहती है। बिहार में योगी मॉडल की मांग बढ़ रही है और एनडीए की जीत लगभग तय है।

## ठेले वालों ने तहसील पर पहुंचकर एसडीएम से कियोस्क बनवाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील पर संपूर्ण समाधान दिवस में भारी तादात में ठेले और फल वाले पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम बिलारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सोपा। ठेले और फड़ वालों ने कहा कि गांधी पार्क के इलाके में फल पकौड़ी आदि के ठेले लगाकर वह जीवन यापन करते हैं, उन्हें अभियान के चलते समय पर प्रत्याड़ित कर वहां से हटाया जाता है। धूप गर्मी बरसात में वह खड़े होकर परिवार का लालन पोषण करते हैं और ठेले पर लगे पहियों से दौड़ते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि पालिका अध्यक्ष से लगातार वह मांग कर रहे कि ठेले बालों के लिए ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे उन्हें स्थाई खोखा मिल जाए।पालिका अध्यक्ष कियोस्क बनाने की तैयारी में है ऐसे में इस प्रस्ताव के पास होते ही गरीब मजदूरों में खुशी की लहर दौड़ गई। मांग उठाई की कियोस्क का निर्माण कराया जाए ताकि उन्हें भी दुकान मिल सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में सोनू, विजेंद्र, प्रेमपाल, महिपाल, मोनू, नरेश, उमेश,सतीश, अमर, इस्तेकार, दीपक,चंदन, मनोज, राजवीर, राजू, बृजमोहन, जीवन, वीरू, विजय, उमेश आदि सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।



## गांधी पार्क में दुकानों को लेकर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोरियान मोहल्ले में नागरिक परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों के साथ बैठक कर गांधी पार्क में दुकानें बनाने का प्रस्ताव पर चर्चा की गई। बैठक में सभी लोगों ने खुलकर अपनी राय रखी और अधिकांश निवासियों ने इस योजना का विरोध जताया, दावा किया कि इससे पार्क की खुली जगह खत्म हो जाएगी और आवागमन में मुश्किल हो जायेगा। नागरिक परिषद बिलारी द्वारा बैठक के बाद प्रतिनिधियों ने मोहल्ले में घूम-घूमकर जितने भी लोग मिले, उनसे बातचीत की। एक बुजुर्ग निवासी ने कहा अभी तो पार्क खुला है लेकिन दुकानें बन गई तो इतना जाम लगेगा कि निकलना ही मुश्किल हो जाएगा। हम गरीब लोग यहीं रहते हैं, हमें साफ-सुथरी जगह की जरूरत है, न कि बाजार की भीड़ की। ठेले लगाने वाले व्यापारियों ने भी निराशा जताई। एक ठेले वाले ने बताया हमें तो कोई दुकान मिलने का प्रस्ताव ही नहीं आया। नगर पालिका की जो दुकानें बनी हैं, वे प्रभावशाली लोगों को दे दी गई हैं। वे किराये पर चला देते हैं और ऊपर से पगड़ी भी मांगते हैं। हम जैसे लोग, जो दिन भर में 200-300 रुपये ही कमाते हैं, वो इतना कैसे दे सकते हैं? ठेला तो हमारा अपना है, उसमें सामान रखते हैं और बेचते हैं। मुकेश कोरी ने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ पार्क का नहीं, बल्कि हमारी जिंदगी और आजीविका का है। हमें एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। नागरिक परिषद और इलाके के लोग पार्क को हरा-भरा और खुला रखने की मांग पर अडिग हैं।


**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना
सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**- परिषद की बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित अल्प आय वर्ग भवन संख्या 2/103 का प्रदेशन-पत्र पत्रांक 148 दिनांक 07.02.1992 द्वारा श्री हरजीत सिंह पुत्र श्री गुरूवक्श सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 21.01.1995 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 27.01.1995 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। तत्पश्चात् आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 06.02.2004 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 09.02.2004 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया। उक्त भवन मूल आवंटी श्री हरजीत सिंह पुत्र श्री गुरुवक्श सिंह द्वारा डा० सुमित गुप्ता पुत्र डा० सुभाष चन्द्र गुप्ता के पक्ष में दिनांक 13.02.2008 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। डा० सुमित गुप्ता पुत्र डा० सुभाष चन्द्र गुप्ता द्वारा श्री शैलेन्द्र बन्धू गुप्ता पुत्र श्री राजकुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 28.03. 2009 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। तदोपरान्त श्री शैलेन्द्र बन्धू गुप्ता पुत्र श्री राजकुमार गुप्ता द्वारा श्रीमती चंचल चौधरी पत्नी श्री अजीत चौधरी के पक्ष में दिनांक 21.12.2012 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। अब क्रेता श्रीमती चंचल चौधरी पत्नी श्री अजीत चौधरी ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक शून्य के द्वारा अल्प आय वर्ग भवन संख्या 2/103, बुद्धि विहार योजना, मुरादाबाद को विक्रयोपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (मूतल), सेक्टर-5. मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।- **सम्पत्ति प्रबन्धक**



## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र गोपाल कश्यप, पुत्रवधू श्रीमती आशा कश्यप व इनके बच्चों को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल ( आक ) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। श्रीमती राजेंद्री देवी पत्नी स्वर्गीय दाता राम निवासी रामचंद्र स्कूल के पास चंद्रनगर थाना सिविल लाइंस, तहसील व जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

मैने अपने सगे पुत्र शाहरुख खान, पुत्रवधू आफरीन व शबनम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल ( आक ) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार किसी भी सदस्य का इन लोगों से कोई ताल्लुक व वास्ता नही रहेगा। **बाबू खान पुत्र तहशीर अहमद निवासी मझौली खास थाना कुंदरकी तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC15CAMCSPARMVPPHW-2025 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 21.11.2025 17:30 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वेबसाईट पर खोले जाएगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी एंड डब्लू | टेंडर सं0 | MC15CAMCSPARMVPPHW-2025 |
| कार्य का नाम | "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) for Inspection & Servicing of HS-SPARMV Hydraulic & Transmission system (power pack) for a period of three years at Haridwar Depot of MB Division" with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis. | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | एकल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | | 21.11.2025, 17:30 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | Rs. 1,35,12,482.62/- | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

No. MC15CAMCSPARMVPPHW-2025 Date: 31.10.2025 3405/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया

**मुंबई, वार्ता।** विश्व कप जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल जश्न में डूबा हुआ रहा। जीत की खुशी, आंखों में चमक और हाथों में तिरंगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तस्वीरें हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देने वाली हैं।

खिलाड़ियों ने रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया, गाना गाते हुए मैदान से लेकर लाकर रूम तक जीत का जश्न मनाया। हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा राड्रिग्स और पूरी टीम के चेहरों पर वही मुस्कान थी, जो बरसों के संघर्ष और सपनों की पूर्ति का प्रतीक बन गई। अब बीसीसीआई ने इसका वीडियो जारी किया है। वीडियो में जेमिमा कहती हैं कि हमने चार साल पहले यह तय किया था कि हम अपनी टीम सान्ग को तब उजागर करेंगे जब हम विश्व कप

**● विश्व चैंपियन बेटियों ने गाना गाकर मैदान से लेकर लॉकर रूम तक जीत का जश्न मनाया**

जीत जाएंगे। वह समय अब आ चुका है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट और भारत की जेमिमा राड्रिग्स साथ में गाना गाती दिख रही हैं।

जेमिमा गिटार बजा रही हैं, जबकि वोल्वार्ट गाना गा रही हैं। फैंस का कहना है कि इस गाने का नाम 'फालिंग इन लव अगेन' है और यह गाना वोल्वार्ट ने 11 साल पहले कम्पोज किया था। यह वीडियो इंग्लैंड के 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान का बताया जा रहा है, क्योंकि वोल्वार्ट और जेमिमा, दोनों ने सुपर चार्जर्स



टीम की जर्सी पहन रखी है। दोनों एक साथ इस टीम के लिए खेल चुकी हैं। वोल्वार्ट को रविवार को निराशा झेलनी पड़ी, क्योंकि उनकी टीम भारत से फाइनल हार गई। वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक जमाया, लेकिन यह काफी नहीं था। वह टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। मैच की बात करें तो भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे।










## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी आज से

**कोहिमा, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 के मंगलवार से यहां शुरु हो रहे तीसरे संसकरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। चार से 14 नवम्बर तक नागालैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में इस बार नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा एडिशन है। इस टूर्नामेंट का 2022 में पहली बार आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट की शुरुआत में छह टीम राउंड रॉबिन प्रारुप में भिडेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 नवम्बर को खेला जायेगा।

### यूपी कबड्डी लीग सीजन-2 की नीलामी में बेहतर खिलाड़ियों की लगी बोली

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम के इनडोर पवेलियन में आगामी माह 25 दिसंबर से शुरु होने वाली उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आज यहां अपरान्ह संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के आयोजकों ने सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता और आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के सीजन 2 के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है इसके पश्चात ऑक्शन में खिलाड़ियों को उनके अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर चार वर्गो में विभाजित गया है। खिलाड़ियों की नीलामी ओपन बिड, लाइव फॉर्मेट में फ्रेंचाइजी मालिकों, टीम अधिकारियों और लीग प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोपहर अंत में संपन्न हुई।

# 2025 ने क्रिकेट को दिए नए चैंपियंस

**मुंबई, वार्ता।** वर्ष 2025 क्रिकेट की दुनिया में उस रीसेट बटन की तरह रहा, जिसने कई टीमों की किस्मत पलट दी। लंबे इंतजार और अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल चार अलग-अलग टूर्नामेंट्स में नए चैंपियन्स उभरे।

बिग बैश लीग में हाबार्ट हरिकेन्स (बीबीएल), आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आईपीएल), विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दक्षिण अफ्रीका (डब्ल्यू टीसी) और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया और पहली बार खिताब जीता। यह वो साल रहा जब मेहनत, उम्मीद और इतिहास, सबने मिलकर नए चैंपियन्स का अध्याय लिखा। बिग बैश लीग (बीबीएल) में हाबार्ट हरिकेन्स ने वर्षों की निराशा खत्म की। 2013-14 और 2017-18 में फाइनल हारने वाली टीम ने आखिरकार 2025 में जीत का स्वाद चखा। टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने बल्लेबाजी ने कमाल दिखाया, जबकि कप्तान नाथन एलिस ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। वहीं, मैथ्यू वेड ने अनुभव से इतिहास रच दिया। आईपीएल

**● अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल में बीबीएल में हाबार्ट हरिकेन्स, आईपीएल में आरसीबी, डब्ल्यूटीसी में दक्षिण अफ्रीका और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियंस बनी**

वो सीजन था जिसका इंतजार न सिर्फ बेंगलुरु बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस को था। वर्षों की ट्रोलिंग, 'ई साल कप नामदे' वाले मीम्स के बीच आरसीबी ने आखिरकार कप अपने नाम किया। रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी, विराट कोहली का जोश, हेजलवुड की सधी हुई गेंदबाजी और फिल साल्ट की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को पहला आईपीएल खिताब दिलाया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीका ने इतिहास रचा। कभी 'चोकर्स' कहे जाने वाली इस टीम ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल या यूं कहें पहला आईसीसी खिताब जीता।

# टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: कप्तान हरमनप्रीत




**● हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था: कप्तान**

**नवीं मुम्बई।** भारतीय महिलां टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा कि इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था। उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की। पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बैटिंग करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा कि हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है। हमने 300 रन बनाने की कोशिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए। हालांकि हम एक टीम के तौर पर मैदान में लौटे। जब भी हमें जरूरत हुई हमें ब्रेकथ्रू मिला। यह एक बहुत अच्छा मैच था। यह अभी कहना आसान है लेकिन जब लॉरा बल्लेबाजी कर रही थीं तो यह सब उतना आसान नहीं था।

### हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है: नीता अंबानी

**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रविवार रात भारतीय महिला टीम द्वारा पहला महिला विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि आधी रात को हमारी लड़कियों ने पहली आईसीसी विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। मुझे लगता है कि आपने जिस हिम्मत, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ खेला है, उससे आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हमें आप सब पर बहुत गर्व है और मैं कहना चाहती हूं धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद और जय हिंद।

# खड़गे-राहुल ने दी टीम को बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला टीम को बधाई दी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार जीत के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा आपके शानदार प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की शक्ति, लचीलेपन और नेतृत्व क्षमता का उत्सव भी है जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। पूरा देश इस गौरवशाली क्षण का जश्न मनाने के लिए एकजुट है। आपने न केवल विश्व कप जीता है, बल्कि हर भारतीय का दिल भी जीत लिया है। उन्होंने कहा मैं आप सभी के उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायक भविष्य की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बधाई देते हुए कहा कि गर्व का क्षण है।

हमारी महिलाओं ने इतिहास रच दिया और करोड़ों दिलों को छुआ है। आपके साहस, धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरवान्वित किया है और अनगि. नत युवा लड़कियों को निडर होकर सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आप ने केवल एक ट्रॉफी नहीं उठाई, आपने एक राष्ट्र का उत्साह बढ़ाया है। जय हिंद।

### ताजनगरी को है अपनी बेटी दीप्ति का इंतजार

**आगरा, वार्ता।** पहली बार क्रिकेट की दुनिया में अपना परचम लहराने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अहम सदस्य दीप्ति शर्मा का ताज नगरी आगरा को बेसब्री से इंतजार है। कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार देर रात दक्षिण अफ्रीका को हरा कर विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। विश्व कप टूर्नामेंट में आगरा की रहने वाली दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम करने वाली दीप्ति ने पूरे टूर्नामेंट में 215 रन बनाए।

# हार के बावजूद टीम के प्रयासों पर गर्व: वोल्वार्ट

**● कहा: हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी**



**नवी मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने कहा कि महिला विश्वकप के फाइनल में भारत के हाथों मिली 52 हार के बावजूद मुझे अपनी टीम के प्रयासों पर गर्व है। मैच के बाद वोल्वार्ट ने कहा कि मुझे इस टीम पर इस अभियान के लिए और भी ज्‍यादा गर्व हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी। हारना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम इससे जरूर आगे बढ़ेंगे। यह कई खिलाड़ियों के लिए एक शानदार टूर्नामेंट रहा है और मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए लचील. ेपन पर गर्व है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने के बारे में पूछे जाने पर वोल्वार्ट ने कहा कि हमने उन कुछ खराब मैचों को पीछे छोड़ने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम या तो बहुत अच्छे थे या बहुत बुरे, लेकिन शुक्र है कि अधिकतर अच्छे प्रदर्शन ही हुए। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं रहा और मैंने इसकी शुरुआत भी अच्छी नहीं की। ज्यादा सोचना, अच्छा नहीं था। यह क्रिकेट का एक और मैच है, दोनों को अलग करने की को. शिश ने मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने और फिर किसी अलग समय पर कप्तानी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थोड़ा मुक्त कर दिया। मैच के बारे में बात करते हुए वोल्वार्ट इस बात से खुश थीं कि उनके गेंदबाजों ने भारत को 300 से अधिक का स्कोर नहीं बनाने दिया।, जबकि शेफाली वर्मा (87) और स्मृति मंधाना (45) ने मेजबान टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी।

# सबालेंका-पेगुला ने अपने-अपने मैच जीते






**● सबालेंका ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मैच में इटली की जैस्मीन को वहीं पेगुला ने कोको गॉफ को को दी मात**

**रियाद, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और बेलारूस की स्टार एरीना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट के पहले दौर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत दर्ज की। सबालें. का ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मुकाबले में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया। वहीं पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि हमने बहुत खेला है, और हर बार यह एक मुश्किल मुकाबला होता है। स्कोर कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे पता है कि मुझे हमेशा फोकस बनाए रखना है, और अगर आप उसे मौका देंगे, तो वह आगे बढ़कर गेम पर कंट्रोल कर लेगी।

इसलिए, मुझे लगता है कि मैं आज अपने फोकस से सबसे ज्यादा खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि राउंड रॉबिन है, लेकिन मैं इस टूर्नामेंट को एक रेगुलर टूर्नामेंट की तरह लेने की कोशिश कर रही हूं, और मुझे पता है कि अगर मुझे यह खूबसूरत ट्रॉफी जीतनी है तो मुझे पांच मैच जीतने होंगे।

तो बेसिकली, मेरी सोच बस यही है कि बाहर जाकर हर मैच में मुकाबला करूं और लड़ूं। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी की जेसिका पेगुला ने डिफेंडिग चैंपियन हमवतन कोको गॉफ को हराकर डब्लयूटीए फाइनल्स में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। रविवार रात दो घंटे 12 मिनट तक चले कड़े मुक. ाबले में पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की।

यह ऑल-अमेरिकन मुक. ाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को इंडोर लाइट्स में खेलने में परेशानी हो रही थी और लगातार पांच बार सर्विस ब्रेक हुए। आखिरकार पेगुला ने पहले खुद को संभाला, 4-2 से बढ़त बनाई और फिर गॉफ की सर्विस की परेशानियों का फायदा उठाया। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी गॉफ की पांचवीं डबल फॉल्ट ने पेगुला को आधे घंटे से कुछ अधिक समय में पहला सेट दिला दिया। गॉफ ने दूसरे सेट में जल्दी ही वापसी करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया गए कुलदीप टी-20 टीम से रिलीज



**मेलबर्न, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीजी की तैयारी के मद्देनजर टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम से रिलीज किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि कुलदीप को आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ छह नवम्बर से शुरू हो रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए के दल में जगह दी गई है। रविवार को भारत ए ने ऋषभ पंत की 90 रनों की पारी और अंशुल कंबोज और मानव सुधार की नाबाद 62 रनों की साझेदारी की बदौलत पहला मैच जीत लिया। बीसीसीआई ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में भारतीय एकदाश में कुलदीप की जगह वॉशिगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत चौथा टी-20 छह नबंर को कैनबरा और पांचवां मैच आठ नवम्बर को ब्रिस्बेन में खेलेगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर को कोलकाता में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अब भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिकू सिह और वॉशिगटन सुंदर।

दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम:- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पड्डिक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, कुलदीप यादव, अभिमन्यू ईश्वरन, प्रसि( कृष्णा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

# यातायात माह के शुभारंभ पर रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में सोमवार को यातायात माह का शुभारंभ किया गया। यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी मुनिराज जी मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसपी सतपाल अंतिल शामिल हुए। नवंबर माह को यातायात जागरूकता माह के रूप में मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत शहरवासियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को यातायात अनुशासन का पालन करने और जनमानस को नियमों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।



इस दौरान एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक यातायात मिथिलेश कुमार सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।डीआईजी मुनिराज जी ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल जीवन रक्षा का कवच है, इसे किसी भी हालत में नजरअंदाज न करें। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की। साथ ही ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग, मोबाइल फोन का इस्तेमाल और अवैध पार्किंग से बचने की सलाह दी।एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। मुरादाबाद पुलिस पूरे माह विशेष अभियान चलाएगी और स्कूलों, कॉलेजों सहित सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यातायात अनुशासन से न केवल दुर्घटनाओं में कमी आती है बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारु रहती है।कार्यक्रम के अंत में डीआईजी और एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोगों को यातायात सुरक्षा का संदेश देती रही। मुरादाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि नवंबर माह में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा आमजन को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को किया गया जागरुक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में रविवार को जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्प लाईन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## एक नजर

### स्कूटी डिवाइडर से टकराई एक मौत



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के लखनऊ हाईवे पर टोल प्लाजा नियायतपुर इकरोटिया के पास रविवार रात स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि साथी घायल हो गया। बंग्ला गांव निवासी तोताराम (32)हलबाई का काम करता था। वह तथा उसका साथी अशोक रविवार रात दो बजे रामपुर रामलीला ग्राउण्ड रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे उनकी स्कूटी टोल प्लाजा के पास डिवाइडर से टकरा गई।हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टर ने तोताराम को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी कृष्णा, बेटा कायव, निहार बेटी अब्बनी है।

### भाकियू ने गन्ना समिति में बैठक कर सचिव को सौंपा ज्ञापन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक का आयोजन आज गन्ना विकास समिति में किया गया जिसमें किसानों ने जिला गन्ना अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन सचिव खेत सिंह को सोपा। ज्ञापन में कहा गया कि कुछ किसानों का सर्वे में पेड़ी कम कर दिया गया है जिसे पूरा किया



जाए गन्ना खरीद केंद्र पर पर्ची 23 कुंतल की बने और छिलाई ढुलाई का खर्च कम किया जाए। जिन किसानों ने अपना गन्ना बीज में दिया है उनकी सप्लाई किसान को दी जाए, इंडेंड खरीद केंद्र की क्षमता के अनुसार दिया जाए जिससे सभी किसानों को पर्ची समय से मिल सके तीनों मिलो के क्रय केंद्रो के निरीक्षण समय-समय पर किए जाएं जिससे घटतौली रोकी जा सके जिन किसानों के सीएलए ठीक नहीं किए गए गन्ना पर्यवेक्षक उनको शीघ संशोधित करें, कांठ क्षेत्र की सभी गन्ना मिले किसानों को उचित और पर्याप्त मैली समय से उपलब्ध कराए। इन सभी समस्याओं का समाधान न होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह दर्शन सिंह राम कला सिंह सियाराम विश्नोई हरदीप सिंह विजेंद्र सिंह नौबत सिंह जयप्रकाश सिंह आदि काफी किसान मौजूद रहे।

### किसान दो साल से देता फिर रहा अपने जिंदा होने का सबूत

**कांठ( शाह टाइम्स )** किसान 2 साल से अपने जिंदा होने का सबूत देता घूम रहा है लेकिन गन्ना विभाग उसे जिंदा मानने को तैयार नहीं है आज



भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन गन्ना समिति कांठ में किया जा रहा था तभी खलीलपुर अमरू निवासी छिद्दा पुत्र बिहारी किसानों के बीच पहुंचा और उसने बताया कि इसका स्योहारा मिल के द्वारा गन्ना खरीदा जाता था। लेकिन 2 साल पहले उसे मृत् दिखाकर उसका सट्टा बंद कर दिया गया इसके बाद वह 2 साल से दीवान शुगर मिल में अपने फर्द खतौनी लगाता आ रहा है लेकिन उनके द्वारा भी आज तक उसका सट्टा चालू नहीं किया गया किसान ने अपने जिंदा होने का सबूत देते हुए सट्टा चलाए जाने की मांग उठाई भारतीय किसान यूनियन ने गन्ना समिति के सचिव को इस मामले का निस्तारण जल्द कराने के लिए कहा है।

### दिव्यम बिश्नोई ने बीओबी की परीक्षा में जीता गोल्ड

**कांठ (शाह टाइम्स)** दिव्यम बिश्नोई ने बीओबी की परीक्षा में गोल्ड



मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है रसूलपुर गुर्जर निवासी सौरभ बिश्नोई का पुत्र दिव्यम बिश्नोई शिर्डी साईं पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन का छात्र है स्कूल की ओर से नेशनल कंपटीशन में दिव्यम बिश्नोई ने प्रतिभाग किया। जिसका रिजल्ट बिल सोनिया स्कूल द्वारा कल घोषित किया गया इसमें दिव्यम ने गोल्ड टॉपर होने का खिताब हासिल किया इसकी सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में खुशी का माहौल छा गया परिजनों ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और अच्छे शिक्षण कार्य के लिए स्कूल के अध्यापकों का भी आभार व्यक्त किया।

### एसडीएम ने सुनीं समाधान दिवस में शिकायतें, दिए निस्तारण के निर्देश



**बिलारी।** नवंबर के पहले शनिवार को पुलिस विभाग की परीक्षा के चलते संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नहीं हुआ था उसके बदले आज सोमवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें बिलारी के लोक. प्रिय उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह एवं तहसीलदार अंकित गिरी ने जनता की शिकायतों को सुना और उनके स्थलीय एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए ताकि उसे एक ही शिकायत बार-बार नहीं करनी पड़े। दिवस में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शादी से कुछ दिन पूर्व युवती को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। जब युवक के परिवार के लोगों से वार्ता की तो उन्होंने भी मारा पीटा। तहरीर पर पुलिस ने कई पर मुकदमा दर्ज किया है। बिलारी के गांव के रहने वाली एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह हिमाचल में रहकर मजदूरी करता है। वह अपनी 22 साल की बेटी के साथ 30 अक्टूबर को गांव में सुबह 5 बजे आई हुई थी जब वह सो गई तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी। एक घंटा इंतजार किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं लगा, शक होने पर पता लगा कि उसकी बेटी को गांव का ही कृष्ण पुत्र जोगराज बहला फुसलाकर ले गया, जबकि उसकी शादी और रिश्ता भी तय हो चुका है। जब अपनी बेटी के बारे में कृष्ण के परिवार के लोगों से पूछा तो जोगराज, कृष्ण का दोस्त नितिन, चाचा रामकिशन आग बबूला हो गए। उसे वह उसकी देवरानी को गाली गलौज करने लगे तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक में धर्म रक्षानिधि समर्पण में जुटने का आह्वान



**कांठ (शाह टाइम्स)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल की बैठक निपेंद्र सिंह प्रजापति के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में धर्म रक्षा निधि (समर्पण अभियान) को लेकर व्यापक चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों से अवगत कराकर धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में जुटने के लिए कहा गया। कहा कि 5 नबम्बर से सभी कार्यकर्ता समर्पण अभियान में लगेंगे।समर्पण अभियान कांठ नगर ओर ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा बैठक में चौधरी मोनू बिश्नोई बजरंगी निपेंद्र सिंह प्रजापति हर्ष बिश्नोई सचिन अग्निहोत्री अखिलेश चौहान अजयपाल तोमर सतपाल सिंह धर्मेंद्र कुमार चोखे सिंह बासु सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीएसटी चोरी के मामलों को लेकर एसएसपी ने एसआईटी का गठन कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जीएसटी चोरी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले मामलों को लेकर मुरादाबाद पुलिस अब और सख्त हो गई है।सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जिले में दर्ज जीएसटी चोरी से जुड़े मामलों की विवेचना के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया। यह निर्णय राज्य कर विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज कराए गए मामलों की गंभीरता और राजस्व हानि को देखते हुए लिया गया है।एसएसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईटी टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जीएसटी धोखाधड़ी को किसी भी



हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फर्जी कंपनियां बनाकर, कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग कर और जालसाजी करते हुए सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बताया गया कि टीम में ऐसे अनुभवी पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिन्हें वित्तीय अपराधों और तकनीकी जांच में विशेषज्ञता है।

एसआईटी को निर्देशित किया गया है कि सभी मामलों की बारीकी से समीक्षा की जाए और आरोपियों की गिरफ्तारी से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर आर्थिक अपराध शाखा और साइबर सेल से भी सहयोग लिया जाएगा।एसएसपी ने कहा कि जीएसटी चोरी न केवल सरकारी राजस्व को हानि पहुंचाती है, बल्कि ईमानदार व्यापारियों और करदाताओं के हितों के विरुद्ध भी है।

ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर कानून का शासन स्थापित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के व्यापारियों और नागरिकों से अपील की है कि वह किसी भी तरह की कर चोरी या धोखाधड़ी की जानकारी मिलने पर पुलिस और कर विभाग को सूचित करें, ताकि सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# चैंपियनशिप में बिलारी के ताईक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुरादाबाद में आयोजित आर.एस. डी स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित एकदिवसीय 2दक विंटर ताईक्वांडो चैंपियनशिप मे बिलारी के बिलारी ताईक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने दमखम ,कौशल व जोरदार प्रदर्शन से अपने अपने भार वर्ग मे परचम लहराया जहाँ अंडर-18 गर्ल्स किग्रा मे आकृति सिंह ने स्वर्ण पदक ,फ्रेशर कैटेगरी में मिशिता जैन ने कांस्य पदक, आहना सिंह ने कांस्य पदक एव पुरुष वर्ग में दक्ष पाल ने कांस्य पदक, कैडेट महिला अंडर 37किग्रा मे तनु चौधरी ने रजत पदक, कैडेट महिला अंडर 51किग्रा मे अनायदा चौधरी ने रजत पदक महिला वर्ग मे स्नेहा ने रजत पदक, पुरुष वर्ग मे आरव माथुर ने रजत पदक, वेदांत सिंह ने स्वर्ण पदक, अभिनव प्रजा.



पति ने कांस्य सुब जूनियर कैटेगरी पुरुष अंडर 18 किग्रा मे शौर्या ने स्वर्ण पदक अंडर 29 किग्रा मे अथर्व यादव ने रजत पदककैडेट पुरुष अंडर 37 किग्रा मे यश आर्य ने रजत पदक व कैडेट अंडर 61किग्रा मे गर्व यादव ने रजत पदक जूनियर पुरुषों के भार वर्ग अंडर68 किग्रा मे नकुल जोशी ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा, अकादमी के कोच श्री संदीप कुमार जी को मोमेंटो देकर किया सम्मनित किया गया।

# शिक्षकों ने लिया कर्मयोगी बनने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत सोमवार को शिक्षक चेतना विकास अभियान का सफल आयोजन चन्दौसी इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा की



गई। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे स्वामी कृष्णानंद झा ने भारतीय शिक्षा की 1वास्तविक धारा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। स्वामीजी ने बताया कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति धर्मनिष्ठ शिक्षा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य श्रेष्ठ, चरित्रवान एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण है जो राष्ट्र एवं सृष्टि की सेवा निष्काम और निस्वार्थ भाव से करे। समाज में एकता, समानता और बंधुत्व की भावना को स्थापित करने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि गुरुकुल परंपरा एवं सनातन शिक्षा प्रणाली से जुड़कर स्वयं को जागृत करें, तो ही वे इस अभियान को सफल दिशा दे पाएँगे। साथ ही उन्होंने कहा कि धर्म कोई संप्रदाय नहीं, बल्कि विश्व-नियम, सिद्धांत, नीति, कर्तव्य, न्याय और व्यवस्था का स्वरूप है, जिसका उद्देश्य सज्जनों की रक्षा तथा अधर्मियों का दमन है। स्वामीजी ने आगे कहा कि हर युग में भगवान अवतार लेकर बुराई का अंत करते हैं, किंतु वे आत्मा में चेतना के रूप में प्रकट होते हैं।

अतः हमें पहले अपनी चेतना को परमात्मा से जोड़कर प्रेरित होना चाहिए। शिक्षा के उत्थान, गुरुकुल परंपरा के पुनर्जीवन और समाज निर्माण के लिए कर्मयोगी के रूप में आगे बढ़ना ही आज का महायज्ञ है। कार्यक्रम के दौरान सम्भल जनपद के शिक्षकों को विशेष व्हाट्सएप समूह से जोड़कर इस अभियान को समर्पित भाव से आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया गया। इस प्रेरणास्पद अवसर पर 23 अध्यापकों ने समिति के माध्यम से कर्मयोगी बनकर गुरुकुल आधारित शिक्षा प्रणाली को पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया। यह शिक्षक चेतना विकास अभियान निश्चय ही सम्भल के श्रेष्ठ भविष्य निर्माण में सकारात्मक और ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में भिड़ंत, आधा दर्जन लोग घायल



**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनारी में सोमवार को बच्चों के मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि लाठी-डंडे चल गए। झगड़े में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया, कोतवाली प्रभारी किरणपाल ने बताया, विवाद में शामिल दोनों पक्षों के व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

# सलेमपुर बिजली घर को 11 से चार बजे तक नहीं मिलेगी बिजली

**कांठ( शाह टाइम्स )** विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए आज मंगलवार को सलेमपुर बिजली घर को आने वाली विद्युत लाइन के पास खड़े पेड़ों की छटाई की जाएगी जिसकी वजह से दोपहर 11 से शाम 4 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी एसडीओ ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पेड़ों के कारण सलेमपुर बिजली घर की विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होती है इसलिए सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति किए जाने को लेकर यह कदम जनहित में उठाया जा रहा है। इसके कारण सलेमपुर बिजली घर से पोषित सभी उपभोक्ताओं और किसानों को इस बीच बिजली नहीं मिल पाएगी उन्होंने इस परेशानी को लेकर सबसे सहयोग की अपील की है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'कॅरियर के अवसर के रूप में उद्यमिता और नवाचार' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनावेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने के उद्देश्य से "कॅरियर के अवसर के रूप में उद्यमिता और नवाचार" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन उद्यमशीलता के प्रति भावना विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। कार्यशाला में साउथ दिल्ली स्थित कंपनी 'जाइनों मार्केटर्स' के को-फाउंडर एंड डायरेक्टर श्री ओबेद अराफात रिसोर्स पर्सन रहे।

श्री अराफात ने अपने वक्तव्य में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बाजार की जरूरतों को पहचानने और उन जरूरतों को पूरा करने के लिए अवसर और अभिनव पर जोर दिया। उन्होंने एक मजबूत टीम बनाने के महत्व और स्टार्टअप की सफलता में प्रभावी परियोजना प्रबंधन की भूमिका पर भी विस्तार के साथ चर्चा की। श्री अराफात ने अपनी उद्यमशीलता की यात्रा साझा करते हुए स्टार्टअप इकोसिस्टम में चुनौतियां और अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नेटवर्किंग, डिजिटल मार्केटिंग



का लाभ उठाने और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री अराफात ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों और शंकाओं का संतोषजनक उत्तर देकर उनका समाधान भी किया।

इस मौके पर स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने नवाचार के प्रति अवसरों के बारे में विद्यार्थियों द्वारा उत्सुकतापूर्वक पूछे गए प्रश्नों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता के बारे में अति महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हो, इसलिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन कराए जाते रहेंगे। वहीं आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कार्यक्रम के परिणाम पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईसी और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के बीच सहयोग एक बार फिर लाभकारी साबित हुआ।

उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के बीच एक अभिनव मानसिकता को बढ़ावा देना और उन्हें स्टार्टअप की दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल में परिपूर्ण करना है। सत्र का संचालन स्टूडेंट डेवेलपमेंट सेल की सदस्या सुश्री नम्रता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव व स्टूडेंट डेवेलपमेंट सेल की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग की विशेष भूमिका रही।

इस दौरान प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, आईसीसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेधा भाटिया समेत डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. स्वाति राय एवं स्कूल के अन्य फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे। इस सत्र में स्कूल के विभिन्न विभागों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# सम्पादकीय

**मंगलवार, 4 नवम्बर 2025**

## ट्रम्प का बयान विनाशक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर विवादित और उकसाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता जताई और बताया कि तैयारियां पहले से चल रही हैं। उनके इस बयान से दुनिया सकते में हैं और इसकी आलोचना करते हुए इसे उकसाने वाला बताया है। यदि ट्रंप के बयान में सच्चाई है, तो दुनिया को विनाश से कोई नहीं रोक सकता। क्योंकि इस बात का जिक्र रूस ने अभी तक नहीं किया। रूस का यूक्रेन से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसने अभी तक भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं किया है। ट्रप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार मौजूद हैं, तो फिर वह ऐसे बयान क्यों दे रहा है। वह अपने आप को खतरा मान रहा है, या दुनिया को जलाने की कोशिश कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। 60 मिनट के साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है, जो ऐसा नहीं कर रहा है। रूस और चीन परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वे इस बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, हम अलग हैं, हम इस बारे में बात करते हैं। हमें इस बारे में बात करनी ही होगी क्योंकि वरना आप लोग रिपोर्ट करेंगे। उनके पास ऐसे पत्रकार नहीं हैं, जो इस बारे में लिखें। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं और दूसरे भी परीक्षण करते हैं और निश्चित रूप से उत्तर कोरिया परीक्षण कर रहा है, पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। ट्रंप का ये बयान तब सामने अया, जब उनसे रूस द्वारा हाल ही में पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन सहित उन्नत परमाणु-सक्षम प्रणालियों के परीक्षणों के 30 से अधिक वर्षों बाद परमाणु हथियारों का विस्फोटष्करने के उनके फैसले के बारे में पूछा गया। मगर इस बयान में पाकिस्तान का नाम लेना ये साबित करता है कि अमेरिका उसे अपने सबसे बड़े दुश्नमनों की श्रेणी में रख रहा है। हाल में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर ने ट्रंप से कई मुलाकातें की हैं और संबंधों को ठीक करने की कोशिश की है, मगर ट्रंप ने ये बयान देकर उन्हें फिर झटका दे दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में हलचल मच गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है।

## अपमान मंत्रालय स्थापित करे केंद्र



बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है, पिछले 20 वर्षों से बिहार की चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चला रहे हैं।,जब आपकी चुनी हुई सरकार को केंद्र से सम्मान नहीं मिलता, तो जनता का सम्मान कैसे बचेगा, केंद्र सरकार को अपमान मंत्रालय स्थापित करना चाहिए, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को हर मुद्दे पर दोषी ठहराकर उनका अपमान करने में अपना समय बर्बाद करते हैं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

## विकास की चमक और सच का अंधेरा



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष दो हजार पंद्रह में अपनाया था और इन्हें दो हजार तीस तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया था। यानी पंद्रह वर्षों का यह कार्यक्रम अब अपने अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है। भारत सरकार ने इसकी जवाबदेही वर्ष दो हजार अठारह से तय करनी शुरू की। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय सूचकांक के अनुसार, वर्ष दो हजार अठारह में भारत का औसत अंक सत्तावन था। वर्ष दो हजार इक्कीस.तेईस में यह बढ़कर छियासठ हुआ और हालिया रिपोर्ट दो हजार चौबीस में बहत्तर के आसपास पहुंच गया। सरकार इन आंकड़ों को यह प्रमाण बताती है कि देश अपने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यदि इन अंकों के पीछे झांका जाए तो एक दूसरा सच सामने आता है। विकास की यह चमक बाहर से भले तेज दिखाई दे, भीतर से यह कई सवाल उठाती है। क्या यह विकास वास्तव में मानव और प्रकृति के हित में है? क्या यह हमारे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रख रहा है? और क्या यह विकास जनभागीदारी पर आधारित है या केवल पूंजी और उद्योग केंद्रित? आज का विकास मॉडल मुख्यत: ढांच. ागत निर्माणों और आर्थिक उत्पादन पर टिक गया है। बड़े-बड़े राजमार्ग, बांध, औद्योगिक परियोजनाएं और खनन को प्रगति का प्रतीक बताया जा रहा है। किंतु इनसे स्थानीय पारिस्थितिकी, जल स्रोत, मिट्टी और जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। शोध बताते हैं कि राजमार्गों के आसपास पांच सौ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक का क्षेत्र प्रदूषित होता है, वृक्ष कटते हैं और वायु में कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। यह विकास का वह रूप है जिसमें धरती का संतुलन दांव पर लगा है। इस बीच एक और भ्रम फैलाया जा रहा है कि विद्युत चालित वाहन या सौर ऊर्जा से संचालित उद्योग पूरी तरह पर्यावरण-हितकारी हैं। जबकि सच यह है कि इनकी बैटरियों में प्रयुक्त लिथियम और अन्य तत्वों का कचरा अत्यंत हानिकारक होता है। इसका निस्तारण आज भी पूरी तरह सुरक्षित व्यवस्था से नहीं हो पा रहा है। यानी हर नई तकनीक अपने साथ एक नया संकट भी लेकर आती है। सरकार जब एथनॉल उत्पादन की बात करती है तो यह तर्क दिया जाता है कि इससे पानी की खपत बहुत बढ़ जाएगी। लेकिन यह अर्धसत्य है। एथनॉल उत्पादन में प्रयुक्त गन्ना और मक्का जैसी फसलें वर्षा पर आधारित होती हैं और यदि ए उद्योग अपने संयंत्रों में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (ईटीपी) लगाएं तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें तो पानी का पुन: उपयोग संभव है। इससे जल.व्यय नहीं, बल्कि जल.संरक्षण होगा। यही सच्चा समाधान है, न कि एथनॉल उत्पादन को रोकना। यहां सवाल उठता है कि गांधी जी के नेतृत्व में जब स्वाधीनता की लडाईयां लडी जा रही थी तब क्या आजाद भारत की परिकल्पना में किसी भावी विकास माडल को भी शामिल किया गया था तो हम पाते हैं कि महात्मा गांधी ने जब स्वाधीन भारत के विकास की परिकल्पना की थी, तब उसका मूल आधार स्वराज था, ऐसा स्वराज जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति तीनों के सामंजस्य से निर्मित हो। गांधी जी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना रखी, उसमें प्रत्येक ग्राम आत्मनिर्भर और उत्तरदाई इकाई के रूप में सोचा गया था। यह विचार केवल प्रशासनिक नहीं था, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक था। स्वतंत्रता के बाद अनेक आयोगों जैसे बलवंत राय मेहता समिति, अशोक मेहता समिति , एल एम सिंघवी आयोग और बाद में जीवीके राव समिति ने ग्रामीण स्वराज की इस अवधारणा को संस्थागत रूप देने की सिफारिश की परंतु यह सपना कई दशकों तक अधूरा रहा। अंतत: वर्ष उन्नीस सौ ब्यानबे में संविधान के तिहत्तरवें संशोधन के रूप में पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन ने न केवल ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए, बल्कि यह सिद्ध किया कि भारत में लोकतंत्र का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब उसका आधार गांव हो। फिर भी यह प्रक्रिया अब भी अध. ूरी है। कई राज्यों में पंचायतों की स्वायत्तता व्यवहार में सीमित रह गई है। योजनाएं ऊपर से थोपे गए प्रारूप में चलती हैं और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की शक्ति कमजोर पड़ी है। यही कारण है कि आज जब सतत विकास की बात होती है, तो उसके केंद्र में जो ग्राम स्वराज की आत्मा होनी चाहिए थी, वह कहीं खो गई प्रतीत होती है। वास्तव में सतत विकास का आधार स्थानीय भागीदारी है। हमारे संविधान के तिहत्तरवें संशोधन ने ग्राम पंचायतों को जो स्वायत्तता दी है, वही इस दिशा का सबसे सशक्त साधन है। यदि ग्राम सभाएं अपने स्तर पर योजनाएं बनाएं, स्थानीय जल स्रोतों का प्रबंधन करें और पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दें, तो यह विकास दीर्घकालिक और लोकहितकारी होगा परंतु आज नीतियां उलटी दिशा में जा रही हैं वन कानून, सीमा कानून और खनन संबंधी संशोधनों ने ग्राम स्वराज की भावना को कमजोर किया है। जरूरत इस बात की है कि विकास की नीति में पुनर्विचार हो। आंकड़ों की तालिकाओं और स्कोर कार्ड से आगे बढ़कर यह देखा जाए कि धरातल पर क्या हो रहा है। कितनी नदियां सूख रहीं, कितने जंगल कट रहे हैं, और कितने गांव प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं यह भी विकास के मापदंड का हिस्सा बने। कार्बन क्रेडिट से मिलने वाले धन का उपयोग वृक्षारोपण और जल संरक्षण में किया जा सकता है। उद्योगों को बाध्य किया जाए कि वे अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण करें और प्रदूषण को न्यूनतम स्तर पर लाएं। स्थानीय पंचायतों को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त किया जाए, ताकि विकास का अर्थ केवल इमारतें खड़ी करना न रह जाए, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना बने। अंतत: यही कहा जा सकता है कि सच्चा विकास वही है जो गांव से शुरू हो, गांव के लिए हो और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर हो। यदि हम केवल अंक बढ़ाने की होड़ में लगे रहेंगे तो आने वाले वर्षों में ए अंक हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और अस्तित्व की कीमत पर लिखे जाएंगे। विकास का अर्थ तभी पूर्ण होगा जब उसकी चमक के साथ सच की रोशनी कायम रहे।

### डेटा इनबॉक्स: सतत विकास संकेतक (सारांश)

भारत ने सन् दो हजार पन्द्रह में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया था, जिनकी समय सीमा सन् दो हजार तीस तक निर्धारित है। नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार भारत का समेकित स्कोर सन् दो हजार अठारह में सत्तावन, सन् दो हजार इक्कीस में छियासठ और सन् दो हजार तेईस-चौबीस में बहत्तर अंक तक पहुंचा है। राज्यों के स्तर पर यह अंक सीमा सत्तावन से उन्यासी के बीच रही, जिसमें केरल और उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे। जबकि बिहार और झारखंड इसके निम्नतम स्तर पर। रिपोर्टों में स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और जल संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्थानीय पारिस्थितिकी पर विकास परियोजनाओं के नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर हाल की रिपोर्टों में भारत की स्थिति लगभग निन्यानवेवें स्थान के आसपास दर्ज की गई है, जो सुधार की दिशा में संकेत देती है परंतु चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं।

(स्रोत-नीति आयोग की एसडीजी इंडिया रिपोर्ट 2018, 2020-21, 2023-24 तथा सतत विकास रिपोर्ट 2025)

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## द ताज स्टोरी: मुगल इतिहास को गढ़ने की नाकाम कोशिश



**एम हसन**

दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, हिंदी फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। पीड़ा भरी दृष्टि भारत के गौरवशाली अतीत को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली कहीं से भी उभरती रहेंगी। तो विभाजन अपेक्षित सीमा पर है। आगरा में दक्षिणपंथी संगठन ताज नगरी के फिल्म प्रेमियों को मुफ्त सिनेमा टिकट देकर फिल्म द ताज स्टोरी का प्रचार करने के लिए आगे आए हैं। फिल्म में तेजो महल वाले दृश्य का स्वागत करते हुए, इन संगठनों ने सिनेमा देखने वालों को अतिरिक्त लॉलीपॉप देने की भी पेशकश की है। दक्षिणपंथी अनुयायियों के लिए यह वास्तव में कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स वाला दृश्य है।

हालांकि मुख्य अभिनेता परेश रावल ने दावा किया है कि फिल्म का उद्देश्य सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करना नहीं है और यह पर्यटन को बढ़ावा देगी, लेकिन इसका लहजा और भाव निश्चित रूप से इस दिशा में प्रतिबिंबित नहीं होता है। जब से तथाकथित इतिहासकार पीएन ओक ने 1989 में अपनी पुस्तक ताज महल द ट्रू स्टोरी में ताज महल को मूलत: एक हिंदू मंदिर बताने के लिए तेजो महालय षड्यंत्र सिद्धांत पेश किया, जिसमें उन्होंने कहा कि ताज महल मूलत: एक हिंदू मंदिर था, जिसे बाद में मुगलों ने अपने कब्जे में ले लिया, तब से ऐसे सिद्धांतों के दावेदारों की कोई कमी नहीं रही है और फिल्म उद्योग भी इन लोगों को समर्थन दे रहा है। गौरतलब है कि सिर्फ ताज महल ही नहीं है जिसकी पुरातात्विक सत्यता पर दशकों से कई मामले अदालतों में दायर होने के साथ सवाल उठाए जाते रहे हैं, सिनेमा उद्योग ने कई ऐसे मुगल पात्रों को उजागर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो इतिहास में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। 1960 के दशक की महान फिल्म मुगल-ए-आजम या 2008 की जोधा अकबर या सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का प्रतिनिधित्व करने वाली सल्तनत काल पर बनी फिल्म पद्मावत। मध्यकालीन इतिहास के जाने-माने इतिहासकारों का मानना है कि प्रामाणिक इतिहास स्रोतों ने जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) या अनारकली (राज. कुमार सलीम की दासी) की प्रेम कहानी जैसे किसी व्यक्ति के बारे में संकेत नहीं दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रमुख इतिहासकार और भारतीय इतिहास कांग्रेस के सचिव प्रोफेसर अली नदीम रेजवी ने कहा कि हिंदी ऐतिहासिक फिल्में कभी भी वास्तविक, जीवित अतीत का दूर-दूर तक आह्वान नहीं करती हैं। न ही निर्माताओं ने उस काल को समझने के लिए पेशेवर इतिहासकारों की मदद लेना आवश्यक समझा जिसमें वे अपनी फिल्में सेट करते हैं। बिना किसी अपवाद के, सभी निर्देशकों की मूल चिंता केवल एक ऐसी कहानी पर फिल्म बनाना प्रतीत होती है जो बिक जाए, न कि इसे अतीत में वास्तव में क्या हुआ या हो सकता है, उसके अनुरूप बनाना।ऐसा नहीं है कि परेश रावल ताजमहल पर पहली फिल्म बनाने वाले पहले व्यक्ति हैं। ऐसी कई फिल्में बनी हैं- ताजमहल (1941), मुमताज महल (1944), ताजमहल (1963) और ताजमहल- एन इटरनल लव स्टोरी (2005), लेकिन ये सभी आगरा में इस महान स्मारक के निर्माण के लिए प्रेरित महिला और शाही प्रेम पर केंद्रित थीं। हालांकि ये फिल्में उस दौर की थीं जब ऐतिहासिक प्रामाणिकता का पूरा ध्यान रखा जाता था और निर्माता मूल अवधारणा के साथ न्याय करने की कोशिश करते थे। पिछले एक दशक में बदली हुई मानसिकता और मनगढ़ंत कहानियों और मिथकों को मूल और प्रामाणिक इतिहास के रूप में प्रस्तुत करने के साथ, फिल्म उद्योग भी इस ओर आकर्षित हो रहा है। ताजमहल के निर्माण का जिक्र करते हुए प्रोफेसर रेजावी ने कहा, उस काल के प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं कि इस मकबरे का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां के काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि किसी अन्य मुगल इमारत के इतने दस्तावेज-रिकॉर्ड नहीं हैं जितने ताजमहल के हैं। प्रोफेसर रेजवी ने कहा कि एक फरमान उपलब्ध है जिसमें मिर्जा जय सिंह को लिखा गया था कि उनके दरबारी वास्तुशास्त्रियों ने उन्हें बताया है कि नदी के किनारे जिस स्थान पर आपका जय सिंह महल है, वह मकबरा बनाने के लिए उपयुक्त है। आप इसे हमें दे दें और हम आपको पर्याप्त मुआवजा देंगे। जय सिंह तुरंत सहमत हो गए और उस महल के बदले, जिस पर 22 वर्षों की अवधि में ताजमहल का निर्माण हुआ, सम्राट ने उन्हें उसी क्षेत्र में चार बड़े महल और अन्य विशाल संपत्तियां दीं, प्रोफेसर रेजावी कहते हैं, यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि स्मारक के निर्माण से पहले वहां एक शिव मंदिर मौजूद था।



उन्होंने कहा कि जयपुर में मान सिंह जय सिंह के वंशज संग्रहालय में उपलब्ध 1720 के आगरा के नक्शे में मौके पर किसी मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है, लेकिन मुमताज महल के मकबरे के बारे में स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है। प्रोफेसर रेजावी ने आगे कहा कि पूरे क्षेत्र को मुमताजाबाद के रूप में जाना जाने लगा और बाद में वर्तमान ताजगंज के रूप में जाना जाने लगा। निर्माण सामग्री के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि बीकानेर संग्रहालय में पांडुलिपियों के रूप में विस्तृत रिकॉर्ड हैं जिनमें पत्थर, संगमरमर, श्रम और अन्य चीजों की आपूर्ति के बारे में उल्लेख है जो शाही आदेश पर आगरा को आपूर्ति की गई थीं। स्मारक के पुरातत्व के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि यह दो संस्कृतियों का मिश्रण था। भारतीय और मुगल वास्तुकला। दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। इस तरह की विकृत दृष्टि भारत के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली सामने आती रहेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट





**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार के चुनावी गणित को देखें तो यहां दो परि. श्य गौर करने लायक है। एक तो यह कि यहां लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोटरों का रुझान बिल्कुल अलग है खास तौर पर भाजपा के लिए।दूसरा यह कि बिहार में कम्युनिस्ट दलों का वर्चस्व अभी भी कायम है। पहले बिहार के लोकसभा व विधानसभा के चुनावी अंकगणित पर गौर करते हैं। 2004 के चुनावों से देखें तो यह तस्वीर साफ नजर आती है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में वोटर का मूड भिन्न होता है। विधानसभा चुनाव में किसी भी अकेले दल को सत्ता की चाभी नहीं थमाती।

वह क्षेत्रीय दलों को तरजीह तो देती है लेकिन बहुमत से दूर रखती है। वह चाहे जदयू हो या आरजेडी। 2004 में लोकसभा की मात्र 5 सीट जीतने वाली भाजपा 2005 के विधानसभा चुनाव में 37 सीट जीत लेती है। लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत भी इनका बढ़ जाता है। 2009 में लोकसभा की 12 सीट जीतने वाली भाजपा को 2010 के विधानसभा चुनाव में इसे 91 सीट पर सफलता मिलती है। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जब 22 सीट जीतती है तो 2015 के विधानसभा चुनाव में इसे मात्र 53 सीटों पर ही कामयाबी मिलती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटें जीतती है तो 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे 74 सीटों पर सफलता मिलती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 12 सीटों पर जीती है। अब 2025 के इसी महीने में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के हिस्से में कितनी सीटें आती है,यह देखना है। मैदान में यूं तो कई क्षेत्रीय दल भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में ही है। सबसे दिलचस्प यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुद को महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे बनाए जाने का भय सता रहा है ऐसे में उनके वोटर चिराग पासवान की पार्टी के साथ खेल न कर दें,यह आशंका भी बना हुआ है। नीतीश कुमार की यह आशंका और बलवती हुई होगी जब प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी ने कांग्रेस के ष्कनपटी पर कट्टा रखकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने को मजबूर किया है। मोदी की इस टिप्पणी के बाद नीतीश कुमार और उनके समर्थक इस बात को लेकर भयभीत हैं कि इसका मतलब एनडीए में जो मोदी चाहेंगे वहीं होगा। अर्थात पर्ची वाला भी मुख्यमंत्री हो सकता है। वोटरों की चुप्पी के बीच चुनाव बाद किस गठबंधन को कितनी सीटें हासिल होती है यह तो अहम है ही लेकिन सरकार किसके नेतृत्व में बनती है यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

बिहार विधानसभा चुनाव का जो दूसरा परि.श्य है वह कम दिलचस्प नहीं है। उत्तर भारत के प्रदेशों में कम्युनिस्ट दलों का लगभग खात्मा हो चुका है लेकिन बिहार इससे अछूता है। 2020 के विधानसभा में इस दल के 12 विधायक थे। अभी जो चुनाव चल रहा है उसमें भाकपा माले इंडिया गठबंधन का बड़ा साझेदार है। इसके 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। ए भले ही कम सीटों पर लड़ते हैं, जीतने का इनका स्ट्राइक रेट बढ़िया होता है। पिछले चुनाव में इस दल के दो चार उम्मीदवार बहुत मामूली वोटों से हारे थे या हरा दिए गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाकपा माले की हारी हुई एक सीट भोरे भी है जहां से इस बार जेएनयू छात्रसंघ के प्रेसिडेंट रहे 29 वर्षीय धनंजय को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भोरे विधानसभा क्षेत्र पश्चिमी बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित है। बिहार का यह जिला यूपी के देवरिया और कुशीनगर से सटा हुआ है। गोपालगंज जिले का भोरे विधानसभा क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में कम्युनिस्ट उम्मीदवार रहे जितेन्द्र पासवान बिहार के डीजीपी रहे जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार से 472 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव हारे थे। स्थानीय लोगों ने इस चुनाव परिणाम को संदिग्ध माना था। इस बार फिर पार्टी ने जितेन्द्र पासवान को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें नामांकन के दिन ही 2017 के एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया लिहाजा वे नामांकन नहीं दाखिल कर पाए। जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी के बाद माकपा ने जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय को उम्मीदवार बनाया है। इधर जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी को जदयू उम्मीदवार की हार के डर से प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया गया और इसके पीछे जेडीयू उम्मीदवार सुनील कुमार और नीतीश कुमार का हाथ माना गया। मात्र 472 वोटों से जीतने वाले पूर्व डीजीपी सुनील कुमार नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री थे। यूपी सीमा से सटे बिहार के इस विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बेहद दिलचस्प है क्योंकि यहां जेडयू उम्मीदवार सुनील कुमार जैसे धनबलि के मुकाबले जनता मैदान में हैं। रिटायर्ड आईपीएस सुनील कुमार 1987 बैच के आईपीएस हैं। 2020 में वे पहली बार जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। फिर बिहार के शिक्षा मंत्री बने। 1997 में यहां माले कार्यकर्ता उमेश पासवान की हत्या के बाद यह क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ बन गया। यहां के गरीब और दलित लोग कम्युनिस्ट विचारधारा से लैस हैं। इनके अंदर उमेश पासवान की हत्या और 2020 में जितेन्द्र पासवान की चुनाव में हार की ज्वाला धधक रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि बिहार के शिक्षा मंत्री रहे सुनील कुमार चुनाव हार रहे हैं, हां उनकी जीत आसान भी नहीं है। पूरे बिहार में भाकपा माले के सीटों की अच्छी पोजीशन देख इस बार भी इनका स्ट्राइक रेट कांग्रेस से अच्छा हो तो कोई आश्चर्य नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक-तुर्की ने जल सहयोग समझौते के लिए किए हस्ताक्षर

**बगदाद।** इराक और तुर्की ने रविवार को जल सहयोग समझौते के क्रियान्वयन के लिए एक कार्यकारी तंत्र पर हस्ताक्षर किया। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे इराक में जल संकट के स्थाई समाधानों में से एक कहा। प्रधानमंत्री अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस समझौते पर इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन और उनके तुर्की समकक्ष हकान फिदान ने हस्ताक्षर किए। इराकी प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस समझौते को जल क्षेत्र में संयुक्त प्रमुख परियोजना पैकेजों के माध्यम से लागू किया जाएगा।

### इराक संसदीय चुनाव को समर्थन देने का लिया संकल्प

**बगदाद।** इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद अल हसन ने इराक में 11 नवम्बर को होने वाले संसदीय चुनावों को समर्थन देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह जानकारी इराकी विदेश मंत्रालय ने दी। इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ अपनी बैठक में हसन ने चुनावी प्रक्रिया में इराक के लिए अपना समर्थन जारी रखने और राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है जबकि पांच लापता हैं और 78 अन्य घायल हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा एवं बांध प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार 12600 से अधिक घर अभी भी जलमग्न हैं, जबकि 103 अन्य नष्ट हो चुके हैं या बह चुके हैं। 451 मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बाढ़ के कारण लगभग 7900 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जलमग्न हो गई हैं, 64000 से अधिक पशुधन एवं मुर्गियां मर गई हैं, तथा सिंचाई प्रणालियों और नदी तटों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### ट्रेन में चाकू से हमला करने वाला एकमात्र संदिग्ध: ब्रिटिश पुलिस

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने रविवार को कहा कि पूर्वी इंग्लैंड में शनिवार शाम एक ट्रेन में चाकू से हमले करने की घटना में 32 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को एकमात्र संदिग्ध माना जा रहा है। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि उन्होंने एक 32 वर्षीय व्यक्ति और एक 35 वर्षीय व्यक्ति ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में 35 वर्षीय व्यक्ति को बिना किसी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि 32 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

# पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर रोक

## अमेरिकी जज ने फिर लगाई ट्रम्प प्रशासन को फटकार



अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओरेगन की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला है।

यह आदेश अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इम्मरगट ने दिया, जो खुद राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नियुक्त जज हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि संघीय कानून के तहत सेना की घरेलू तैनाती के लिए जरूरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होतीं। कोर्ट ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन ने यह कदम इस साल की शुरुआत में तब उठाया था जब पोर्टलैंड और अन्य शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट आफिस के बाहर प्रदर्शन हो रहे थे। राज्य सरकार और शहर प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ सितम्बर में अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब जज इम्मरगट ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि हालात बेकाबू थे। यह फैसला तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया, जिसमें दोनों पक्षों ने 750 से अधिक साक्ष्य अदालत में पेश किए। अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी। यह मामला अमेरिका के कई शहरों में ट्रम्प प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती से जुड़ी कानूनी खींचतान का हिस्सा है। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने कहा था कि वह 200 नेशनल गार्ड जवानों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में लेकर पोर्टलैंड में भेजेगा ताकि संघीय संपत्तियों की रक्षा की जा सके। यह निर्णय तब लिया गया जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने शहर को 'युद्धग्रस्त' बताया था। ओरेगन के अधिकारियों ने इस बयान को हास्यास्पद बताया और कहा कि शहर को किसी सैन्य हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पोर्टलैंड में हाल के विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ब्लॉक के क्षेत्र तक सीमित थे और उनमें कुछ ही दर्जन लोग शामिल होते थे। इस पर अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का आदेश संविधान और उस संघीय कानून का उल्लंघन है, जो सामान्य परिस्थितियों में सेना को घरेलू कानून लागू करने से रोकता है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से 20 की मौत 320 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार- ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गई और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम- दक्षिण-पश्चिम में रहा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मजार-ए-शरीफ और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में सैकड़ों घायल लोगों को भर्ती कराया गया है तथा प्रभावित इलाके में बचाव दलों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया की शुरुआती रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 10 बताई गई थी।



कोलकाता। कार्यस्थल पर हिंसा की घटनाओं के विरोध में विभिन्न अस्पतालों की नर्सें विरोध मार्च में भाग लेती हुई।

## भारत ने बहरीन के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और फिनटेक क्षेत्र में साझेदारी की संभावना पर बल दिया

**नई दिल्ली।** भारत ने बहरीन के साथ अंतरिक्ष, फिनटेक और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना बताते हुए उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और संयुक्त कार्य समूह के गठन पर जोर दिया है। भारत ने गाजा शांति योजना के प्रति अपने समर्थन को भी दोहराते हुए उम्मीद जताई है कि इससे समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए बहरीन के विदेश मंत्री डा. अब्दुल्लातिफ़ बिन राशिद अलज़यानी के साथ सोमवार को यहां पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और बहरीन के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जो व्यापारिक और लोगों के बीच परस्पर मज़बूत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और अपने साझा क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य और प्रतिबद्धता में भी विश्वास करते हैं।

# हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक बम

## राष्ट्रपति ने कहा: पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा, रूस-चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग जारी



भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा दोहराया, अगर मैं बीच में नहीं आता, तो लाखों लोग मारे जाते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान एक इंटरव्यू में दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रम्प पहले ही रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ट्रम्प ने कहा भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खड़े होकर बोले थे, अगर मैं बीच में नहीं आता तो लाखों लोग मारे जाते। ट्रम्प ने कहा कि उनकी दखल के बाद ही हालात शांत हुए और दोनों देशों के बीच लड़ाई नहीं बढ़ी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने यह दावा किया हो। वे अब तक 70 से ज्यादा बार यह दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते साउथ कोरिया में दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। ट्रम्प ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसने ताइवान पर हमला किया, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, अगर ताइवान पर हमला हुआ तो वह (शी जिनपिंग) जानते हैं कि इसका जवाब क्या होगा। उन्होंने हमारी मुलाकात में इस पर बात नहीं की, क्योंकि वह नतीजे जानते हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि जब तक ट्रम्प राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन ताइवान को अपने नियंत्रण में लेने की कोई सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। ट्रम्प का दावा है कि उनके पहले कार्यकाल में चीन ने कभी ताइवान पर हमले की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि उसे अमेरिका की सख्त प्रतिक्रिया का डर था। पुतिन और जिनपिंग: ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की है। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि पुतिन और शी जिनपिंग में से किससे निपटना ज्यादा मुश्किल है, तो उन्होंने कहा दोनों कठिन हैं, दोनों स्मार्ट हैं। ये वो लोग हैं जिनसे खेला नहीं जा सकता। ये मजाक के लिए नहीं बैठे होते। ये गंभीर और मजबूत नेता हैं। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि अगर अमेरिका फिर से परमाणु परीक्षण नहीं करेगा तो उसका परमाणु हथियार भंडार कमजोर पड़ सकता है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि बिना धमाका किए भी आधुनिक तकनीक से हथियारों की स्थिति जांची और उन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। 2017 में यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के अर्थशास्त्री कीथ मेयर्स की एक रिसर्च के मुताबिक अमेरिका में पहले हुए परमाणु परीक्षणों से निकले रेडिएशन की वजह से लगभग 6.9 लाख अमेरिकी नागरिकों की मौतें हुईं या उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा। 21वीं सदी में अब तक केवल उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण किए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार किम जोंग पर दबाव बनाते रहे हैं कि वह परमाणु हथियार छोड़ दे और शांतिपूर्ण समझौते की दिशा में बढ़े। ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं।

## अमेरिका में शटडाउन पर गतिरोध 33वें दिन भी जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन को लेकर अभी भी गतिरोध बना हुआ है और अब यह छठे हफ्ते में पहुंच गया है। शटडाउन के चलते अमेरिका में लाखों अमेरिकियों को मिलने वाली खाद्य सहायता बंद हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन नेताओं पर सीनेट के नियमों में बदलाव का दबाव डाल रहे हैं, जिसके चलते शटडाउन अभी और खिंच सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प ने सीनेट के बहुमत दल के नेता जान थून और हाउस स्पीकर माइक जानसन से बात की है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सीनेट की एक प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म कराने की मांग कर रहे हैं। दरअसल फिलिबस्टर एक अनौपचारिक शब्द है, जिसे किसी बिल या दूसरे मामले पर सीनेट की कार्रवाई को रोकने या उसमें देरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बिल पर लंबी बहस, कई प्रक्रियात्मक प्रस्ताव को पेश करने या कोई भी दूसरी देरी करने वाली या रुकावट वाली कार्रवाई शामिल है। ट्रम्प इस प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि सीनेट में सामान्य बहुमत से कानून पारित हो सकेंगे और कोई अल्पसंख्यक दल किसी विधेयक को नहीं रोक पाएगा। गौरतलब है कि ट्रम्प की अपनी पार्टी के नेता ही ट्रम्प की इस पहल को खारिज कर रहे हैं।

## पुतिन-ट्रम्प बैठक की तुरंत तैयारी करने की आवश्यकता नहीं: क्रेमलिन

**मास्को।** क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच जल्द बैठक आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को जारी एक साक्षात्कार में कहा कि इस तरह की बैठक की तैयारी तुरंत करना संभव है लेकिन इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। पेस्कोव ने कहा कि इस समय, यूक्रेन समझौता समस्या पर बहुत सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेता जल्द ही हंगरी के बुडापेस्ट में मिलेंगे। 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने नियोजित बैठक को रद्द कर दिया है और कहा कि बैठक मुझे ठीक नहीं लगी और ऐसा नहीं लगा कि हम उस स्थान पर पहुंच पाएंगे जहां हमें पहुंचना चाहिए। इससे पहले राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि बुडापेस्ट में होने वाली बैठक रद्द होने की बजाय स्थगित होने की ज्यादा संभावना है।

## इजरायल ने हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त किए

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने कहा है कि उसे गाजा में हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत शवों के आदान-प्रदान की जारी प्रक्रिया का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अवशेषों को गाजा पट्टी में इजरायली बलों को सौंप दिया है और उन्हें पहचान के लिए तेल अवीव के राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद परिवारों को आधिकारिक सूचना दी जाएगी। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो आठ बंधकों के शव अभी भी गाजा में रहेंगे, जबकि युद्धविराम के अंतर्गत हमास को युद्ध में मारे गए 360 फिलिस्तीनियों के शवों के बदले में 28 बंधकों को इजरायल को वापस सौंपना है। हमास के अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि ये शव खान यूनिस के पूर्व में दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सुरंग से बरामद किए गए। उन्होंने एक की पहचान कर्नल आसफ हमामी के रूप में की, जो एक इजरायली अधिकारी थे और सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज़ निरिम की रक्षा करते हुए हमास के हमले में मारे गए थे।

## ब्राजील में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत

**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील के टोकांटिस राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। टोकांटिस पुलिस के अनुसार, विमान शनिवार रात फातिमा नगरपालिका के ऊपर उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि विमान के 56 वर्षीय पायलट डायोमेडियो आयर्स दा सिल्वा फिल्हो की मौत हो गई तथा विमान में सवार अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

## यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रॉन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है

**कीव।** यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, लेकिन उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि उसकी सैन्य जरूरतों के लिए नए पैट्रियट सिस्टम की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। यह डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्मित होते हैं। इस बीच रूस ने रविवार से सोमवार की रात तक 12 मिसाइलें और 138 ड्रोन यूक्रेन पर दागे। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, कई मिसाइलें नष्ट की गईं, लेकिन कुछ ने तबाही मचाई। उत्तरपूर्वी सूमी क्षेत्र में एक घर पर रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव ने कहा कि रूस ने जानबूझकर रात में सो रहे लोगों को निशाना बनाया। मध्य यूक्रेन के डनिप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले से एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हुआ। दक्षिणी माईकोलाइव क्षेत्र में भी रूसी ड्रोन ने ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचाया। नाटो लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई का समन्वय कर रहा है, जबकि यूरोपीय देश और कनाडा अमेरिकी हथियारों की खरीद कर मदद पहुंचा रहे हैं। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन को हथियार न देने का फैसला किया है, जबकि पिछली बाइडन सरकार लगातार सैन्य सहायता देती रही थी।

# ट्रम्प की लोकप्रियता एक साल में ही 18 प्रतिशत गिरी

## आंकड़ा ओबामा-बाइडन से भी कम, न्यूयॉर्क चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति का लिटमस टेस्ट होगा



एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा चुने जाने को 5 नवम्बर को एक साल पूरा होने जा रहा है। लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 4 नवम्बर 2025 को उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट होने वाला है। इस दिन न्यूयार्क सिटी अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे।

पिछले एक साल में ट्रम्प की नेट अप्रूवल रेटिंग नवम्बर की शुरुआत में 18 प्रतिशत तक गिर चुकी है। जो ओबामा और बाइडन दोनों के पहले वर्ष से काफी नीचे है। ओबामा के पहले वर्ष के अंत में यह 3 प्रतिशत और बाइडन के कार्यकाल में 7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं। यह चुनाव तय करेगा कि ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया है। न्यूयार्क मेयर के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरें हैं। वे न्यूयार्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार में न सिर्फ शहर की बढ़ती रहने की लागत को मुद्दा बनाया है, बल्कि अमीरों पर टैक्स लगाकर गरीब तबकों के लिए आवास की योजनाएं देने का वादा किया है। ममदानी 14 प्रतिशत के बड़े अंतर से आगे हैं। ट्रम्प ने ममदानी को लेकर चेतावनी दी है कि अगर वे मेयर बने तो न्यूयार्क की संघीय सहायता फंडिंग बंद कर देंगे। न्यूयार्क मेयर के लिए ममदानी का मुकाबला 67 वर्षीय पूर्व गवर्नर एंड्रयू कूमो से है। कूमोड़ 4 साल पहले यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण इस्तीफा दे चुके हैं। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें रिपब्लिकन और सेंट्रिस्ट का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी पार्टी के बजाय कूमो का समर्थन किया क्योंकि वे ममदानी को रोकना चाहते हैं। न्यूयार्क डेमोक्रेट का गढ़ है। उनका दबदबा रहा है। ट्रम्प ने कूमो को सामरिक और अनुभव संपन्न बताया है, कूमो पर भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगे रहे हैं।

## जॉर्डन में देशव्यापी नशा-विरोधी छापेमारी, 13 संदिग्ध गिरफ्तार

**अम्मान।** जॉर्डन के एंटी-नारकोटिक्स विभाग (एएनडी) ने पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सात अवैध मादक पदार्थ मामलों में 13 वांछित संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने दी। एक मामले में, एएनडी अधिकारियों ने तस्करी के तीन प्रयासों को विफल कर दिया। अधिकारियों ने जाबेर सीमा पार से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जो अपनी गाड़ी के एक गुप्त जगह में 80000 नशीली गोलियां छिपाकर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। मादक पदार्थ प्राप्त करने वाले एक अन्य संदिग्ध को बाद में गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में, देश के बाहर के सहयोगियों के साथ मिलकर 44000 नशीली गोलियों की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ये दवाइयां जाबेर सीमा पार के पास एक भंडारण स्थल से ज़ब्त की गईं और मुख्य संदिग्ध को सुरक्षा छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। तस्करी के तीसरे मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108